WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक **नव प्रदेश** — आदित्यवर्णं तमसः परस्तात् — प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

रायपुर, मंगलवार, 23 जुलाई 2024 / श्रावण कृष्ण पक्ष द्वितीया 2081 / वर्ष-13 अंक- 153 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शिगूफे छोड़कर चर्चा में बने हुए हैं। पहले उन्होंने मानसून ऑफर दिया। जिसे किसी ने तवज्जों नहीं दी। अब उन्होंने लंबी छोड़ी है कि केन्द्र में सत्तारूढ़ एनडीए की सरकार कुछ ही दिनों की मेहमान है। वह कुछ दिनों के लिए ही आई है और जल्द ही गिर जाएगी। फिर नकारात्मक सोच वाली सरकार के बाद सकारात्मक सोच वाली सरकार बनेगी। सपने देखने पर कोई टैक्स तो नहीं है। देखें मुंगेरीलाल की तरह हसीन सपने। वैसे भी सावन का महीना है। कुछ लोगों को हरा -हरा ही सूझ सकता है।

केंद्र ने आरएसएस पर लगा 58 साल पुराना प्रतिबंध हटाया

कांग्रेस-बीजेपी की जुबानी जंग के बीच, आरएसएस ने फैसले को सराहा

वैचारिक आधार पर कर्मचारियों का राजनीतिकरण करना चाहते हैं मोदीः खड़गे

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों के भाग लेने पर लगे 58 साल पुराने प्रतिबंध को हटा लिया है। अब सरकारी कर्मचारी आरएसएस की गतिविधियों में शामिल हो सकेंगे। इस फैसले को लेकर कांग्रेस और भाजपा में जुबानी जंग छिड़ गई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैचारिक आधार पर कर्मचारियों का राजनीतिकरण करना चाहते हैं।

आज ही के दिन देश ने अपना राष्ट्रीय ध्वज अपनाया था: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि 1947 में आज ही के दिन भारत ने अपना राष्ट्रीय ध्वज ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चुनाव जीत कर संविधान नहीं बदल पा रहे तो...

उन्होंने कहा कि सरकार संभवतः ऐसे कदम इसलिए उठा रही है क्योंकि जनता ने उसके संविधान में फेर-बदल करने की कुत्सित मंशा को चुनाव में परास्त कर दिया। चुनाव जीत कर संविधान नहीं बदल पा रहे तो अब पिछले दरवाजे सरकारी दफ्तरों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कब्जा कर संविधान से छेड़छाड़ करेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा, यह आरएसएस द्वारा सरदार पटेल को दी गई उस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

क्या है पूरा मामला?

दरअसल, केंद्र सरकार ने 1966, 1970 और 1980 में तत्कालीन सरकारों ने सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस की गतिविधियों में हिस्सा लेने पर प्रतिबंध लगाया था। अब सरकार ने इन आदेशों में संशोधन किया है, जिससे अब सरकारी कर्मचारी आरएसएस के कार्यक्रम में हिस्सा ले सकते हैं। आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर कर्मचारियों को कड़ी सजा देने तक का प्रावधान लागू किया गया था। सेवानिवृत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हॉकी गोलकीपर श्रीजेश ने लिया संन्यास

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के अनुभवी गोलकीपर और कप्तान पीआर श्रीजेश ने सोमवार को संन्यास की घोषणा की। उन्होंने बताया कि पेरिस ओलंपिक उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय दौरा होगा। 36 साल के श्रीजेश का यह चौथा ओलंपिक है। उनकी कप्तानी में भारत ने 2016 रियो ओलंपिक में हिस्सा लिया था और टीम आठवें स्थान पर रही थी। हालांकि, उन्होंने 2020 टोक्यो ओलंपिक में भारतीय टीम के साथ ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता था।

गणित ओलंपियाड में प्रदर्शन को मोदी ने सराहा

नई दिल्ली, (वार्ता) (ए.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में हिस्सा लेने वाले छात्रों को रविवार को बधाई दी। पीएम नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में भारतीय टोली के असाधारण प्रदर्शन पर खुशी और गर्व व्यक्त किया है और कहा है कि यह सफलता देश के युवाओं को प्रेरित करेगी। भारतीय टोली ने जहाँ देश ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ चौथा स्थान हासिल किया।

माइक्रोसॉफ्ट के बाद अब यू-ट्यूब ठप्प

नई दिल्ली (ए.)। हाल ही में माइक्रोसॉफ्ट की सर्विस पूरी दुनिया में ठप पड़ी थी और अब यू-ट्यूब के ठप होने की खबर है। यू-ट्यूब यूजर्स को एप और वेबसाइट दोनों पर दिक्कत हो रही है। लोग एप और साइट दोनों को एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं। डाऊन डिडेक्टर के मुताबिक आज यानी 22 जुलाई को दोपहर 1.30 बजे से लोगों को यू-ट्यूब पर दिक्कत हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा दिक्कत यू-ट्यूब एप के साथ हो रही है। 33 फीसदी यूजर्स ने वीडियो अपलोड में हो रही दिक्कत को लेकर शिकायत की है, वहीं 23 फीसदी ने वेबसाइट को लेकर शिकायतें की है।

किसान बॉर्डर खुलते ही दिल्ली कूच करेंगे

नई दिल्ली । एमएसपी समेत अन्य मुद्दों को लेकर अपनी मांग पर अड़े किसान फिर से दिल्ली कूच करने के प्रयास में हैं। किसान नेता सरवन सिंह पंढ़ेर ने कहा कि एमएसपी लीगल कानून बनाने के लिए अब फिर से मार्च शुरू किया जाएगा और 15 अगस्त को पूरे देश में ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा। फिलहाल शंभू बॉर्डर और खनौरी बॉर्डर बंद हैं। जब भी ये बॉर्डर खुलेंगे, किसान दिल्ली की तरफ कूच जरूर करेंगे।

दुबई में गिरफ्तार हुए राहत फतेह खान

नई दिल्ली । मशहूर गायक राहत फतेह अली खान को दुबई एयरपोर्ट पर विमान में चढने से रोका गया है। विमान में चढने से रोकने के बाद उन्हें दुबई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के बाद पुलिस उन्हें दुबई पुलिस स्टेशन ले गई है। पाकिस्तान के जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक,राहत फतेह अली खान के पूर्व मैनेजर और मशहूर शोबिज प्रमोटर सलमान अहमद ने दुबई में उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इसके बाद ही यह कार्रवाई की गई है।

हम विकसित भारत बनाने की ओर बढ़ रहे

पीएम बोले- आर्थिक सर्वेक्षण हमारी ताकत रेखांकित कर रहा

नई दिल्ली (ए.)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से लोकसभा और राज्यसभा में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। पीएम ने कहा है कि आर्थिक सर्वेक्षण हमारी अर्थव्यवस्था की मौजूदा ताकत को उजागर करता है। पीएम ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण हमारी सरकार की ओर से लाए गए विभिन्न सुधारों के परिणामों को रेखांकित करता है। पीएम ने एक्स पर कहा कि इस आर्थिक सर्वेक्षण से देश में आगे के विकास और प्रगति के क्षेत्रों की भी पहचान होती है। पीएम ने आर्थिक सर्वेक्षण पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम एक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संसद में पेश किया गया आर्थिक सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था की मौजूदा ताकत को रेखांकित करता है और सरकार द्वारा लाए गए विभिन्न सुधारों के परिणामों को भी प्रदर्शित करता है। संसद में पेश आर्थिक समीक्षा 2023-24 में यह अनुमान लगाया गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 से सात प्रतिशत के बीच रहेगी। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित वृद्धि दर पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अनुमानित 8.2 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर से कम है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आर्थिक सर्वेक्षण हमारी अर्थव्यवस्था की मौजूदा ताकत को रेखांकित करता है और हमारी सरकार द्वारा लाए गए विभिन्न सुधारों के परिणामों को भी प्रदर्शित करता है।

उन्होंने कहा, ''यह आगे के विकास और प्रगति के क्षेत्रों की भी पहचान करता है क्योंकि हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रह हैं।

विकसित भारत की चुनौती से निपटने घरेलू विकास जरूरी; नीतियां व्यावहारिक हों : नागेश्वरन

भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत रास्ते पर और स्थिर स्थिति में है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने यह दावा सरकार की ओर से आर्थिक सर्वे जारी करने के बाद की है। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) के अनुसार, ठहराव बावजूद निजी पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) में तेजी आई है। सीईए के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत रास्ते पर और स्थिर स्थिति में है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने यह दावा सरकार की ओर से आर्थिक सर्वे जारी करने के बाद की है। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) के अनुसार, ठहराव के बावजूद निजी पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) में तेजी आई है। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) ने भविष्यवाणी की है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कृषि क्षेत्र बेहतर प्रदर्शन करेगा। इसके अतिरिक्त, औद्योगिक विकास में भी व्यापक आधार पर तेजी की उम्मीद है। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) ने कहा है कि उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं ने मई 2024 तक महत्वपूर्ण परिणाम दिया है।

सर्वे में खुलासा : दो में एक युवा के पास रोजगार के लिए जरूरी योग्यता नहीं

आर्थिक सर्वे के अनुसार भारत की तेजी से बढ़ती जनसंख्या का 65 प्रतिशत 35 वर्ष से कम उम्र का है, लेकिन उमें से कई लोगों के पास आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक कौशल का अभाव है। अनुमान बताते हैं कि लगभग 51.25 प्रतिशत युवा रोजगार के योग्य माने जाते हैं। दूसरे शब्दों में इसका मतलब है कि सीधे कॉलेज से बाहर आने वाले लगभग दो में से एक युवा अब भी आसानी से रोजगार के योग्य नहीं है। हालांकि, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि पिछले दशक में स्किल्ड युवाओं का प्रतिशत लगभग 34 प्रतिशत से बढ़कर 51.3 प्रतिशत हो गया है।

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने बताया कि 'भारत में शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण की स्थिति पर एनएसएसओ, 2011-12 (68वें दौर) की रिपोर्ट के अनुसार, 15-59 वर्ष की आयु के व्यक्तियों में लगभग 2.2 प्रतिशत ने औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वहीं, 8.6 प्रतिशत ने गैर-औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सियासी हलचलें बढ़ी

डेमोक्रेट किसे और कैसे चुनेंगे अपना चेहरा?

वाशिंगटन (ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को राष्ट्रपति चुनाव में अपनी दोबारा दावेदारी वापस कर ली। बाइडन ने पार्टी के उम्मीदवार के रूप में अपने स्थान पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का समर्थन किया है। इससे पहले अमेरिका में पिछले 75 वर्षों में केवल दो ही राष्ट्रपति हुए थे जिन्होंने चुनावी साल में दोबारा चुनाव न लड़ने का फैसला किया था। अमेरिका में आगामी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सियासी हलचलें बढ़ गई हैं। रविवार को यहां एक बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला जब जो बाइडन ने अमेरिकी राष्ट्रपति पद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तुलसी गबार्ड ने कमला हैरिस को बताया खतरनाक

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से अपना नाम वापस ले लिया है और कमला हैरिस डेमोक्रेट्स का चेहरा बन गई हैं. इसी बीच अमेरिकी संसद के पूर्व सदस्य तुलसी गबार्ड ने कमला हैरिस को लेकर चिंता जाहिर की है. गबार्ड का मानना है कि कमला हैरिस राष्ट्रपति और कमांडर इन चीफ बनने लायक नहीं हैं और उनका नेतृत्व देश के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। एक वीडियो पोस्ट शेयर करते हुए तुलसी गबार्ड ने कहा कि जो बाइडेन गए और कमला हैरिस आ गईं। उन्होंने आगे लिखा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नीट पेपर लीक -सुनवाई पूरी नहीं हो सकी कोर्ट ने कहा 4 मई से पहले लीक हुए होंगे

नई दिल्ली (ए.)। नीट यूजी मामले में सोमवार (22 जुलाई) को सुनवाई पूरी नहीं हो सकी. अब अदालत मंगलवार (23 जुलाई) को सुनवाई जारी रखेगी। इस मामले पर कोर्ट ने कहा कि पेपर 4 मई से पहले लीक हुए होंगे. जिसके जवाब में सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि पेपर कब मिले, ये साफ नहीं है। दरअसल, एक सवाल के 2 संभावित जवाब से उपजे भ्रम का कुछ उम्मीवारों ने विरोध किया। इन लोगों ने कहा कि जिन बच्चों ने कोई एक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई

दरअसल, कोर्ट मामले में 40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। याचिकाओं में एनटीए की अर्जियां भी शामिल हैं। एनटीए ने विभिन्न हाइकोर्ट में उसके खिलाफ लंबित मामलों को सुप्रीम कोर्ट स्थानांतरित करने की मांग की है। बता दें कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 पांच मई को आयोजित की गई थी। इससे पहले राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा के शहर और केंद्रवार परिणाम जारी किए थे।

वन विभाग छीनने से मंत्री नाराज, पद छोड़ेंगे

पत्नी भी देगी सांसदी से इस्तीफा

भोपाल (ए.)। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार में कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान वन महकमा छीने जाने से नाराज हो गए हैं। उन्होंने बगावती तेवर अपना लिए हैं और मंत्री पद से इस्तीफा देने की धमकी भी दे दी है। वह तो यह भी कह गए कि यदि उनकी बात को सुना नहीं गया तो झाबुआ-रतलाम संसदीय सीट से सांसद अनिता नागर सिंह चौहान भी अपने पद से इस्तीफा दे देंगी।

मोहन यादव सरकार में मंत्री बनने के बाद नागर सिंह चौहान के पास तीन विभाग थे। रविवार को रामनिवास रावत को वन एवं पर्यावरण विभाग दे दिए। इससे नागर सिंह चौहान नाराज हो गए। उनके पास इस समय सिर्फ अनुसूचित जाति कल्याण विभाग ही बचा है। कैबिनेट में इसे उनका कद घटने के रूप में देखा जा रहा है। नागर सिंह चौहान की पत्नी अनिता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

क्यों नाराज है नागर

नागर सिंह चौहान का कहना है कि यदि उनका कोई विभाग छीना जाना था तो उन्हें बताया भी जा सकता था। उनका विभाग छीनकर कांग्रेस से आए हुए नेता को देना गलत है। यह फैसला अचानक हुआ और उनसे वन एवं पर्यावरण विभाग छीन लिया गया। वह पार्टी फोरम पर अपनी बात रखेंगे। सूत्रों का कहना है ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांवड़ यात्रा पर सुप्रीम फैसले का विपक्ष ने किया स्वागत

नई दिल्ली । उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार के कांवड़ यात्रा मार्ग से जुड़े आदेश पर सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम रोक लगाने के फैसले का तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा और तमाम विपक्षी सांसदों ने स्वागत किया है। बता दें कि यूपी और उत्तराखंड सरकार के आदेश में कांवड़ यात्रा मार्ग पर मौजूद सभी फलों और खाने-पीने की दुकान के मालिकों को दुकान के सामने उनका नाम लिखने को कहा गया था। (विस्तृत समाचार पेज 2 पर देखें)

मुख्यमंत्री विष्णु देव की संवेदनशील पहल

पबिया, पविया, पवीया को अजजा की सूची में पाव जाति के साथ शामिल करने का प्रस्ताव भेजा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वर्षों से अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र प्राप्त करने की बाट जोह रही छत्तीसगढ़ की पबिया, पविया, पवीया जाति को अनुसूचित जनजातियों की सूची में पाव जाति के साथ शामिल करने के लिए संवेदनशील पहल की है। मुख्यमंत्री ने इन जातियों का नृजातीय अध्ययन प्रतिवेदन अनुशंसा सहित भारत सरकार के जनजाति कार्य मंत्रालय को आगे की कार्यवाही के लिए भेजा है।

प्रदेश भर से आए पाव, पबिया, पविया, पवीया जाति के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक श्री रामकुमार यादव के नेतृत्व में आज विधानसभा के समिति कक्ष में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर उनकी इस संवेदनशील पहल के लिए आभार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

शून्यकाल में कांग्रेस का तंज... *मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा में सदस्यों के बीच तीखी नोक- झोंक से गरमाया सदन*

नेता प्रतिपक्ष महंत का भाजपा नेताओं से सवाल- बिना सीजन कहां से लाए बेर ?

बलौदाबाजार हिंसा मामले में विपक्ष ने सरकार को घेरा तो गृह मंत्री ने भी दिया करारा जवाब

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन यानी सावन सोमवार को सदन सदस्यों के बीच हुई तीखी नोक-झोंक से गरमाया रहा । विपक्ष ने राज्य सरकार को घेरते हुए कई सवाल उठाये। शून्यकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने भाजपा नेताओं से रामलला को भेंट किए बेर पर घेरा। उन्होंने कहा कि अभी बेर का सीजन भी नहीं है। ऐसे में बेर न शिवरीनारायण में मिल रहा न रायपुर में, फिर अयोध्या बेर कहां से ले गए?

विकास को लेकर साय सरकार को घेरा : उन्होंने प्रदेश में राम वनगमन पथ से जुड़े स्थलों के विकास को लेकर साय सरकार को घेरा। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने रामजी के जहां-जहां चरण पड़े थे, ऐसे 75 स्थानों का चयन किया था जिसमे हमारी सरकार ने दस स्थानों पर काम शुरू कराया था, लेकिन बीजेपी सरकार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शिक्षकों की कमी पर घेरा

बीजेपी विधायक मोतीलाल साहू ने प्रश्नकाल में स्कूलों में शिक्षकों की कमी की बात करते हुए सवाल उठाया कि रिक्त पदों पर कब तक भर्ती होगी? इस पर सीएम विष्णुदेव साव ने कहा कि देश के औसत से हमारा शिक्षकों का औसत बेहतर है, फिर भी शिक्षकों की कमी है। पूरे देश में 26 छात्र पर एक शिक्षक है, जबकि छत्तीसगढ़ में 21 छात्र पर एक शिक्षक है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कार्यवाही स्थगित कर दी

वहीं बलौदाबाजार हिंसा मामले पर सदन में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष के स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यता पर चर्चा के दौरान पक्ष-विपक्ष में तीखी नोक-झोंक हुई। एक तरफ जहाँ नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत , पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल , उमेश पटेल समेत दर्जनों विधायकों ने बलौदाबाजार आगजनी और हिंसा को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाया और इस पूरी घटना का ठीकरा बीजेपी पर फोड़ते हुए मामले में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वनभूमि पट्टा के लिए फर्जी दस्तावेज लगाने का मुद्दा उठाया

विपक्ष ने सदन में वनभूमि पट्टा के लिए फर्जी दस्तावेज लगाने का मुद्दा उठाया। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के जवाब पर असंतोष जताते हुए कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव ने पूछा कि गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड की पंचायत शोभा में वन भूमि पट्टा के लिए दस्तवेजो में सरपंच और सचिव के फर्जी हस्ताक्षर और सील का उपयोग करके वनाधिकार के लिए फर्जी मांग पत्र तैयार किया गया है। इसकी शिकायत पूर्व सरपंच ने जिला कलेक्टर से की है। मामले में एफआईआर दर्ज होनी चाहिये। इस संबंध में मंत्री बतायें कि कब तक एफआईआर दर्ज की जायेगी?विधायक के सवाल का जवाब देते हुए मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि वन भूमि पट्टा के लिए फर्जी मांग पत्र तैयार करने संबंधी मिली शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी, लेकिन प्राप्त शिकायत पर जिला स्तरीय वन अधिकार समिति गरियाबंद ने परीक्षणोपरांत संजय नेताम एवं अनिता नेताम के किसी प्रकार का दावा आवेदन नहीं करने के कारण प्रकरण निरस्त किया है।

‘दुकानदारों को अपनी पहचान बताने की जरूरत नहीं’

उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और मध्यप्रदेश सरकार के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा के रूट पर दुकानदारों से अपनी पहचान प्रदर्शित करने के आदेश को लेकर सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ वकील और कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने सरकार के फैसले की आलोचना की है। वहीं याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील सीयू सिंह ने इसे अल्पसंख्यक आबादी के लिए घातक बताया है। सीयू सिंह ने यह तक कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली यूपी सरकार का यह फैसला अल्पसंख्यकों के आर्थिक बहिष्कार की प्लानिंग का संकेत दे रहा है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस भेजा है।

बता दें कि उत्तर प्रदेश की सीएम योगी आदित्यनाथ सरकार के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में NGO एसोशिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफसिविल राइट्स ने चुनौती दी है। इस मामले में जस्टिस ऋषिकेश राय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच सुनवाई कर रही है। इस दौरान याचिकाकर्ता की तरफसे वकील सीयू सिंह दलील दे रहे हैं। वहीं वरिष्ठ वकील सिंघवी ने भी आपत्ति दर्ज की। वहीं कोर्ट ने इस मामले में न केवल यूपी बल्कि उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकार को भी नोटिस भेजा और शुक्रवार को अगली सुनवाई तक के लिए सरकार के आदेश पर रोक लगा दी है।

याचिकाकर्ता ने क्या दिए तर्क?

याचिकाकर्ताओं के वकील ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि यह चिंताजनक स्थिति है, जहां पुलिस अधिकारी विभाजन पैदा करने के लिए खुद ही आगे आ रहे हैं। अल्पसंख्यकों की पहचान करके उन्हें आर्थिक बहिष्कार के अधीन कर दिया जाएगा। यूपी और उत्तराखंड के अलावा दो और राज्य इसमें शामिल हो गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या यह प्रेस स्टेटमेंट था या औपचारिक आदेश था कि इन्हें प्रदर्शित किया जाना चाहिए? इस पर याचिकाकर्ताओं के वकील ने जवाब दिया कि पहले एक प्रेस स्टेटमेंट था और फिर लोगों में आक्रोश था और वे कहते हैं कि यह स्वैच्छिक है लेकिन वे इसे सख्ती से लागू कर रहे हैं। वकील ने कहा कि कोई औपचारिक आदेश नहीं है, बल्कि पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने पूछे अहम सवाल

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि क्या सरकार ने इस बारे में कोई औपचारिक आदेश पास किया है, जिस पर वकील ने कहा कि सरकार अप्रत्यक्ष रूप से इसे लागू रही है। पुलिस कमिश्नर ऐसे निर्देश जारी कर रहे है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता के वकील अभिषेक मनु सिंघवी से कहा कि हमें स्थिति को इस तरह से नहीं बताना चाहिए कि यह जमीनी हकीकत से ज्यादा बढ़ जाए। इसके तीन आयाम हैं ङ्क सुरक्षा, मानक और धर्मनिरपेक्षता और ङ्क तीनों ही समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। ये बात जस्टिस एसवीएन भट्टी ने कही जब सिंघवी ने कि ये पहचान का बहिष्कार है, आर्थिक बहिष्कार है।

सावन के पहले सोमवार पर बिहार में हादसा, गंगा में चार लड़के डूबे

भागलपुर। भागलपुर जिला के नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत भवानीपुर थाना क्षेत्र के मधुरापुर गंगा जहाज घाट पर नहाने के क्रम में सोमवार को डूबने से चार लड़कों की मौत हो गई। गोताखोरों की मदद से तीन लड़कों के शव नदी से निकाल कर परिजनों को सौंप दिया गया है। एक की खोजबीन जारी है। मरने वाले सभी नवगछिया थाना क्षेत्र के नया टोला के रहने वाले है। परिजनों ने बताया कि पहली सोमवारी को लेकर नवगछिया नया टोला गांव से 11 लड़के गंगा स्नान के लिए मधुरापुर गंगा जहाज घाट आये थे। गहरे पानी में जाने की वजह से पहले एक लड़का डूबने लगा। उसको बचाने दूसरा लड़का पहुंचा। इसी तरह एक-दूसरे को बचाने के चक्कर में एक एक कर 11 लड़के डूबने लगे। स्थानीय लोगों की मदद से सात लड़कों को बचा लिया गया। वहीं चार लड़के डूब गए।

इस हादसे में चार शिवम कुमार (18वर्ष) पिता दिगंबर शर्मा, सोनू कुमार उम्र (16 वर्ष) पिता दिलीप गुप्ता, आलोक कुमार उम्र (18 वर्ष) पिता संतोष भगत, संजीव कुमार (17वर्ष) पिता अरुण कुमार शाह की मौत हो गई।

15 साल के ट्रेंड जवान को जॉब नहीं तो 4 साल के अग्निवीर को कैसे मिलेगी नौकरी : राहुल गांधी

नई दिल्ली। सेना में बतौर ‘अग्निवीर’ भर्ती हुए युवाओं को क्या चार साल बाद गारंटी से सरकारी नौकरी मिल पाएगी, इस बाबत सवाल खड़े हो रहे हैं। केंद्र सरकार ने पिछले दिनों केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में अग्निवीरों को दस फीसदी आरक्षण देने की बात कही थी। कांग्रेस पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल रोहित चौधरी ने इस आरक्षण के फॉर्मूले पर सवाल उठाते हुए कहा, अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों में 10 फीसदी आरक्षण, 2 करोड़ रोजगार की तरह एक जुमला है। जब मोदी सरकार 15 साल के प्रशिक्षित जवान को नौकरी नहीं दे पा रही, तो महज 4 साल के प्रशिक्षित अग्निवीर को नौकरी कैसे दे सकेगी। क्या 10वीं पास अग्निवीर युवा 4 साल बाद किसी सरकारी नौकरी का पेपर पास कर पाएगा। लोकसभा चुनाव के बाद हुए संसद के विशेष सत्र में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अग्निवीरों का मुद्दा उठाया था। उन्होंने अग्निवीरों को सेवा के दौरान ग्रेच्युटी के अलावा अन्य लाभ न मिलने और उनके परिवार को पेंशन से वंचित करने की आलोचना की थी। राहुल गांधी ने दावा किया था कि सरकार अग्निवीरों को इस्तेमाल करके उन्हें फेंक देने वाले मजदूर के रूप में देखती है। उन्हें शहीद का दर्जा भी नहीं देती। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में अग्निवीर भर्ती को लेकर राहुल गांधी के दावों का खंडन करते हुए कहा था कि 158 संगठनों से सुझाव लेने के बाद अग्निपथ योजना को लागू किया गया था।

राहुल के बयान के बाद सीआरपीएफ, बीएसएफ और सीआईएसएफके महानिदेशकों ने कहा था, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीएपीएफ में सिपाही के 10 फीसदी पद भूतपूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित कर दिए हैं। अग्निवीरों को केंद्रीय पुलिस बलों में नौकरी भी मिलेगी। उन्हें फिजिकल टेस्ट में छूट दी जाएगी। कांग्रेस पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल रोहित चौधरी ने अग्निवीरों के लिए घोषित की गई दस फीसदी आरक्षण व्यवस्था पर कई सवाल उठाए हैं।

सरकार, संसद में श्वेत पत्र लेकर आए : चौधरी

चौधरी ने केंद्र सरकार से सवाल किया है कि सेना में अग्निवीर जवान लगातार सुसाइड क्यों कर रहे हैं। क्या अग्निवीरों को पर्याप्त ट्रेनिंग मिल पा रही है। क्या छह महीने का प्रशिक्षित अग्निवीर सेना में काम करने के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से सक्षम है। पिछले एक साल में कितने ‘सामान्य’ सैनिकों ने सुसाइड किया है। उक्त अवधि के दौरान कितने ‘अग्निवीर’ सैनिकों ने सुसाइड किया। सरकार, संसद में श्वेत पत्र लेकर आए कि अग्निवीर सैनिक व रेगुलर सैनिक में भेदभाव क्यों है।

न्यूज गैलरी

14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजी गई पूजा खेडकर की मां

पुणे। महाराष्ट्र में विवादों में घिरी प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। एक किसान को धमकाने के मामले में आज मजिस्ट्रेट के समक्ष उन्हें पेश किया गया, जहां सुनवाई के बाद कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बता दें कि पुणे पुलिस ने पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर और पिता दिलीप खेडकर के अलावा चार अन्य लोगों पर मामला दर्ज किया है, जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उन्हें 2023 में मुलशी तहसील के धडवाली गांव में जमीन विवाद को लेकर एक किसान को बंदूक के जरिए धमकाते हुए देखा गया था।

वाल्मिकी घोटाले में पूर्व मंत्री नागेंद्र को झटका, 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

बेंगलुरू। कर्नाटक के पूर्व मंत्री बी नागेंद्र की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। उन्हें यहां की एक विशेष अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। बता दें, अदालत ने यह फैसला महर्षि वाल्मिकी जनजातीय विकास निगम में हुए कथित घोटाले की जांच के सिलसिले में लिया है। बेल्लारी ग्रामीण कांग्रेस विधायक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में थे। आज उनकी हिरासत समाप्त होने के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां संघीय जांच एजेंसी ने और हिरासत की मांग नहीं की। कर्नाटक की महर्षि वाल्मिकी अनुसूचित जनजाति विकास निगम में लेखा विभाग के अधीक्षक चंद्रशेखर पी ने 26 मई को आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने एक सुसाइड नोट छोड़ा था। इसके बाद निगम में बड़ा घोटाला सामने आया। नोट में निगम के खाते से 187 करोड़ रुपये अवैध तरीके से ट्रांसफर किए गए।

इसमें से 88.62 करोड़ रुपये आईटी कंपनी और हैदराबाद की एक सहकारी बैंक में अवैध रूप से भेजे गए। घोटाले का आरोप लगने के बाद अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री बी नागेंद्र ने छह जून को इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद ईडी ने नागेंद्र से पूछताछ करने के बाद उन्हें 12 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया था।

20 स्थानों की ली थी तलाशी

उनकी गिरफ्तारी से पहले ईडी ने इस महीने की शुरुआत में नागेंद्र और सत्तारूढ़ कांग्रेस विधायक बासनगौड़ा के परिसरों सहित कई स्थानों पर तलाशी ली थी। एजेंसी ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज एक मामले में कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र में लगभग 20 स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई की थी।

‘भारत को कमजोर करने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेंगे’, ममता बनर्जी के बयान पर भड़की भाजपा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल भाजपा ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है और आरोप लगाया है कि सीएम राज्य में घुसपैठ को जायज ठहरा रही हैं। भाजपा ने यह आरोप ममता बनर्जी के उस बयान के बाद लगाया है, जिसमें ममता बनर्जी ने कहा कि वह बांग्लादेश के हिंसा प्रभावित लोगों को राज्य में शरण देने के लिए तैयार हैं। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि भारत की एकता को कमजोर करने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

’बंगाल की जनसांख्यिकी में आ रहे बदलाव’

रविशंकर प्रसाद ने तंज कसते हुए कहा कि ‘टीएमसी की नेता नागरिकता संशोधन कानून का विरोध कर रही हैं, जो पड़ोसी देशों में धर्म के आधार पर सताए गए लोगों को नागरिकता देता है, लेकिन वह घुसपैठियों की मदद करना चाहती हैं।’ प्रसाद ने ममता बनर्जी पर घुसपैठ को जायज ठहराने का आरोप लगाया और कहा कि ‘बंगाल में जनसांख्यिकी बदल रही है। राज्य में पहले मुस्लिम बहुल जिलों की संख्या तीन थी, लेकिन आज यह बढ़कर नौ हो गई है। कोलकाता की जनसांख्यिकी में भी बदलाव आ रहे हैं क्योंकि बांग्लादेश से बड़ी संख्या में लोग कोलकाता आ रहे हैं।

’शरण देने का अधिकार सिर्फकेंद्र के पास’

ममता बनर्जी ने ये भी कहा कि वह चाहती हैं कि बंगाल के भारत के साथ अच्छे संबंध रहें। इस बयान पर हमला करते हुए रविशंकर प्रसाद ने हैरानी जताई और कहा कि उनका कहने का क्या मतलब है? बंगाल तो भारत का ही हिस्सा है। बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच कोलकाता में एक रैली के दौरान ममता बनर्जी ने कहा था कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच हिंसा पीड़ितों को शरण देने के लिए बंगाल के दरवाजे खुले हैं। ममता बनर्जी के इस बयान पर भाजपा नेता ने कहा कि किसी को शरण देने का अधिकार सिर्फकेंद्र सरकार के पास है और राज्य सरकार इस पर फैसला नहीं ले सकती।

एक नयी ‘नाम-पट्टिका’ पर लिखा जाए सौहार्दमेवजयते! : अखिलेश यादव

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को बड़ा झटका दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कांवड़ रूट पर दुकानदारों के नेम प्लेट के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दुकानदार खाने का प्रकार लिखें और दुकानों पर उनका नाम लिखना जरूरी नहीं है। वहीं इस मुद्दे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीजेपी पर तंज कसा है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म X पर पोस्ट करते हुए लिखा, "एक नयी ‘नाम-पट्टिका’ पर लिखा जाए: सौहार्दमेवजयते!" इसके साथ ही अखिलेश यादव ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा, "मैंने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट को इस मामले का संज्ञान लेना चाहिए और इस तरह की कार्रवाई को रोकना चाहिए। सरकार ऐसे कई कदम उठाएगी क्योंकि जब सांप्रदायिक राजनीति ख़त्म हो जाएगी तो ये लोग ऐसा ही करेंगे।

अखिलेश यादव ने X पर अपने पोस्ट ‘मानसून ऑफर: 100 लाओ, सरकार बनाओ’ पर कहा, अभी बारिश हो रही है। फिर विंटर का ऑफर आएगा। अपनी कुर्सी बचाने के लिए दुकानों के बाहर मालिकों को अपने नाम का बोर्ड लगाने को कहा है। सच तो यह है कि इसमें दिल्ली और लखनऊ की सरकारें एक साथ हैं।

NEET मुद्दे पर बोले अखिलेश

अखिलेश यादव ने NEET मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, "यह कैसे संभव है कि एक ही सेंटर पर इतने सारे छात्रों को इतने अंक मिलें। यह सरकार और उस संस्थान की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करता है जो इतनी बड़ी परीक्षा आयोजित कर रहा है। इस सरकार ने पेपर लीक का एक रिकॉर्ड बनाया है।

सूरज रेवन्ना को मिली सशर्त जमानत, यौन शोषण के आरोप में थे गिरफ्तार

बंगलुरू। यौन शोषण मामले में फंसे प्रज्ज्वल रेवन्ना के भाई और जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) नेता सूरज रेवन्ना को बंगलूरू की एक अदालत से सशर्त जमानत मिली है। आपको बता दें कि सूरज रेवन्ना पर जेडीएस के पुरुष कार्यकर्ता के अप्राकृतिक यौन शोषण का आरोप है। सूरज रेवन्ना को 23 जून को गिरफ्तार किया गया था। सूरज रेवन्ना पर भारतीय दंड संहिता की अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

आपको बता दें कि 27 वर्षीय एक व्यक्ति ने सूरज रेवन्ना के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि सूरज रेवन्ना ने 16 जून को घन्नीकाड़ा स्थित अपने फार्महाउस में शिकायतकर्ता का अप्राकृतिक यौन शोषण किया। शिकायत के आधार पर होलेनरसिपुरा पुलिस ने सूरज रेवन्ना के खिलाफ आईपीसी की धारा 377 (अप्राकृतिक अपराध), 342 (गलत तरीके से बंधक बनाना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया।

भारतीय मूल के अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति पद के लिए कमला हैरिस का किया समर्थन

वॉशिंगटन। अमेरिकी संसद में मौजूद पांच भारतीय मूल के अमेरिकी सांसदों ने जो बाइडन के राष्ट्रपति पद की रेस से हटने के फैसले की तारीफकी है, लेकिन इनमें से तीन ने ही कमला हैरिस को राष्ट्रपति बनाए जाने का समर्थन किया है। कमला हैरिस अमेरिकी इतिहास की पहली उम्मीदवार हैं, जो राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हो सकती हैं। साथ ही वे अमेरिका की पहली अश्वेत महिला उपराष्ट्रपति भी हैं।

इन सांसदों ने किया कमला हैरिस का समर्थन

अमेरिकी संसद में अभी भारतीय मूल के राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, श्री थानेदार, प्रमिला जयपाल और एमी बेरा सांसद हैं, ये भी डेमोक्रेट पार्टी से जुड़े हैं। इनमें से अभी रो खन्ना, श्री थानेदार और प्रमिला जयपाल ने ही कमला हैरिस को राष्ट्रपति पद के लिए समर्थन दिया है। भारतीय मूल के सांसदों में प्रमिला जयपाल ने सबसे पहले कमला हैरिस को समर्थन देने का एलान किया। जयपाल चार बार की सांसद हैं और अमेरिका के निचले सदन के लिए निर्वाचित होने वाली भारतीय मूल की पहली महिला हैं। हाल के कुछ वर्षों में डेमोक्रेट पार्टी में प्रमिला जयपाल का कद बढ़ा है और वह पार्टी की मजबूत आवाज बनकर उभरी हैं। प्रमिला जयपाल के अलावा भारतीय मूल के रो खन्ना और श्री थानेदार ने भी कमला हैरिस के नाम का समर्थन किया। तीनों सांसदों ने जो बाइडन की भी तारीफकी। इनके अलावा स्टेट सीनेटर सुहास सुब्रमण्यम ने भी कमला हैरिस की राष्ट्रपति पद की दावेदारी का समर्थन किया। अन्य सांसदों ने भी अभी खुलकर कमला हैरिस को समर्थन नहीं दिया है।

डेमक्रेट पार्टी के कन्वेंशन पर टिकी निगाहें

जो बाइडन के राष्ट्रपति पद की रेस से बाहर होने के बाद अगस्त में डेमोक्रेट पार्टी के नेशनल कन्वेंशन पर सभी की निगाहें टिक गई हैं। अब कन्वेंशन में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नाम पर अंतिम मुहर लग सकती है। कन्वेंशन से पहले वर्चुअली भी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नाम पर सहमति बन सकती है। यदि कोई अन्य नेता राष्ट्रपति पद के लिए दावेदारी करता है तो उसे कन्वेंशन में 600 पार्टी सदस्यों का समर्थन हासिल करना होगा। साथ ही कन्वेंशन में भी समर्थन जुटाना होगा। अगर एक से ज्यादा उम्मीदवार होंगे तो उनके बीच चुनाव होगा।

बातों...बातों...में...!

साप्ताहिक स्तंभ ...सुकांत राजपूत

हर एक के पास 'देवराज'...

हर एक के पास उनका मुंह लगा देवराज होता है। अब तो एकमात्र देवराज और जहांगीर आलम जैसे नौकर-चाकर ही हैं जो वफादार भी है और फर्माबरदार भी। रांची में मंत्री आलमगीर आलम के पीए संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के यहां से 25 करोड़ रुपए ईडी को मिले थे। मंत्री के पीए की जूठन उठाने वाले नौकर जहांगीर आलम की यह हैसियत तो फिर ड्राइवर 'देवराज' की हैसियत-हिम्मत का अंदाजा ही लगाया जा सकता है। बातों ही बातों में कांग्रेस के दबंग नेता का भरोसेमंद सारथी की हिमाकत का एक किस्सा सामने आ गया। हालांकि मामला लोकसभा चुनाव के वक्त का है और घटना रायबरेली की। पैसों की कोई कमी नहीं और ताकत से लबरेज देवराज साथियों के साथ जमकर जाम छलकाया और जब गिलास भी सम्हालना मुश्किल हुआ, तो जिस होटल में उनका नेता रुका था उसी कमरे में जा घुसा। बाहर संतरी भी बेसुध था और कमरे में बिस्तर पर गहरी नींद में सुर्खाब के पर लगाकर नेता जी बिंदास लमलेट थे। बस देवराज भी उनके साथ एक ही रजाई में जा घुसा। जरा ठंड लगी तो अपने नेता की रजाई भी पूरी खींच ली। गनीमत था कि नशा फटा तो माजरा समझते ही कमरे से उठकर नौ दो ग्यारह हो ड्राइवर बिरादरी के साथ सो गया, लेकिन नेता जी जब उठे तो उनके होश उड़ गए, बिस्तर में देवराज का तौलिया देखकर... बस फिर क्या था माजरा, नजारा और मामला स्टाफ के लिए हर एंगल से चटकारेदार किस्सा बन गया।

सत्र के बाद दो मंत्री तो गियो...

कुर्सी के लिए बेकरार दो बीजेपी विधायक के लिए खुशखबरी है। उनका इंतजार जल्द खत्म होने वाला है और उनकी मुराद भी पूरी हो जाएगी। फिलहाल सत्र के बाद ही साय सरकार के दो पुराने मंत्रियों की बिदाई और दो नए की अगुवानी होने वाली है। बातों ही बातों में हॉउस के एक करीबी ने दावा किया है कि सबसे पहले राजस्व और महिला बाल विकास विभाग से रवानगी तय है। इसका सीधा मतलब है कि खट्टर ने जब महिला विधायक को मंत्री कह दिया था उस वक्त उनकी जुबान में सरस्वती वास कर रही थी। राजस्व ऐसा पेचीदा विभाग है जिसमें किसी अत्यधिक ज्ञानचंद जैसा विधायक और किसी तेजतर्राट मंत्री के पीए जैसी नियमों की जानकारी हो। ऐसे में सभी कुरुद के दाऊ को ही इसके लिए सहीं दावेदार मानते हैं। अगर ऐसा है भी तो सवाल उठना लाजमी है... धरम, अमर, राजेश का फिर क्या होगा..?

हॉउस में रसूखदारों को भी ना...

छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत प्रमोद जोगी के कार्यकाल में सीएम हॉउस में मोबाइल पर कोई खास पाबंदी नहीं थी। फिर आया रमन राज तो पहले कालखंड तक सबकुछ सरल और सहज था, दूसरे कालखंड में जरा सी सख्ती थी, लेकिन कम से कम साइलेंट मोड में खास लोग रखते थे। तीसरे में तो डॉक्टर साहब जैसे सरल, सहज को चुनिंदा लोगों ने सब से दूर कर दिया और मुलाकातियों को भी महसूस होने लगा था कि शुक्र है वो इंसान हैं कोई मोबाइल नहीं..! इस बार गरीब, किसान, आदिवासी और सबसे सरल मुख्यमंत्री जनता को मिला है। पहनावे से लेकर बोलचाल में भी उनकी सरलता दिखती है, लेकिन हाल ही में सुरक्षा में तैनात स्टाफ मोबाइल से सख्त गुरेज कर रहा है। फिर चाहे वो बीते कार्यकाल के कितने भी करीबी हो सभी का मोबाइल ले लिया जाता है। हॉउस में सिर्फ साहब के दो करीबी स्टाफ ही मोबाइल रखते हैं। एक दिल्ली से साथ काम देख रहे भाई और दूसरे गृहक्षेत्र के सबसे भरोसेमंद साथी। खैर सुरक्षा के लिए यह जरुरी है, लेकिन हाल ही में एक रसूखदार का भी मोबाइल जमा करने के बाद यह चर्चा आम है।

भूपेश से मिलने पहुंचे भगत...

भूपेश जब 'सरकार' में थे तब भी सबसे आसान था उनसे मिलना, लेकिन अब उनसे मुलाकात करना उतना आसान नहीं। खासकर फर्स्ट हाफ में उनकी दिनचर्या सरकार जाने के बाद अब ज्यादा मसरूफियत भरी है। एक वो भी वक्त था जब अमरजीत भगत उनके सबसे करीबी, चेहते और क्या-क्या बन गए थे हमारे पास शब्द भी नहीं। सरगुजा पैलेस से दूर होकर पाटन हॉउस के करीब आने के बाद मंत्री पद से नवाजने वाले भूपेश से भगत नहीं मिल पाए। हाल ही में पूर्व मंत्री अमरजीत भगत भूपेश दाऊ से मिलने पहुंच गए। अंदर से खबर आई कि बैठने बोले हैं, भगत बैठे भी और ऐसे बैठना पड़ा कि बैठे-बैठे झुनझुनी चढ़ गई। उनको करीब दो घंटे से ज्यादा देर तक इंतजार करने के बाद भगत बिना मिले ही चले गए। खैर ऐसा क्यों और कैसे हुआ यह समीक्षा का विषय है, लेकिन एक बंगला स्टाफ ने बताया कि दाऊ जी योग, फिटनेस, स्नान फिर पूजा-पाठ खूब करने लगे हैं। हमने पूछा किसकी पूजा करते हैं.. तो खुलासा हुआ स्नान करके दाऊ जी सीधे पूजा कक्ष में जाते हैं और शिवलिंग को स्नान कराकर करीब एक घंटे पूजा करते हैं। वैसे भी दाऊ जब सरकार में नहीं थे तब भी उनके जानने वालों को पता है घर में वे जब तक अपना योग, स्नान, पूजा और फिर आराम से नाश्ता नहीं कर लेते तब तक इतनी आसानी से मिलने की जल्दी नहीं करते। वैसे भी भगत कोई राहुल, सोनिया या प्रियंका थोड़े न हैं... !

अपने विचार नव प्रदेश की वेबसाइट www.navpradesh.com पर भेजें!

बिजली विभाग तारों के पास की झाड़ियों को हटाएं, शिकायतों का करें त्वरित समाधान

■ **कलेक्टर ने राजस्व विभाग को आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का हल्केवार समीक्षा करने के दिए निर्देश**

रायपुर/नवप्रदेश। शासन ने तहसीलदारों को जमीन संबंधी त्रुटी सुधार करने की जिम्मेदारी दी है, वे इससे जुड़े प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें, इससे आम नागरिकों को राहत मिलेगी। आरबीसी 6-4 के प्रकरण किसी भी स्थिति में लंबित न रहें। प्रत्येक तहसीलदार हल्के स्तर पर इसकी मीटिंग लेकर समीक्षा करें और समय पर हितग्राही को इसका लाभ दें। यह बात कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने समय-सीमा की बैठक में कही।

उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम यह सुनिश्चित करें बिजली विभाग खुले हुए बॉक्स को बन्द करे और शहर के जिन स्थानों में झाडियां इत्यादि से तारों के टूटने का खतरा है उन्हें जल्द हटाएं। बिजली से जुड़ी शिकायतों का त्वरित निराकरण करें। डॉ गौरव सिंह ने कहा सभी नगरीय निकाय में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। विभागों के अधिकारी शामिल होना सुनिश्चित करें और यह प्रयास करें कि जो समस्याएं का मौके पर निराकरण हो सकता है उसे वहीं पर निराकृत किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि सड़कों पर जहां कहीं भी निर्माण सामग्री फैली हुई हो जिससे यातायात बाधित हो रही हो उसको तत्काल हटवाया जाए और कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने गौठानों में किए गए अवैध कब्जे को हटाने के निर्देश दिए। डॉ सिंह ने कहा कि डायरिया सहित अन्य मौसमी बीमारियों के फैलाव के नियंत्रण के उपाय किए जाएं जहां भी इससे जुड़ी सूचना मिलती है उस पर नजर रखें और तत्काल इलाज की व्यवस्था कर दवाईयां वितरित की जाए। खाद बीज इत्यादि की उपलब्धता बनाएं रखे और इसका वितरण भी करें। इस बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत की सीईओ श्री विश्वदीप, सभी एडीएम-एसडीएम उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर डॉ. सिंह ने रेडक्रॉस सभाकक्ष में आम नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए तत्काल अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। राजातालाब निवासी श्री अब्दुल सलिम ने आवारा मवेशी के विचरण करने की शिकायतें की। इस पर तत्काल कलेक्टर ने कार्रवाई के निर्देश दिए और तत्काल मवेशियों को हटाने को कहा। कैलाशपुरी निवासी श्री प्रमोद देवांगन ने पेड़ कटवाने के लिए, बंजारी रोड निवासी श्री नरेंद्र गिरेपुंजे ने उचित न्याय दिलाने, पंडरी निवासी चितरंजन ने अपराधिक घटना के संबंध में शिकायतें की। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर शुरु

■ **अब 24 घंटे ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे शिकायत, त्वरित होगा निराकरण**

रायपुर/नवप्रदेश। अब जिला प्रशासन के कॉल सेंटर के माध्यम से भी ऑनलाइन शिकायतें दर्ज करा सकेंगे। यह सुविधा 24 घंटे मिलेगी और त्वरित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इसके लिए हेल्पलाइन नंबरी भी जारी किया गया है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट परिसर के कमरा नंबर 4 में जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप, अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल, संयुक्त कलेक्टर सुश्री अभिलाषा पैकरा उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए कॉल सेंटर से आमजनों को बड़ी राहत मिलेगी। शहर से संबंधित, राजस्व व अन्य विभागों के मामलों की जानकारी फोन कॉल के माध्यम से दे सकते है। जानकारी प्राप्त होने के तत्पश्चात जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा कॉल सेंटर में मोबाइल नंबर 9977222564, 9977222574, 9977222584, 9977222594 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते है। दिव्यांगों के लिए विशेष सुविधा दी गई है। इस कॉल सेंटर में दिव्यांग भी अपनी समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत करा सकते है। दिव्यांगों की समस्याएं वीडियो कॉल में सांकेतिक माध्यम से सुने जाएंगे।

ऐसे होगा शिकायतों का निवारण

- हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से आवेदक कॉल कर अपनी समस्या शिकायत दर्ज कराएंगे।
- कॉल सेंटर की टीम शिकायतकर्ता व आवेदक से बात करती है, उनकी समस्या सुनती है और उसे कॉल सेंटर के पोर्टल पर दर्ज किए जाएंगे।
- केस दर्ज करने के बाद व्हाट्सएप के द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारी को मामले की जानकारी भेजी जाएगी।
- प्रकरण का त्वरित निराकरण किया जाएगा
- जब तक शिकायत का निराकरण नहीं होता, तब तक कॉल सेंटर समस्याओं पर संबंधित विभाग एवं अधिकारी से फॉलोअप करेगा।
- समस्या के निराकरण हो जाने पर आवेदक को कॉल करके सूचित किया जाएगा और पोर्टल पर अपडेट किया जाएगा।

नया ट्रांसफार्मर लगने से जगमगाया रमेशपुर

ग्रामीणों में छाई खुशी की लहर

रायपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर जिले के अंतर्गत ग्राम रमेशपुर के ग्रामीणों में खुशी की लहर छाई है, क्योंकि नए ट्रांसफार्मर लगने से पूरा रमेशपुर जगमगा उठा है। वहां के ग्रामीण लगातार लो वोल्टेज और अघोषित बिजली कटौती, बार-बार ट्रांसफार्मर का खराब हो जाने जैसी समस्या से लंबे समय से परेशान थे। यहां के किसानों द्वारा धान की बुवाई हेतु लगाए गए थरहा पर्याप्त वर्षा न होने के कारण सुख जा रहा था, किसानों का कहना था कि यदि बिजली रहेगी तो हम मोटर पंप के जरिए धान के थरहा को सूखने से बचा सकते हैं।

इन सभी समस्याओं से ग्रामवासियों ने महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े को अवगत कराया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने किसानों और ग्रामवासियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को नया ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश दिए। मंत्री के निर्देश के 24 घंटे के अंदर ही तत्काल नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। नए ट्रांसफार्मर के लगने से गांव में खुशी व्याप्त है और समस्त ग्रामवासियों ने मंत्री श्रीमती राजवाड़े का आभार व्यक्त किया है।

एक पेड़ माँ के नाम अभियान

सूचना आयोग में किया गया वृक्षारोपण

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर एक वृक्ष माँ के नाम अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में लगातार वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में भी एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। नवा रायपुर स्थित आयोग कार्यालय के परिसर में आयोग के सचिव गोपाल वर्मा सहित उप सचिव श्रीमती आभा तिवारी, अवर सचिव गीता दीवान, अतुल वर्मा, प्रदीप गौर, श्रीमती रजनी सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण में आम, अमरूद, जामुन, करौंदा, अनार, पीपल, बड़, नीम, सीताफल, सन्तरा, आँवला, चीकू, नीबू आदि फलदार पौधों के साथ ही पारिजात, मोंगरा, कचनार, मधुमालती गुलमोहर आदि फूलों के पौधे लगाए गए। इस दौरान सूचना आयोग के कर्मचारियों ने पौधों को अपनी माँ को समर्पित कर पौधों की सुरक्षा करने का भी संकल्प लिया।

ईएनटी विभाग ने कॉक्लियर इम्प्लांट वाले दो मेधावी छात्रों का किया सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित नाक कान गला रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) हंसा बंजारा ने ईएनटी विभाग के अंतर्गत सफलतापूर्वक किए गए कॉक्लियर इम्प्लांट के पश्चात् शैक्षणिक क्षेत्र में सफल एवं शानदार प्रदर्शन के लिए दो मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। इनमें से भावना पटेल ने कक्षा 10 वीं में 70 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है एवं आदित्य तिवारी ने बी. एस. सी. (गणित) की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की है। डॉ. हंसा बंजारा एवं टीम ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा अभूतपूर्व प्रयासों के लिए उन्हें भेंट देकर प्रोत्साहित किया।

डॉ. हंसा ने बताया कि ये बच्चे कॉक्लियर इम्प्लांट श्रवण यंत्र का इस्तेमाल करते हैं और इसकी सहायता से इन्हें सुनने में मदद मिलती है। इन बच्चों ने समाज को यह साबित कर दिखाया है कि सही समय रहते इम्प्लांट का इस्तेमाल कर समावेशी शिक्षा द्वारा आगे बढ़ा जाये तो ऐसे बच्चे समाज में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं। ईएनटी विभाग की पूरी टीम ने दोनों छात्रों की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी हैं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

न्यायिक जांच आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति सी.बी.बाजपेयी दूसरी बार पहुंचे बलौदाबाजार

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले के ग्राम महकोनी स्थित अमर गुफा में जैतखाम तोड़े जाने की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री सी बी बाजपेयी आज दूसरी बार बलौदाबाजार पहुंचे. उन्होंने आज बैठक कर आयोग कार्यालय के लिए अधिसूचना एवं प्रक्रियाविनियम को अंतिम स्वरूप प्रदान करते हुए शासन को प्रेषित किया गया है। ताकि आने वाले दिनों में अधिसूचना राजपत्र सहित दैनिक समाचारों में प्रकाशित हो सके. इसके साथ ही श्री बाजपेयी ने कार्यालय के बाहर आयोग कार्यालय संबधित बोर्ड लगाने, कार्यालय में कर्मचारियों की नियुक्ति सहित अन्य महत्वपूर्ण दिशा निर्देश आयोग के सचिव को दिए है। गौरतलब की राज्य शासन द्वारा 15 मई व 16 मई 2024 के मध्यरात्रि को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत ग्राम महकोनी,अमरगुफा में स्थित जैतखाम को क्षतिग्रस्त किये जाने की घटना की जांच हेतु एकल सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया है।

देसंविवि के नवीन शैक्षणिक सत्र की हुई शुरुआत

■ **युवा अनुशासन का निर्वहन करें : रावत**

■ **ज्ञानदीक्षा ज्ञान के उदय का पर्व : डॉ चिन्मय पण्ड्या**

हरिद्वार/नवप्रदेश। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज का 44वाँ ज्ञानदीक्षा समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री धनसिंह रावत, विशिष्ट अतिथि दून विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल, देसंविवि के कुलपति शरद पारधी, प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पण्ड्या द्वारा दीप प्रज्वलन एवं देसंविवि के कुलगीत से हुआ। ज्ञानदीक्षा समारोह में भारत के 15 राज्यों के नवप्रवेशी छात्र छात्राएँ दीक्षित हुए।

समारोह के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा एवं सहकारिता मंत्री धनसिंह रावत ने कहा कि जिन युवाओं में अनुशासन होता, ऐसे युवा ही आगे बढ़ते हैं। देसंविवि की एक खास बात है कि यहाँ युवाओं को अनुशासन के निर्वहन के लिए हमेशा प्रशिक्षित करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति हमें जड़ों से जुड़ना और अनुशासित रहना सिखाता है। श्री रावत ने कहा कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया जाने वाला ज्ञानदीक्षा संस्कार समारोह एक बहुत ही अच्छा आयोजन है, जिसे राज्यभर के सभी विश्वविद्यालयों में आयोजित किया जाना चाहिए, जिसके लिए देव संस्कृति विश्वविद्यालय को एक गाइडलाइन तैयार करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे ज्ञानदीक्षा संस्कार समारोह जैसे कार्यक्रमों के साथ जब विद्यार्थी विश्वविद्यालयों में आएगा, तो रैगिंग जैसी परेशानियाँ भी जड़ से खत्म हो जाएंगी।

विशिष्ट अतिथि दून विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने कहा कि शिक्षा भौतिक जगत से परिचित कराता है, लेकिन विद्या जड़ से जगत की यात्रा कराता है। आज पूरी दुनिया भारत की ओर टकटकी लगाए बैठी है। आप भारत के एम्बेस्डर बनकर पूरी दुनिया में जाएं और वसुधैव कुटुंबकम के भाव का विस्तार करें।

उन्होंने कहा कि भारत की शिक्षा पद्धति में मौजूद जिन अनुपस्थित कड़ियों को जोड़ने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लाई थी, वह कार्य देव संस्कृति विश्वविद्यालय अपने प्रारंभिक दिनों से ही कर रहा है। इस दौरान देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. प्रणव पण्ड्या वर्चुअल जुड़े और नवप्रवेशी विद्यार्थियों को ज्ञानदीक्षा के सूत्रों से दीक्षित किया। उन्होंने कहा कि ज्ञानदीक्षा संस्कार विद्यार्थियों को नवजीवन प्रदान करने वाला है। ज्ञानदीक्षा की पृष्ठभूमि बताते हुए प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि परिस्थिति को बदलने से पहले अपनी मनःस्थिति को बदलें। ज्ञानदीक्षा का अर्थ हमारे व्यक्तित्व के अंदर प्रतिष्ठित हो तो सकारात्मक परिवर्तन संभव है। ज्ञानदीक्षा ज्ञान के उदय का पर्व है। कुलपति शरद पारधी ने स्वागत भाषण दिया। इससे पूर्व मंत्री धनसिंह रावत, प्रो सुरेखा डंगवाल ने वीर शहीदों की याद में बने शौर्य दीवार पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज के 44वाँ ज्ञानदीक्षा संस्कार समारोह में नवप्रवेशी विद्यार्थी वैदिक सूत्रों में बंधे। समारोह में उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, मप्र, झारखंड, बिहार सहित 22 राज्यों के 2000 से अधिक छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे। उदयकिशोर मिश्र व रामावतार पाटीदार ने नवप्रवेशार्थी छात्र-छात्राओं को वैदिक रीति से ज्ञानदीक्षा का वैदिक कर्मकाण्ड कराया। वहीं चयनित विद्यार्थियों को अतिथियों ने देसंविवि के प्रतीक चिह्न भेंट किया। समापन से पूर्व मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, कुलपति एवं प्रतिकुलपति ने धन्वन्तरी सहित अनेक पत्रिकाओं का विमोचन किया।

सुविचार

गुरु और समुद्र दोनों ही गहरे होते हैं पर दोनों की गहराई में फ़र्क़ है। समुद्र की गहराई में इंसान डूब जाता है लेकिन गुरू की गहराई में इंसान तर जाता है। - अज्ञात

टकराव के रास्ते पर ममता बनर्जी

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शहीद दिवस के अवसर पर फिर एक बार विवादास्पद बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि यदि बांग्लादेश से पीड़ित लोग शरण लेने के लिए हमारे दरवाजे पर आएंगे तो उन्हें शरण दी जाएगी। ममता बनर्जी ने ऐसा बयान देकर एक बार फिर सीधे केन्द्र सरकार से टकराव मोल ले लिया है। वैसे भी ममता बनर्जी शुरू से ही केन्द्र के साथ टकराव के रास्ते पर चल रही है। जब बंगाल सरकार के भ्रष्ट मंत्रियों के खिलाफ सीबीआई ने जांच तेज की थी तो उन्होंने बगैर बंगाल सरकार की अनुमति के सीबीआई के बंगाल में प्रवेश पर पाबंदी लगा दी थी। ईडी के अधिकारियों द्वारा जब भ्रष्टाचार के मामलों की जांच की गई तो उसका भी बंगाल में प्रबल विरोध किया गया। ममता बनर्जी सीएए का भी विरोध कर रही हैं। उनका कहना है कि वे इसे बंगाल में लागू नहीं होने देंगी। अब उन्होंने कहा है कि वे बांग्लादेशियों को शरण देंगी। यह सीधे सीधे केन्द्र सरकार को चुनौती है। ममता बनर्जी को यह पता होना चाहिए कि शरण देने का फैसला केन्द्र सरकार करती है। किसी भी राज्य सरकार को यह अधिकार नहीं है कि वह किसी देश के नागरिकों को अपने राज्य में शरण दें। 1971 में जब भारत के हस्तक्षेप से पाकिस्तान के दो टुकड़े हुए थे और बांग्लादेश नए देश के रूप में अस्तित्व में आया था। तब बांग्लादेशियों को भारत में शरण देने का फैसला तात्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार ने लिया था। किसी भी राज्य सरकार को यह अधिकार कतई नहीं है कि वह शरणार्थियों को अपने यहां बसाए। किन्तु लंबे समय से बंगाल और असम में बांग्लादेश से बड़ी संख्या में लोग घुसपैठ कर रहे हैं। और बंगाल में तो ममता बनर्जी की सरकार न सिर्फ उन्हें बचा रही है बल्कि मूलभूत सुविधाएं सुलभ करा रही है। अब तो उन्होंने खुलेआम यह ऐलान कर दिया है कि उनकी सरकार बांग्लादेशियों को शरण देगी। केन्द्र सरकार को चाहिए की वह बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हद में रहने की नसीहत दें। भारतीय संविधान में केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों के अधिकारों को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया गया है। भारतीय संविधान में यह व्यवस्था सुनिश्चित की गई है कि किन विषयों पर सिर्फ केन्द्र सरकार कानून बना सकती है और किन विषयों पर राज्य सरकार अपना कानून बना सकती है। एक समवर्ती सूची भी है। जिसके तहत केन्द्र और राज्य सरकारें दोनों ही कानून बना सकती हैं। लेकिन इसमें भी यह प्रावधान है कि यदि समवर्ती सूची में शामिल विषय पर केन्द्र और राज्य कानून परस्पर विरोधाभाषी है तो ऐसी स्थिति में केन्द्र सरकार का ही कानून प्रभावी माना जाएगा। एक ओर तो ममता बनर्जी भी आईएनडीआईए के अन्य दलों की भांति संविधान की दुहाई देती रही है। और दूसरी ओर वे संविधान के नियमों का उल्लंघन कर रही हैं। केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए किसी भी कानून को वे अपने राज्य में लागू करने से इनकार नहीं कर सकती लेकिन फिर भी वे ऐसा दुःसाहस दिखा रही हैं। केन्द्र सरकार से टकराव के रास्ते पर चलकर ममता बनर्जी भले ही अपना वोट बैंक मजबूत कर लें। लेकिन इससे राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए खतरा पैदा हो सकता है। इसलिए केन्द्र सरकार को अब ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ कार्यवाही करने से नहीं हिचकना चाहिए। अन्यथा उनके हौसले और बुलंद होंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि ममता बनर्जी के ऐसे बयानों और फैसलों पर केन्द्र सरकार गंभीरतापूर्वक विचार कर उचित कार्यवाही करेगी ताकि देश की एकता और अखंडता पर आंच न आने पाए।

कश्मीर में एक और आतंकी हमला

जम्मू कश्मीर में सक्रिय आतंकवादियों ने रजौरी में सेना के शिविर पर हमला कर दिया। भारतीय सेना के जवानों की सतर्कता के कारण इस हमले से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। सिर्फ एक सैनिक घायल हुआ। इसके बाद चली मुठभेड़ के बाद आतंकवादी भाग खड़े हुए। यह जम्मू कश्मीर में पिछले माह के दौरान हुआ पांचवा हमला है। दरअसल जब से जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराए जाने की घोषणा की गई है तभी से वहां आतंकवादी गतिविधियां तेज हो गई है। पाकिस्तान के इशारे पर वहां सक्रिय आतंकवादी जम्मू कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली के मार्ग पर अवरोध खड़ा करने के उद्देश्य से लगातार आतंकी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। और इसमें उन्हें स्थानीय लोगों की मदद भी मिल रही है। बहरहाल भारतीय थलसेना अध्यक्ष के जम्मू कश्मीर दौरे के बाद वहां सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की गई है। सैन्यबल भी बढ़ाया गया है ताकि बचे खुचे आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय सेना और सुरक्षाबलों का अभियान तेज किया जा सके। इसके साथ ही अब यह भी आवश्यक है कि जम्मू कश्मीर के अलगाववादी सोच वाले स्थानीय लोगों की भी सघन जांच पड़ताल की जाए जो आतंकियों की मदद करते हैं। आस्तीन के ऐसे सांपों का फन भी कुचला जाना निहायत जरूरी है। हाल ही में आतंकवादियों के ऐसे ही एक मददगार को गिरफ्तार किया गया है। ऐसे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ जब तक कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की जाएगी। तब तक जम्मू कश्मीर में बचे हुए मुट्ठीभर आतंकवादी इस तरह के कायराना हमले कर जम्मू कश्मीर में दहशत का माहौल बनाने की नाकाम काशिशें करते ही रहेंगे।

प्रेरक प्रसंग

सच्ची लगन सफलता की शर्त है

मैक्समूलर की माँ की हार्दिक इच्छा थी कि उसका बेटा देश का कोई बड़ा अधिकारी बने। एक विधवा होते हुए भी उसने मैक्समूलर की पढ़ाई में कोई कमी नहीं की, लेकिन मैक्समूलर को तो दूसरी ही धुन थी। वह कहता, 'नहीं, माँ मुझे संस्कृत पढ़ना है, पढ़ने दो।' वे संस्कृत के अध्ययन में जुट गए। लिपजिग कॉलेज में अध्ययन के दौरान इन्हें यह आश्चर्य हुआ कि अंग्रेजी के अनेक शब्द संस्कृत से निकले हैं यथा - डॉक्टर-दुहित्र से, फादर-पितर से, मदर-मातृ से, वाइफ-वधु से तथा ब्रदर-भ्रातर से। उन्हें गुरू की खोज में पेरिस जाना पड़ा। पेरिस में बर्नूफ को पाकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई। जब इन्होंने वेद अध्ययन की इच्छा व्यक्त की, तो गुरू ने कहा - 'तुम में प्रतिभा है, लगन है, एकनिष्ठता है। तुम हिन्दू धर्म या वेद दोनों में से किसी एक को अपना जीवन अर्पित कर दो।' मैक्समूलर ने वेद पढ़ने की जब इच्छा व्यक्त की तो गुरू ने दो हिदायतें दीं- वेद का भाष्य करते समय तुम धूम्रपान नहीं करोगे। मूल और भाष्य का एक शब्द एक अक्षर भी छोड़ोगे नहीं। उन्होंने इन वचनों का दृढ़ता से पालन किया और अपने 27 वर्षों के कठोर श्रम से ऋग्वेद का उद्धार किया, जो ईस्ट इंडिया कंपनी के संग्रहालय में कैद थे। हिन्दू धर्म के इस पवित्र ग्रन्थ के जीर्णोद्धार का श्रेय इन्हीं विद्वानों को जाता है, जिन्होंने अपने जीवन के लगभग पचास वर्ष भारतीय वांगमय में विचरते हुए बिताया।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:54, सूर्यास्त : 19:12, चन्द्रोदय: 20:29, चन्द्रास्त: 06:31, अयन दक्षिणायन, ऋतु: वर्षा, शक सम्वत: 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत: 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सर : क्रोधी, संवत्सर : (उत्तर) कालयुक्त, युगाब्द: (कलि संवत) 5126, मास : श्रावण, पक्ष : कृष्ण, तिथि : द्वितीया, नक्षत्र : धनिष्ठा, योग : आयुष्मान, प्रथम करण : कौलव (13:11 तक), द्वितीय करण : तैतिल (23:48 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कर्क, चंद्र : मकर, मंगल : वृष (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : सिंह (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (उदय, पूर्व, मार्गी), शुक्र : कर्क (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:07 से 12:59, राहुकाल :13:34 से 15:14, यमगण्ड : 10:54 से 12:33, दुर्मुहूर्त : 12:59 से 13:53, अमृत काल : 12:46 से 14:14, सर्वार्थसिद्धि योग : 05:30 से 22:21, विजय मुहूर्त : 14:41 से 15:36, गोधूलि मुहूर्त : 19:15 से 19:36, सायाह्न सन्ध्या : 19:17 से 20:18, निशिता मुहूर्त : 24:03 से 24:44, राहुवास : उत्तर-पश्चिम, होमाहुति : चन्द्र (22:21 से मंगल), दिशाशूल : पूर्व।

प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी

नरेंद्र मोदी से इतनी नफरत क्यों करता है पशि्चमी मीडिया?

> **भारत की छवि धूमिल करने का प्रयास**
>
> जब लगभग सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रकाशन भारत की आलोचना कर रहे थे, तो नई दिल्ली स्थित विदेशी संवाददाता भी उसमें शामिल हो गए। आस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की दक्षिण एशिया ब्यूरो प्रमुख अवनी डायस ने यह दावा करते हुए भारत छोड़ दिया कि उन्हें वीजा नहीं मिला और चुनाव कवरेज का मौका नहीं दिया गया। हालांकि ऐसा नहीं था, उनकी वीजा अवधि 18 अप्रैल, 2024 को समाप्त हो गई थी। वीजा बढ़ाने के लिए उन्होंने न तो फीस भरी थी और न अन्य औपचारिकताएं ही पूरी की थीं। बावजूद इसके अवनी ने भ्रामक बयान दिया। इसके बाद वह वापस लौटी तो 'द आस्ट्रेलिया टुडे' ने एक रिपोर्ट में लिखा कि अवनी ने अपनी नई नौकरी और शादी के लिए भारत छोड़ा था। जाहिर है अवनी झूठ बोल रही थी। उनका मकसद रिपोर्टिंग करना नहीं, बल्कि सरकार की छवि को बिगाड़ना था। इस घटना के तत्काल बाद 30 विदेशी पत्रकारों ने संयुक्त बयान जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि, "भारत में विदेशी पत्रकार, विदेशी नागरिक का दर्जा रखने वाले वीजा और पत्रकारिता परमिट पर बढ़ते प्रतिबंधों से जूझ रहे हैं।" दरअसल पश्चिमी मीडिया की ज्यादातर कोशिश यही रहती है कि वह भारत के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप पर फर्जी खबरें तैयार भारत की छवि को धूमिल कर सकें। पश्चिमी मीडिया का मोदीफोबिया अंतहीन है। वह लगातार भारत के खिलाफनकारात्मक एजेंडा चलाता रहता है। दरअसल पश्चिम की यह लॉबी अभी भी भारत की आर्थिक प्रगति को स्वीकार नहीं कर पा रही है। इसलिए हर स्तर पर देश को अस्थिर करने के प्रयास किए जाते हैं। इस बार के चुनावों में भी योजनाबद्ध तरीके से ऐसा ही किया गया, लेकिन देश के लोगों ने भाजपा और राजग पर भरोसा दिखाया और इस साजिश को सफल नहीं होने दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपने दोनों कार्यकालों में पश्चिमी नेताओं के साथ अब तक के सबसे अच्छे संबंध रहे हैं। लेकिन पश्चिमी मीडिया के साथ ऐसा नहीं है, जिसने उन्हें 'ताकतवर' से लेकर 'तानाशाह' तक, कई तरह के शब्दों से संबोधित किया है। अब जबकि 2024 के लोकसभा चुनावों के अंतिम परिणाम आ चुके हैं और नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, तब पश्चिमी मीडिया द्वारा फैलाए गए भारत-विरोधी और मोदी-विरोधी एजेंडे का त्वरित मूल्यांकन करना जरूरी हो जाता है।

भारत ने लोकसभा चुनावों के दौरान विदेशी पर्यवेक्षकों को भारतीय चुनावी प्रक्रिया देखने के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन पश्चिमी मीडिया ने मोदी सरकार पर अल्पसंख्यकों के प्रति ÷घृणा÷ से भरे "हिंदुत्व" के एजेंडे को आगे बढ़ाने का अपना सामान्य बयान जारी रखा। दिलचस्प बात यह है कि अधिकांश पश्चिमी मीडिया रिपोर्ट्स में मोदी सरकार की विभिन्न मामलों में कड़ी आलोचना की गई है और विपक्ष को पीड़ित के रूप में पेश किया गया है। पत्रकारिता का नियम है कि संतुलित रिपोर्टिंग में सभी पक्षों के तथ्य और सभी पक्षों के बयानों को समान रूप से प्रस्तुत किया जाना चाहिए। लेकिन चाहे वह दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का मुद्दा हो या प्रधानमंत्री मोदी के चुनाव प्रचार भाषण का मुद्दा, जिसमें उन्होंने विपक्षी कांग्रेस पर भारत के नागरिकों के अधिकारों को छीनने का आरोप लगाया था, पश्चिमी मीडिया कवरेज ने पूरे परिदृश्य को विकृत किया और बिना किसी पर्याप्त संदर्भ और दूसरे पक्ष के किसी भी दृष्टिकोण को शामिल किए पक्षपातपूर्ण और एकतरफा बयान जारी किये।

पूर्वाग्रह से ग्रसित पत्रकारिता

इसका सबसे बड़ा उदाहरण है ब्रिटिश दैनिक समाचार पत्र 'द गार्जियन' की 2024 के लोकसभा चुनाव कवरेज की कुछ सुर्खियां, जिसमें उन्होंने भारतीय चुनावों को कवर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से रिपोर्ट प्रकाशित की। आइये 'द गार्जियन' में प्रकाशित लेखों के कुछ शीर्षकों पर नजर डालते हैं- "भारत में चुनाव पूरे जोरों पर हैं, नरेंद्र मोदी हताश-और खतरनाक होते जा रहे हैं", "पीएम नरेंद्र मोदी का दावा है कि उन्हें भगवान ने चुना है", भारतीय चुनाव पर द गार्जियन का दृष्टिकोण: नरेंद्र मोदी बने नफरत के सौदागर", "चुनावी कानूनों की धज्जियां उड़ाई गईं, विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार किया गया ङ्क मोदी की भाजपा के खिलाफ खड़े होने का परिणाम", "'मोदी राजमार्ग बनाते हैं लेकिन नौकरियां कहां हैं?': भारत के चुनाव पर बढ़ती असमानता"।

इनमें से कुछ हेडलाइनें 'द गार्जियन' जैसे प्रतिष्ठित प्रकाशन से नहीं, बल्कि एक सस्ते टैबलॉयड से सीधे निकली हुई लगती हैं। अत्यधिक पूर्वाग्रह से ग्रसित ये हेडलाइनें शायद किसी सनसनीखेज थ्रिलर के कवर पर या किसी मेलोड्रामैटिक सोप ओपेरा के पंचलाइन के रूप में अधिक उपयुक्त लगेंगी। आप पहला लेख देखें, ÷भारत में चुनाव पूरे जोरों पर हैं, नरेंद्र मोदी हताश-और खतरनाक होते जा रहे हैं÷। यह लेख सलिल त्रिपाठी द्वारा लिखा गया है, जिनका गलत सूचना फैलाने और भारत विरोधी प्रचार करने का इतिहास रहा है। वे क्क्षह इंटरनेशनल राइटर्स इन प्रिज़न कमेटी के अध्यक्ष भी हैं। उनका यह लेख 2002 के गोधरा दंगों के लिए भारतीय प्रधानमंत्री को दोषी ठहराने की सामान्य कथा

से शुरू होता है और उन्हें अपराधी के रूप में चित्रित करता है। त्रिपाठी अपनी सुविधा के अनुसार इस प्रमुख कथा से चिपके रहते हैं और सफेद झूठ का प्रचार करते हैं। वह यह उल्लेख करने की भी परवाह नहीं करते कि भारतीय प्रधानमंत्री को 2002 के गोधरा नरसंहार के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा सभी आरोपों से बहुत पहले ही बरी कर दिया गया है। जाहिर है, लेखक यह सब नहीं बताएगा क्योंकि यह उसकी शातिर कथा के अनुकूल नहीं है। लेख का बाकी हिस्सा हमेशा की तरह मोदी की ÷हिंदुत्व÷ वाली राजनीति के बारे में ही चर्चा करता है। लेखक के अनुसार, मोदी की राजनीति खतरनाक और स्पष्ट रूप से विभाजनकारी है। मोदी के भाषण की तीव्रता से पता चलता है कि सत्ता में 10 साल रहने के बाद, उनकी सरकार के पास कोई तरकीब नहीं बची है और वह यह सुनिश्चित करना चाहती है कि भाजपा के मुख्य मतदाता उनका साथ न छोड़ें।

चुनाव आयोग पर प्रहार

'द गार्जियन' के अलावा जर्मन ब्रॉडकास्टर 'डॉयचे वेले' भी अपने इसी एजेंडे में लगा हुआ है। 'डॉयचे वेले' ने हाल ही में एक लेख प्रकाशित किया, जिसका शीर्षक था, "क्या भारत का चुनाव आयोग मोदी के खिलाफ शक्तिहीन है?" यह लेख भी प्रधानमंत्री मोदी के चुनावी भाषण पर केंद्रित है। लेख में उनके भाषण को सनसनीखेज बनाने की कोशिश की गई है, जिसमें कहा गया है कि उनके शब्द इस्लामोफोबिया में डूबे हुए थे। लेकिन जाने अनजाने में लेखक ने इस लेख में ऐसे तथ्य भी प्रस्तुत कर दिये, जो दिखाते हैं कि मोदी सरकार ने अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए सबसे अधिक योजनाएँ चलाई हैं। लेख में सुविधाजनक रूप से उस संदर्भ को भी छोड़ दिया गया है, जिसमें मोदी ने टिप्पणी की थी कि धर्म के आधार पर आरक्षण प्रदान करना भारतीय संविधान की भावना और प्रावधानों के विरुद्ध है। लेख में इस बात पर बहस की जा सकती थी कि क्या धर्म के आधार पर आरक्षण प्रदान करना वास्तव में भारतीय संविधान की मूल बातों के विरुद्ध है, या इसके लिए कोई जगह है? लेकिन इस तरह के काम के लिए गहन शोध की आवश्यकता होती है और कम से कम यहाँ 'डॉयचे वेले' का इरादा निष्पक्ष समाचार रिपोर्टों के बजाय पक्षपाती और इमोशनल क्लिकबेट कहानियों को जगह देना था। लेख में भारत के चुनाव आयोग को एक "निष्क्रिय दर्शक" भी कहा गया है और किसी तरह यह स्थापित करने के लिए अज्ञात स्रोतों का हवाला दिया गया है कि चुनाव आयोग ÷एक पार्टी÷ के प्रति पक्षपाती है। देश के चुनाव आयोग के खिलाफ चुनावों के बीच में बिना किसी सबूत के और अज्ञात स्रोतों द्वारा दिए गए सामान्यीकृत बयानों के आधार पर आकस्मिक आरोप लगाना क्या वाकई में पत्रकारिता है। हालाँकि, ऐसा लगता है कि यह मतदाताओं को प्रभावित करने और भारत के आंतरिक मामलों में दखल देने का एक बहुत ही सूक्ष्म प्रयास है।

नैरेटिव के अनुकूल खबरें

इसी तरह 'सीएनएन' भी मोदीफोबिया के रथ पर सवार होकर यह लेख लिखता है कि ÷भारत का चुनाव अभियान नकारात्मक हो गया है क्योंकि मोदी और सत्तारूढ़ पार्टी इस्लामोफोबिया की बयानबाजी को अपना रहे हैं÷। लेकिन, इनमें से एक भी मीडिया आउटलेट महिलाओं के खिलाफ भयानक संदेशखली हिंसा, या टीएमसी के लोगों द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं की बेरहमी से हत्या, या भाजपा की नूपुर शर्मा की टिप्पणियों का समर्थन करने के लिए कन्हैया कुमार की बेरहमी से हत्या जैसे मुद्दों पर बात नहीं करता। 'द गार्जियन', 'डॉयचे वेले', 'सीएनएन' आदि जैसे मीडिया आउटलेट इन मुद्दों को कवर नहीं करते, क्योंकि ये उनके नैरेटिव के अनुकूल नहीं हैं, लेकिन कुछ मुद्दों पर पक्षपातपूर्ण कवरेज करके भारत विरोधी प्रचार जरूर करते हैं। इसी कड़ी में फाइनेंशियल टाइम्स ने लिखा, 'लोकतंत्र की जननी की हालत अच्छी नहीं है।' न्यूयॉर्क टाइम्स ने तो 'मोदी का झूठ का मंदिर' बताया, जबकि फ्रांस के प्रमुख अखबार ले मॉन्द ने लिखा, 'भारत में केवल नाम का लोकतंत्र है।' अमेरिकी न्यूज चैनल 'फॉक्स' ने 20 मई को लिखा, 'अयोध्या में अल्पसंख्यकों को लगातार डराया जा रहा है।' 'सीएनबीसी' ने चुनाव को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया है, वहीं 'सीबीएस' टेलीविजन नेटवर्क ने मोदी के चुनाव प्रचार को अल्पसंख्यक विरोधी बताया है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1555: सरहिंद में सिकंदर सूरी को हराकर मुगल शासक हुमायूं दिल्ली पहुंचा। 1829 अमेरिका के विलियम ऑस्टिन बर्ट ने टाइपोग्राफका पेटेंट कराया। इससे बाद ही टाइपराइटर का विकास हुआ। 1877: हवाई में पहली टेलीफोन और टेलीग्राफ लाइन बिछाई गई। 1881: अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक संघ ने खेल परिसंघ की स्थापना की। यह विश्व का सबसे पुराना खेल परिसंघ है। 1903: मोटर कंपनी फोर्ड ने अपनी पहली कार बेची। 1920: ब्रिटेन के कब्जे वाले पूर्वी अफ्रीका का नामकरण केन्या किया गया। 1927: मुंबई से रेडियो सेवा का नियमित प्रसारण शुरू। 1974: यूनान में सैन्य शासन का अंत और पूर्व प्रधानमंत्री कौन्स्टैनटिन कारमनालिस को दोबारा सत्ता संभालने का न्यौता दिया गया। 1998: संयुक्त राज्य अमेरिका ने सात भारतीय वैज्ञानिकों को देश छोड़ने का आदेश दिया। 2001: मेघावती सुकर्णोपुत्री इंडोनेशिया की राष्ट्रपति बनीं। 2005: मिस्र के शर्म-अल-शेख के रिजॉर्ट में हुए बम धमाकों में 88 लोग मारे गए। 2008: नेपाल के प्रधानमंत्री गिरिजा प्रसाद कोइराला ने नव निर्वाचित राष्ट्रपति रामबरन यादव को अपना इस्तीफा सौंपा। 2012: इराक में सिलसिलेवार हमलों में 103 लोग मारे गए।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

दीप, बाती तप रहे

दीप, बाती तप रहे जिसको जलाने के लिये, एक झौंका आएगा वो लौ बुझाने के लिये.. रीत जग की सीखने में, उम्र आधी लग गई, और फिर आधी लगी उसको निभाने के लिये.. थी घड़ी आनंद की या दुख मनाने की घड़ी, हर घड़ी जीवन मे आई बीत जाने के लिये..

- निश्चय बाजपेई

स्वागत पावस का करें

स्वागत पावस का करें, बाल रूप घनश्याम । मोहित होकर भींगते, दृश्य नयनाभिराम ॥ दृश्य नयनाभिराम, झूमकर बदली आई । कर पायेगी स्पर्श, सोचकर ही इतराई । भींग रहे श्री कृष्ण, सुमन देखे बिन लागत । अनुपम झाँकी देख, हृदय से करती स्वागत ॥

- सुमन ओमानिया

ख़ास पाती | सब लौटते है लौटना एक नैसर्गिक

सब लौटते है लौटना एक नैसर्गिक क्रिया है ये चेतना का भाग है। मौसम लौटते है बारिश धूप छांव बन कर सुख कर झर गए पत्ते लौटते है नवीन पल्लवो में पोषण बन कर दूसरे देश, शहर और गांव गए लोग अपने देशों को लौटते है पंछी भी लौटते है छाया भी विस्तार पाकर पुनः देह में लौट आती है। की श्वास भी जाकर, लौटती है। श्वास का वापिस लौटना जीवन का अनुप्रास और पुनुरक्ति अलंकार है पर क्या पूर्ण लौटना संभव है कभी कभी हम पूरे नही लौट पाते, वहां से जहां से मान चुके है की हम लौट तो चुके है पर हमारा कुछ शेष रह जाता है कौन कबीर की भांति जस की तस चादरिया रख पाया है यहां सबकी चादर या तो अधूरी है। या मैली। पर गुण अवगुण पारस ने कब विचारे है। अधूरे लौटे या पूरे लौट जाना नियति है। **- कुलदीप वर्मा**

मेरी किताब का हर अक्षर गुरु की ही देन है

मेरी किताब का हर अक्षर गुरु की ही देन है जिनसे सीखा मैने वर्णो का ही ज्ञान है। संसार से परिचय कराया भले - बुरे का आभास दिलाया दोष निकलकर सुदृढ़ बनाया गुरु हमारे महान है। गीली मिट्टी थी मैं छोटी साकार किया बन कुंभकार अंधकार से प्रकाश में लाकर जीवन बना मूल्यवान । चरण स्पर्श करू मैं और उनपर लिखूं कविता अमृतवाणी गंगाजल से सदा सानिध्य की बहे सरिता।

- पुष्पा त्रिपाठी

सिवा तेरे यहाँ पर सब बन गए मीत

सिवा तेरे यहाँ पर सब बन गए मीत हैं मेरे। मैं जो कुछ भी यहाँ जीता,सभी वह जीत हैं तेरे। तुम्हारे साथ चलकर भी,तुम्हारे साथ रहकर भी- जो तुमसे कह नहीं पाया,वही सब गीत हैं मेरे।

- अमित शिवकुमार दुबे

गुरु दिखलाये राह जब ,मिले नसीहत ज्ञान!

गुरु दिखलाये राह जब ,मिले नसीहत ज्ञान! खिले उन्ही की सीख से, जीवन का उद्यान !! मिला हमेशा ही मुझे,... गुरु का आशीर्वाद! मैने उसको रख लिया,उनका समझ प्रसाद !! कितना भी ऊँचा बढे,,.जीवन मे इन्सान! बिन गुरु के हर आदमी,रहे अधूरा जान!! बिन गुरु मिलता ही नहीं,कभी किसी को ज्ञान! कितनी भी पढ लीजिए,... गीता औ कुरआन !! जीवन के हर मोड़ पर,सदगुरु मिले तमाम! जिनके आशीर्वाद से,.......बनें समूचे काम !! मुश्किल है इस दौर में,... मानव की पहचान! सदुरु पाना किस तरह, होगा फिर आसान !! **- रमेश शर्मा वशिष्ट**

वो जहाँ -जहाँ जाता रहा वहाँ -वहाँ

वो जहाँ -जहाँ जाता रहा वहाँ -वहाँ उजालों को निगलता रहा लोग उसकी प्रशंसा में गीत लिखते रहे क्योंकि अंधेरा डराता है अंधें कभी अंधेरे से न डरते और न लड़ते हैं अंधेरों से लड़ते हैं चाँद ,सूरज ,तारे ,दीपक ,जुगनू और उजालों की चाहत में जीने और मरने वाले वो भी जिनके नियति ने नेत्र छीन लिये हैं और यह सब कौन बोल रहा था ? अंधेरे का सबसे प्रबल शत्रु ज्ञान का दीपक और यह अंधेरा आज भी मुझे या आपको नहीं वह खोज रहा है ज्ञान के उस नन्हे दीये को **- रामकिशोर उपाध्याय**

मेरे दिल को जलाए ये कैसी अगन

मेरे दिल को जलाए ये कैसी अगन तेरे सजदे में झुक जाएं मेरे नयन ये तो ईश्वर का वरदान है सच कहूँ तू है प्रियतम मेरा मैं हूँ तेरी दुल्हन तुम किश्न हो मेरे तुम मेरे राम हो कितनी सदियों से मैं हूँ तुम्हारी सजन मैंने बाहर की दुनिया में देखा तुझे मेरे अंतस में है बस तेरा आगमन ये निधि एक चिड़िया है उड़ती हुई तुम मेरी प्रीत का एक सुंदर गगन **- निधि भार्गव मानवी**

QUIZ TIME

1) रेलयात्री बीमा योजना किस वर्ष शुरू की गई?

2) आयुर्वेद पर अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेद सम्मेलन का आयोजन कहाँ किया गया?

3) शरीर में अमीनो अम्ल की संख्या कितनी है?

4) चाय के लिए कौन-सी मिट्टी सर्वोत्तम मानी जाती है?

5) किसे वन्य जीव संरक्षण में योगदान हेतु वन्य जीव संरक्षण पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अगस्त, 1994 (2) बेंगलुरु (3) 22 (4) लेटराइट (5) शाजिया मीर

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। आज कार्यो को काफी सोच विचारने के बाद ही करेंगे। कार्य क्षेत्र पर निर्णय लेने में थोड़ी परेशानी भी रह सकती है।

वृष: आज के दिन आप में परोपकार की भावना अधिक रहेगी। अपने कार्यो को छोड़ दुसरो के कार्य करने के कारण परेशानी होगी परन्तु मानसिक संतोष भी रहेगा।

मिथुन: आज के दिन कार्यो में निरंतर मिल रही असफलता के कारण नकारात्मक विचार मन को परेशान करेंगे। शारीरिक रूप से भी शिथिल रहेंगे।

कर्क: आज दिन का पूर्वार्द्ध पहले की भांति शांति से व्यतीत करेंगे परन्तु इसके बाद का समय थोड़ा कष्टदायक रहने वाला है सभी महत्त्वपूर्ण कार्य आलस्य छोड़ जल्दी निपटाने का प्रयास करें।

सिंह : आज के दिन आप स्वार्थ सिद्धि के कारण आपसी मनमुटाव भुलाकर नए सिरे से कार्य करेंगे।

कन्या: आज के दिन आप तन मन से एकदम चुस्त रहेंगे। मानसिक प्रसन्नता रहने से कार्यो को बेहतर ढंग से कर पाएंगे।

तुला: आज के दिन की शुरुआत में किसी से विवाद हो सकता है जिस के कारण मध्यान तक मन अशांत रहेगा।

वृश्चिक: आज के दिन धन लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यो में गति आने एवं घर एवं कार्य क्षेत्र पर अव्यवस्था में सुधार होगा।

धनु: आज आप आस-पास बन रहे वातावरण से क्षुब्ध होकर एकांतवास करना पसंद करेंगे।

मकर: आज का दिन आप आनंद से बितायेंगे। किसी मनोकामना अथवा बनाई योजना में सफलता मिलने की खुशी दिन भर रहेगी।

कुंभ: आज के दिन सभी कार्यो में आशा के विपरीत फल रहेगा। विशेष कर धन सम्बंधित कार्य अनुभवी व्यक्ति की सलाह के बाद ही करें।

मीन: आज आपका ध्यान कार्य क्षेत्र पर कम ही रहेगा फलस्वरूप लाभ की आशा भी छोड़नी पड़ेगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

ऊपर से नीचे

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 125 का हल

ज	द्दो	जे	ह	द		स	पू	त
ल		ब	ल	वा	न			द
म	ह	क		खा	म	खां		बी
न		त	ल	ना		स	फ	र
	म	रा				ना	टा	
	हि		स				फ	ने
	ला	ज	वा	ब		म	ट	र
मां		ग			सं	त	ति	भ
	मा	त	ह	त			प	क्षी

न्यूज गैलरी

होटल गारनेट में लगी आग

दुर्ग। होटल गारनेट इन में भीषण आग लग गई। एसडीआरएफ की टीम ने फंसे लोगों को बाहर निकाला। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाए जिला दुर्ग को सूचना मिली थी कि स्टेशन रोड तरुण टाकीज के सामने स्थित होटल गारनेट इन में आग लगी है। सूचना मिलते ही अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन की टीमों तत्काल रवाना किया गया। वहाँ पहुँचकर अग्निशमन कर्मियों ने धुएं से भरे होटल के किचन पर घुसकर तीन कमर्शियल सिलेंडर को बाहर निकाला और होटल में फँसे लोगों को सुरक्षित जगह स्थान पर निकाल कर में बड़ी मशक्कत से आग पर क़ाबू पाया। आग बुझाने पहुंचे तो पूरा होटल धुंए से भर गया था। उन्होंने पहले एक एक्सटर्नल बड़ा वैक्यूम मशीन लगाकर धुएं को बाहर निकाला।

तहसील परिसर में पौधरोपण

दुर्ग। स्वच्छ तहसील परिसर में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर फूलों का पौधा रोपण किया गया। जिसमें तहसील परिसर स्टांप विक्रेता एव दस्तावेज लेखक अर्जी निवेश एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। स्वच्छ तहसील सुंदर तहसील के रूप में जाना जाता है यह कार्यक्रम पूजा पाठ करके कार्यक्रम संपन्न हुआ।

850 तीर्थयात्री आज होगें रवाना

दुर्ग। श्री रामलला दर्शन योजना के तहत दुर्ग संभाग और बस्तर संभाग के 850 श्रद्धालुओं को निःशुल्क यात्रा कराई जाएगी। तीर्थयात्रियों का दल 23 जुलाई 2024 को दुर्ग रेल्वे स्टेशन से दोपहर 12 बजे स्पेशल ट्रेन से श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम की यात्रा के लिए रवाना होगा। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अमित सिंह परिहार ने बताया कि रामलला दर्शन पश्चात् तीर्थयात्रियों का दल 26 जून 2024 को मध्य रात्रि स्पेशल ट्रेन से ही दुर्ग वापस पहुंचेगी। तीर्थ यात्रा में दुर्ग जिले के 185 श्रद्धालु जिसमें 139 ग्रामीण एवं 46 श्रद्धालु शहरी क्षेत्र से शामिल किए गए है। दुर्ग रेल्वे स्टेशन में 23 जुलाई को दोपहर 12 बजे जन प्रतिनिधियों द्वारा स्पेशल ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

झांसा देकर दो लाख की ठगी

भिलाई। छावनी थाना अंतर्गत एक युवक को ओएलएक्स में बाइक दिखाकर बेचने का झांसा देकर 1.97 लाख की ठगी की है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। छावनी पुलिस ने बताया कि आदर्श नगर कैंप 2 वार्ड 31 निवासी गुड्डु सोनकर फल मंडी में ट्रांसपोर्टिंग का काम करता है। उसका बेटा शिवम सोनकर को अज्ञात व्यक्ति ने ओएलएक्स में बाइक दिखाकर बेचने का झांसा देकर 17 बार में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से 1 लाख 97 हजार 600 रुपए का धोखाधड़ी की है। शिवम को ओएलएक्स में बाइक की कीमत 35 हजार बताई गई। बाइक के लिए शिवम ने 10 जुलाई को खरीदने के लिए संपर्क किया।

सौ से अधिक शासकीय महाविद्यालय प्राध्यापकों ने किया विरोध प्रदर्शन

■ ज्ञापन में प्राध्यापकों ने महाविद्यालय में सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात करने की भी अपील की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हो।

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। शासकीय महाविद्यालय खूबचंद बघेल भिलाई-3 के प्राध्यापक डॉ. विनोद शर्मा पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में आज शासकीय विश्वनाथ यादव तमस्कर स्वशासी महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों और जिले के अन्य महाविद्यालयों के प्राध्यापकों ने एकजुट होकर कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। महाविद्यालय के समीप कुछ अज्ञात बदमाशों द्वारा लाठी और रॉड से घात लगाकर हमला किया गया, जिसमें डॉ. विनोद शर्मा, प्राध्यापक (हिंदी) को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के समय डॉ. शर्मा महाविद्यालय के बाहर चाय की दुकान पर खड़े थे। वे महाविद्यालय में प्रवेश प्रभारी के रूप में कार्यरत थे। इस हमले से संपूर्ण छत्तीसगढ़ के महाविद्यालय प्राध्यापक संघ में भारी आक्रोश और रोष व्याप्त है। आज 22 जुलाई 2024 को शासकीय विश्वनाथ यादव तमस्कर स्वशासी महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों और जिले के अन्य महाविद्यालयों के प्राध्यापकों ने एकजुट होकर कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपे। प्राध्यापकों ने कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि डॉ. विनोद शर्मा पर हमला करने वाले दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला को दिए गए ज्ञापन में प्राध्यापकों ने महाविद्यालय में सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात करने की भी अपील की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। छग महाविद्यालय प्राध्यापक संघ एवं दुर्ग जिला प्राध्यापक संघ के बैनर तले दुर्ग जिले के सभी प्रतिष्ठित महाविद्यालयों के प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। जिसमें शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी, महाविद्यालय के अलावा अन्य महाविद्यालयों के जिले के महाविद्यालयों से जिनमे महिला महाविद्यालय के प्राध्यापक, उतई महाविद्यालय के प्राध्यापक, जामगांव महाविद्यालय , भिलाई-3 के प्राध्यापक, वैशालीनगर महाविद्यालय, मचांदूर के प्राध्यापक, मॉडल कॉलेज धनोरा के प्राध्यापक, रिसाली के प्राध्यापक, बोरी के प्राध्यापक, बोरी महाविद्यालय के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ प्राध्यापक व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी लगभग 100 से अधिक लोग शामिल होकर प्रदर्शन को अंजाम दिया।

शिवनाथ नदी के फिल्टर में फंसे प्लास्टिक को निगम ने निकाला

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में तीन दिनों से लगातार बारिश के कारण शिवनाथ नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। शिवनाथ नदी महमरा एनीकट पर 6 फीट ऊपर से पानी बह रहा है। इन्हीं कारणों से आसपास के क्षेत्रों से शिवनाथ नदी में कचरा बहकर आने के कारण इटंकवेल में कचरा फंसने से शहर में पानी सप्लाई प्रभावित हुई है। महापौर धीरज बाकलीवाल के मार्गदर्शन पर आज जलकार्य प्रभारी संजय कोहले द्वारा जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर एवं जलकार्य विभाग की टीम के साथ शिवनाथ नदी के साइफन में फंसे कचरे 24 एमएलडी के इंटकवेल के किनारे आसपास से झिल्ली पन्नी कचरा निकाला गया। इंटकवेल में नीचे उतरकर सायफन में फंसे कचरे को सफाई करवाया। निगम की टीम मौके पर 40 फीट गहराई में उतर कर पम्प में फंसे झिल्ली पन्नी को बड़ी मशक्कत के बाद कचरे को बाहर निकालकर सफाई किया गया। महापौर व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं जलकार्य प्रभारी ने अधिकारियों से आज इंटकवेल में अच्छी ढंग से सफाई करवाकर शहर में जलप्रदाय में होने वाली बांधा को दूर करने कहा है। उन्होंने पानी सप्लाई निरंतर जारी रखने की बात कही। इंटेकवेल में कचरे एवं जलकुंभी को साफ करने का महापौर, आयुक्त ने अधिकारियों से कहा आज इंटकवेल में अच्छी ढंग से सफाई करवाकर शहर में जलप्रदाय में होने वाली बांधा को दूर करने कहा है। उन्होंने पानी सप्लाई निरंतर जारी रखने की बात कही। शिवनाथ नदी के इंटेकवेल की सफाई करते हुए फंसे हुए कचरे एवं जलकुंभी को साफ करने का कार्य कर रही है इसके साथ नदी में बाढ़ जैसे स्थिति को देखते हुए लगातार बचाव कार्य हेतु निगरानी भी कर रही है ताकि कोई अप्रिय स्थिति ना हो। वही इंटेक वेल की सफाई का कार्य लगातार युद्धस्तर पर किया जा रहा है ताकि जहां जहां जल प्रदाय का कार्य प्रभावित हुआ है उसको जल्द से जल्द इंटरवेल को साफ करके शुरू किया जा सके।

युवक को मारा चाकू, बाहर आ गई अतड़ियां

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। रविवार की रात्रि एक युवक पर जानलेवा हमला हुआ है। आरोपी ने धारदार चाकूनुमा हथियार से उसका पेट फाड़ दिया। इससे उसकी अंतड़ियां ही बाहर आ गईं। युवक का इलाज जिला अस्पताल दुर्ग में चल रहा है। पूरा मामला खुर्सीपार थाना क्षेत्र के खुर्सीपार का है। रविवार देर शाम लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में एक युवक घायल अवस्था में पहुंचा था। उसे खुर्सीपार पुलिस लेकर पहुंची थी। पूछने पर पता चला कि युवक पर जनलेवा हमला हुआ है। वो देवार पारा का रहने वाला है। उसका नाम उदय देवार पिता बाबा देवार है।

अतड़ियों को पेट के अंदर डाला

सुपेला अस्पताल में युवक की अंतड़ियों को पेट के अंदर दोबारा डाला गया और टांका लगाया गया। इसके बाद उसकी बिगड़ती हालत को देखकर उसे तुरंत दुर्ग जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां उसका इलाज किया जा रहा है। वहीं खुर्सीपार पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। घायल ने आरोपी का नाम भी बताया है, लेकिन परिजन अभी किसी पर भी शक नहीं जता रहे हैं। उनका कहना है कि उनके बेटे का किसी से झगड़ा भी नहीं था।

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पकड़ने के लिए खुर्सीपार पुलिस घटना स्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। खबर लिखे जाने तक आरोपी का पता नहीं चल पाया है। पुलिस एक दो संदेहियों से पूछताछ कर रही है। इधर देवार पारा में इस तरह की घटना होने से वहां भी माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

सावन के पहले सोमवार शिव मंदिरों में हुआ रुद्राभिषेक

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। सावन के पहले सोमवार में शहर के शिवालयों और शिवनाथ नदी के तट पर शिवभक्त की भीड़ उमड़ी है। मंदिरों में सुबह से ही पंचाक्षरी मंत्र के साथ भक्त शिवलिंग का जलाभिषेक कर रहे हैं। इसके साथ ही शहर के टाउनशिप और भिलाई के बड़े मंदिरों में भी भक्त पूरी श्रृद्धा के साथ जलाभिषेक करने पहुंच रहे हैं। दुर्ग-भिलाई के लगभग सभी शिव मंदिरों में सुबह से भोलेनाथ को मनाने के लिए उनके भक्त पहुंच रहे हैं। भक्त महादेव का दूध, दही, शहद, घी, फलों के रस, शक्कर, मंदार के फूल, धतूर, भांग, धूप दीप आदि से अभिषेक व पूजन कर भोलेनाथ के जयकारे लगा रहे हैं। शहर के बैंकुठधाम, नेहरूनगर भेलवा तालाब मंदिर, सेक्टर 7 तालाब स्थित शिवमंदिर, जलकंठेश्वर मंदिर, दुर्ग स्थित पशुपतिनाथ मंदिर, शिवनाथ नदी स्थित शिवमंदिरों में विशेष पूजन व रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। सावन का पहला सोमवार काफी शुभ होता है। इस दिन जो भी भक्त भक्ती और श्रृद्धा के साथ भगवान शिव को एक लोटा जल चढ़ाता है उसकी मन्नत जरूर पूरा करते हैं।

मना गुरु पूर्णिमा पर्व

कुम्हारी। डॉ. केशव हेडगेवार बाल कल्याण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुपूर्णिमा का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियो के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात अतिथि परिचय में मुख्य अतिथि भास्कर राव किन्हेकर, विद्यालय अध्यक्ष निश्चय वाजपेयी, सचिव अवधेश दुबे, कोषाध्यक्ष गीतेश्वर साहू, प्राचार्या मनीषा साहू एवं विद्यालय परिवार इस कार्यक्रम में शामिल हुए। गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम विद्यायल में पढ़ने वाले भैया एवं बहनों द्वारा आयोजित था। कार्यक्रम में गीत, भाषण, कविता प्रस्तुत किए गए। साथ ही खेल का आयोजन भी किया गया था।

पालिका कर्मचारियों ने की कलमबंद हड़ताल

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ द्वारा अपनी मांगों को लेकर तीन चरणों में आंदोलन किया जा रहा है। जिसके प्रथम चरण में काला फीता लगाकर दो दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया गया इसके पश्चात द्वितीय चरण में सोमवार को पूरे प्रदेश के सभी नगरीय निकाय मे कलम बंद हड़ताल किया गया। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद कुम्हारी के सभी कर्मचारियों द्वारा कलम बंद रख कर विरोध व्यक्त किया, संघ द्वारा मांगों का समर्थन किया गया। विदित हो कि छत्तीसगढ़ के अधिकांश नगरीय निकायो में 2 से 4 माह का वेतन भुगतान लंबित रहता है जिससे अधिकारियों कर्मचारियों को परिवार का भरण-पोषण करने में विकराल समस्या उत्पन्न हो जाती है साथ ही मानसिक तनाव भी बना हुआ रहता है। उक्त संबंध में विभागीय मंत्री जी को इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है किन्तु समस्या अबतक जस की तस बनी हुई है। संघ द्वारा लगातार समस्या का स्थायी निदान हेतु सम्बंधित मंत्री जी से लेकर उच्च कार्यालय से किया गया किन्तु कहीं से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर संघ के आव्हान पर पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश नगरीय निकायो में चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। कलमबंद हड़ताल सरकार की ओर ध्यान आकर्षण कराने हेतु रखी गई है। उक्त हड़ताल में निकाय के समस्त अधिकारी व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

शिवनाथ में बढ़ता जलस्तर, वोरा ने उठाए सुरक्षा के मुद्दे

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। सावन के पवित्र महीने की शुरुआत के साथ ही शिवनाथ नदी में जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि वे सतर्क रहें और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करें। उन्होने कहा शिवनाथ में जलस्तर बढ़ने के बावजूद सुरक्षा के उपायों की कमी साफ नजर आ रही है। पूर्व में भी यहां घटनाएं घट चुकी हैं इसलिए आगे ऐसी स्थिति से बचने के हमें अधिक सतर्कता बरतनी होगी। उन्होंने प्रशासन से कहा कि एसडीआरएफ की पूरी टीम को तैनात किया जाए। पहले से स्वीकृत कंट्रोल रूम को सक्रिय किया जाए। पूर्व में स्वीकृत सीसी टीवी कैमरों को तत्काल स्थापित किया जाए। पर्याप्त विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पुल की सफाई अविलंब की जाए। उन्होंने विशेष रूप से एनीकेट पर तेज बहाव की स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की है और प्रशासन से इसे भी ध्यान में रखने का अनुरोध किया है। शिवनाथ में जलस्तर का बढ़ना सावन महीने में आम है, लेकिन प्रशासनिक सतर्कता और सही समय पर किए गए उपाय नागरिकों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सकेगा। प्रशासन को तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि किसी भी आपदा की स्थिति से निपटा जा सके। अब देखना होगा कि प्रशासन कितनी जल्दी और प्रभावी ढंग से कार्रवाई करता है।

बीएसपी ने 34 कब्जेधारियों को किया बेदखल

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुए 22 जुलाई 2024 को भी माननीय संपदा न्यायालय के आदेश पर कोतवाली थाना, भिलाईनगर, पुलिस बल की सहायता से अवैध कब्जेधारियों पर बड़ी कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में 34 अवैध कब्जेधारियों को बेदखल किया। जिसमें 2 डिक्री आवास शामिल है। संपदा न्यायालय के आदेश पर अब तक 301 डिक्री आवास रिक्त कराया गया है तथा 590 आवास से अवैध कब्जेधारियों को बेदखल किया गया है। साई मंदिर सेक्टर-06, स्थित पानी टंकी को असुरक्षित घोषित किया गया है। उक्त पानी टंकी के नीचे अवैध व्यवसाय कर रहे, दुकानदारों को उनकी सुरक्षा की दृष्टि से तत्काल उक्त स्थान से हटने की समझाइश चौथी बार दिया है। इस संबंध में जिला प्रशासन को भी पत्र लिख कर संपूर्ण घटनाक्रम की जानकारी देते हुए सुरक्षा की दृष्टि से अवैध दुकानें हटाने हेतु सहायता की मांग की गई है, ताकि जान-माल की हानि को रोका जा सके। अनफिट ब्लॉक्स को अधिकृत एजेंसी द्वारा खतरनाक घोषित किया जा चुका है। चेतावनी देने के बावजूद लोग अवैध तरीके से वहाँ आवास कर रहे और व्यवसाय कर रहे हैं।

आवास योजना के हितग्राहियों की सूची जारी

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान-मोर आस अंतर्गत पात्र/अपात्र की सूची तैयारी किया गया है। आपत्ति दावा प्रकाशन निगम द्वारा पीएम आवास योजना के घटक मोर मकान-मोर आस अंतर्गत, अंतिम पात्र/अपात्र की सूची तैयार किया गया है। आपत्ति दावा का अंतिम प्रकासन मोर मकान-मोर आस अंतर्गत आपत्ति दावा की प्रक्रिया के संपादन पश्चात अंतिम पात्र/अपात्र की सूची प्रकाशित की जा चुकी है। यह सूची को विभागीय वेबसाईड में देखा जा सकता है तथा यह सूची निगम के मुख्य कार्यालय में एवं डाटा सेंटर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा में चस्पा किया गया है। अंतिम पात्र/अपात्र की सूची आपत्ति दावा हेतु जारी किया गया है। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा है कि अपना आबंटन पत्र डाटा सेंटर, सेन्ट्रल लाईब्रेरी पीएम आवास योजना शहरी से प्राप्त कर लेवे। पात्र हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जमा कर भवन आबंटन हेतु पंजीयन करावे। जिनके द्वारा 23 जुलाई 24 तक राशि जमा की जाती है उनका ड्रा 24 जुलाई 24 को डेटा सेंटर में निकाला जावेगा। माँ कर्मा सोसाइटी में 108 मकान भी पूर्णता है जिसमे सारी व्यवस्था की जा चुकी है।

राजस्व प्रकरणों के निराकरण कार्य को मिलेगी रफ्तार

राजस्व अभिलेखों के लिपिकीय त्रुटियों के सुधार हेतु तहसीलदारों को किया अधिकृत

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। राज्य शासन राजपत्र (असाधारण) 4 मई 2022 के द्वारा छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 115 में संशोधन करते हुए भू-अभिलेख में गलत या अशुद्ध प्रविष्टि का शुद्धिकरण किए जाने हेतु उपखंड अधिकारी (अनुविभागीय अधिकारी) को अधिकृत करने हेतु अधिसूचना जारी की गई थी। अनुविभागीय अधिकारियों के पास एक से अधिक तहसीलों का प्रभाव होता है। त्रुटि सुधार के कार्य को करने हेतु अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर संबंधित तहसील के तहसीलदारों से प्रतिवेदन प्राप्त किया जाता था। तहसीलदार इश्तिहार प्रकाशित कर राजस्व निरीक्षक पटवारी से जानकारी लेकर अपना प्रतिवेदन अनुविभागीय अधिकारी को प्रस्तुत करते थे। उक्त प्रक्रियाओं का पालन करने में अनावश्यक विलंब होने से आम जनता का कार्य समय पर पूर्ण नहीं हो पा रहा था। अपर कलेक्टर अरविंद एक्का से मिली जानकारी अनुसार आम जनता को होने वाली परेशानियों को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 19 जुलाई 2024 को राजपत्र (असाधारण) में यह अधिसूचना प्रकाशित की गई कि छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता, 1959 (क्र. 20 सन 1959) की धारा 24 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार द्वारा उक्त संहिता की धारा 115 के अधीन तहसीलदार को शक्तियां प्रदत्त की गई है। जिसके अंतर्गत भू स्वामी/उसके पिता/पति के नाम/उपनाम, जाति, पते में लिपिकीय त्रुटि सुधार करना, कैफियत कॉलम में की गई त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि में सुधार करना, त्रुटिवाश जोड़े गए खसरों को पृथक करना, भूमि के सिंचित/असिंचित होने संबंधी प्रविष्टि में सुधार करना तथा भूमि के एक फसली/बहु फसली की प्रविष्टि में त्रुटि सुधार करना शामिल है। इस प्रकार राजस्व अभिलेखों में लिपिकीय त्रुटियों को सुधार करने हेतु अनुविभागीय अधिकारियों के स्थान पर तहसीलदारों को अधिकृत किया गया है। जिससे राज्य शासन के मंशानुरूप लिपिकीय त्रुटियों के सुधार कार्य में तेजी आएगी एवं आमजनता को अतिशीघ्र लाभ प्राप्त होगा।

गुरु पूर्णिमा एवं सरस्वती पूजन संपन्न

दुर्ग। सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा संचालित बाल संस्कार शाला जोगीनगर में भाजयुमो कसारीडीह बोरसी मंडल के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा व मां सरस्वती देवी का पूजन कार्यक्रम आयोजित की। शुभारंभ माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर मां शारदे के वंदना कर किया गया। तत्पश्चात् गुरुजनों का स्वागत सम्मान शॉल व बेल पत्र पौधे भेंट कर किया। उपस्थित बालक बालिकाओं को सरस्वती शिशु मंदिर प्राचार्या कृपा शर्मा, प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव, आचार्य जगदीश पाठक का उद्बोधन प्राप्त हुआ। अतिथियों ने अध्यापनकाल व संपूर्ण जीवन में गुरू की महत्ता, आवश्यकता व गुरू पूर्णिमा पूजन विषयक पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों द्वारा बच्चों को राष्ट्रीय पहाड़ा पुस्तिका व प्रसादी वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया।

इस्पात संयंत्र को सौंपा डी-क्लोरीनेशन प्लांट

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। पीसीबी तेल विघटन संयंत्र एक अत्याधुनिक सुविधा है, जिसे संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूएनआईडीओ) और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एमओईएफसीसी के सहायता से स्थापित किया गया है। इसके निर्माण हेतु जमीन, भवन, क्रेन, बिजली, पानी आदि जैसे बुनियादी ढांचे भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्रदान किये गए हैं। विगत दिनों यूएनआईडीओ ने डी-क्लोरीनेशन प्लांट के संचालन की जिम्मेदारी भिलाई इस्पात संयंत्र को सौंपी। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय इस परियोजना का राष्ट्रीय निष्पादन भागीदार है। भिलाई इस्पात संयंत्र इस परियोजना का प्रमुख लाभार्थी है। डी-क्लोरीनेशन प्रक्रिया, उच्च स्तर और निम्न स्तर पीसीबी दूषित खनिज तेल से क्लोरीन परमाणुओं को निकालने के लिए स्थापित की गई है। सोडियम फैलाव समाधान का उपयोग करके रासायनिक प्रतिक्रिया द्वारा क्लोरीन परमाणुओं को निकालती है। यह प्रौद्योगिकी सफलतापूर्वक चालू हो गई है। दिसंबर 23 में चालू हुआ पीसीबी विघटन संयंत्र, अब बीएसपी द्वारा तीनों पालियों में संचालित किया जाता है। परियोजना की सफलतापूर्वक पूर्णता के बाद डी-क्लोरीनेशन प्लांट को 12 जुलाई 2024 को संयंत्र द्वारा स्वतंत्र रूप से संचालन हेतु दे दिया है। इस दौरान संयंत्र मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी सेवाएं प्रबीर सरकार, प्रभारी अनुरक्षण व उपयोगिताएँ असित साहा, पर्यावरण दिब्येंदुलाल मोइत्रा, विदुयत टीके कृषणकुमार, उपयोगिताएँ अनिल जोशी, महाप्रबंधक प्लांट गराज बीडी बाबू, इंस्ट्रूमेंट मधु पिल्लई, पर्यावरण संजय कुमार, ईटीएल उमाशंकर बरवाल, वरिष्ठ प्रबंधक पर्यावरण मोहित कुमार तथा यूएनआईडीओ के राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार वाईपी रामदेव व सलाहकार आरके अग्रवाल थे।

न्यूज गैलरी

गोंदवारा स्कूल में मनाया गया गुरु पूर्णिमा

रायपुर/नवप्रदेश। शासन ने शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में 22 जुलाई को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरू पूर्णिमा उत्सव मनाने के निर्देश दिये है। शासन के निर्देशानुसार 22 जुलाई 2024 को गोंदवारा स्थित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नवीन शिक्षा नीति 2020 के 4 वर्ष पूर्ण होने पर शाला में सहायक शिक्षक सामग्री प्रदर्शन एवं उपयोग के रूप में भी मनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख श्री नंद कुमार बंजारे, श्री नाथू राम साहू, श्री योगेश यादव, सस्था के भूतपूर्व प्रधान पाठक श्री गंगदेव साहू एवं बड़ी संख्या में पालक शामिल हुए।

कार्यक्रम में संस्था प्रमुख श्रीमती मंजू शर्मा द्वारा उपस्थित अतिथियों का सम्मान कर आभार प्रदर्शन किया गया। मंच संचालन श्री महेश साहू द्वारा किया गया। संस्था के अन्य शिक्षक श्रीमती अर्चना तिवारी,श्रीमती अंजू दुबे, श्रीमती शारदा कोचे, श्रीमती सत्यवती गेंद्रे, श्री अनिल कुमार यादव समन्वयक श्री भूपेंद्र साहू, श्री शैलेंद्र कश्यप मौजूद थे।

फैंसी ड्रेस स्पर्धा आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्री लोहाणा महिला मंडल रायपुर द्वारा फाफाडीह स्थित महाजन वाडी में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नन्हे नन्हे बालक बालिकाओं ने हिस्सा लिया । मंडल की अध्यक्ष मीनाबेन पुजारा ने बताया कि निर्णायक द्वारा प्रतियोगिता के विजेता घोषित किया गया जिसमें 0 वर्ष - 3 वर्ष के श्रेणी विजेता रहे साची अग्रवाल, आर्यन राणा , काशवी मानेक एवं ऋतिका सोमैय्या और 3 वर्ष 7 वर्ष के श्रेणी में प्रथम स्थान आराध्या मानेक, द्वितीय स्थान तरुष सोमैय्या, तृतीय स्थान दक्ष लंधाणी चौथे स्थान रूद्र पारेख एवं 8-वर्ष से13 वर्ष कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मानवी ठक्कर , द्वितीय स्थान तृषा सोमैय्या , तृतीय स्थान मानव ठक्कर चौथे स्थान जीविन मानेक विजेता रहे। इस प्रतियोगिता में हमारे सभी समाज के आदरणीय, और कमेटी के सभी सदस्यों उपस्थित थे।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने मनाया 117वां स्थापना दिवस

रायपुर/नवप्रदेश। 20 जुलाई को विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों की श्रृंखला के साथ धूमधाम से अपना 117 वां स्थापना दिवस मनाया गया।पूरे छत्तीसगढ़ में बैंक द्वारा कुल 1,175 पौधे लगाए गए, 117 यूनिट रक्तदान किए गए। अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत बैंक द्वारा एम्स को व्हीलचेयर, कई विद्यालयों में वाटर कूलर, वंचित बच्चों को स्कूल बैग और अनाथालय में खाद्यान्न भेंट कर जन हितैषी कार्य किये।

निधन

नीरेश सिंह

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के शिवमंदिर मार्ग निवासी सेवानिवृत समयपाल नीरेश सिंह का लंबी बीमारी के बाद रविवार देररात निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार लालपुर स्थित मुक्तिधाम में किया गया । वे जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के चाचा और उत्कर्ष सिंह के पिता थे ।

पीएम आवास पर भी भाजपा ने जनता को धोखा दिया : बैज

- स्वीकृत 18 लाख आवासों की सूची जारी करें भाजपा सरकार
- केंद्र ने साय सरकार की मांग पर 1 भी मकान स्वीकृत नहीं किया

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार 18 लाख आवासों की सूची जारी करे। भाजपा सरकार बनने के बाद 18 लाख आवास स्वीकृत होने का दावा किया गया था जबकि सच्चा यह है कि 18 लाख आवास में से अब तक एक भी आवास स्वीकृत नहीं हुआ है।साय सरकार गरीबो को आवास देने के नाम से धोखाधड़ी की है, जो भी आवास बने है और जो बन रहे है वो कांग्रेस सरकार के दौरान स्वीकृत हुए थे। केन्द्र की मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रधानमंत्री आवास के मकानों की संख्या को स्वीकृति ही नही दिया है। राज्य सरकार खुद ही संख्या की घोषणा कर अपनी पीठ थपथपा रही है। कांग्रेस मांग करती है कि सरकार के दावों में सच्चाई है तो स्वीकृत आवास हीनों के नाम सार्वजनिक किया जाये। मोदी सरकार बताये 18 आवासों में से कितने आवास केंद्र स्वीकृत किया? मोदी सरकार ने राज्य के 18 लाख आवासों में से 1 मकान की भी स्वीकृति नहीं दिया। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास का दावा करने वाली भाजपा सरकार ने

अभी तक एक भी हितग्राही के खाते में एक रू. भी नहीं डाला है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री आवास केवल सरकारी विज्ञापनों और होर्डिंग में ही दिखते रहे है, हकीकत में भाजपा सरकार के आने के बाद एक भी हितग्राही के लिये आवास स्वीकृत नहीं हुआ है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की भूपेश सरकार ने आवासहीनों के खाते में पहली किश्त डाली थी। उसके बाद भाजपा सरकार ने एक भी रू. नहीं भेजा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पीएम आवास योजना 2015 में लागू हुई तब केंद्र और राज्य दोनों जगह बीजेपी की सरकार थी। 2011 के जनगणना को आधार मानकर छत्तीसगढ़ के लिए कल 18 लाख आवास का लक्ष्य तय किया गया था। 2015 से 18 तक रमन सरकार के दौरान मात्र 237000 ग्रामीण पीएम आवास तथा 19000 शहरी पीएम आवास बने। 2018 से 23 तक भूपेश सरकार ने 10 लाख से अधिक पीएम आवास बनाएं। शेष लगभग 7 लाख आवास बनाने के लिए भूपेश बघेल सरकार ने विगत बजट में 3234 करोड़ का प्रावधान किया तथा 7 लाख आवासहीनो के लिये मकान बनाने के लिये पहली किश्त अक्टूबर में ही भूपेश सरकार ने डाल दिया था। साय सरकार बताये वह किन 18 लाख लोगों को आवास देने का दावा कर रही है।

तिलक-आजाद जयंती पर महाराष्ट्र मंडल में आज विशेष प्रेजेंटेशन

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल में मंगलवार, 30 जुलाई को शाम छह बजे स्वातंर्त्य वीर लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और चंद्रशेखर आजाद जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में दिव्यांग बालिका विकास गृह के प्रभारी प्रसन्न विजय निमोणकर पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से दोनों ही महापुरुषों की विशेषताओं और साम्यता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देंगे। अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने बताया की तिलक और चंद्रशेखर आजाद के बीच 52 साल का अंतर था, लेकिन दोनों की विचारधारा और काम करने की शैली लगभग समान थी। इनमें क्या समानता थी, दोनों एक- दूसरे से बिना मिले एक ही तरीके से कैसे काम करते थे... यही सब कुछ निमोणकर प्रोजेक्टर पर पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिखाएंगे।

दत्तोपंत ठेंगड़ी जयंती भी

काले ने बताया कि 23 जुलाई को ही भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी की भी जयंती है और इसे भी महाराष्ट्र मंडल मनाएगी।दत्तोपंत ने मजदूरों के लिए एक ऐसे संगठन को खड़ा किया, जो उनके साथ सुख- दुख में बराबरी से खड़ा तो रहता ही है, साथ ही उन्हें मिलने वाली मजदूरी को न्यायसंगत बनाने को लेकर सतत् संघर्षरत भी रहता है। चंद लोगों से शुरू हुआ यह संगठन आज लाखों सदस्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ लगातार बढ़ते ही जा रहा है।

राजकुमार कॉलेज में अंतरदलीय अंग्रेज़ी काव्य-पाठ, भाषण व वाद-विवाद स्पर्धा संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। राजकुमार कॉलेज, रायपुर छत्तीसगढ़ की अन्तर्दलीय अंग्रेज़ी काव्य-पाठ, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता 2024दो चरणों में 19 व 20जुलाई को संपन्न हुई। प्रतियोगिता के पहले दिन कक्षा छठवीं, सातवीं व आठवीं के विद्यार्थियों ने तथा दूसरे दिन कक्षा नवमीं, दसवीं, ग्यारहवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों ने समूह अ, ब तथा स में अपनी-अपनी काव्य-पाठ, कहानी वाचन, भाषण, मोनोलॉग, ट्रैवलॉगव वाद-विवाद की प्रस्तुतियाँ दीं। बारहवीं के विद्यार्थियों के वाद-विवाद का विषय था- ÷तकनीक का उपयोग लोगों को बेहतर बना रहा है । समूह 'अ'कक्षा बारहवीं में सर्वश्रेष्ठ वाद-विवाद कर्ता के लिए रानी शशिप्रभा देवी कवर्धा कप विजेता राजपूत दल की आरुषि अग्रवाल रहीं7 कक्षा ग्यारहवीं में मोनोलॉगके लिए गार्गी जिंदल को और ट्रैवलॉग के लिए आयुषि सेठिया व मोहम्मद फ़रहान अहमदको पुरस्कृत किया गया 7समूह 'ब' कक्षा नवमीं व दसवीं में काव्य पाठ के लिए सूर्याक्षी देव को पुरस्कृत किया गया तथा भाषण के लिए तीर्थ बरड़ियाको चुना गया7 समूह 'स' कक्षा छठवीं, सातवीं व आठवीं मेंकाव्य पाठ विजेता सिद्धि मेहताव सर्वश्रेष्ठ कहानी वाचन विजेताअयाना जैन और देवांशी सराफ रहीं 7राजा श्री जयंत चंद्र मर्दराज द्वारा प्रदत्त नीलगिरि कप का विजेता राजपूत दल रहा। निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप में डॉ. चितरंजन कर,डॉ. दीपाली शर्मा और डॉ. बासुमति नाडिग उपस्थित रहे 7समूह अ, ब और स के विजेताओं को प्राचार्य कर्नल अविनाश सिंह व निर्णायक मंडल ने पुरस्कृत किया तथा शेष प्रतिभागियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की 7 डॉ. चितरंजन करने कहा- ÷प्रतिभागियों ने यह साबित कर दिया है कि शब्द कितने प्रभावशाली होते हैं ।

एसडीवी के बच्चों ने वेस्ट मटेरियल से बनाया वॉल हैंगिंग, गुलदस्ता और बहुत कुछ

- बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट: महाराष्ट्र मंडल की स्कूल के बच्चों ने किया कमाल



रायपुर/नवप्रदेश। घर पर वेस्ट मटेरियल से कुछ अच्छा बनाने की बात हो तो बच्चों की क्रिएटिविटी देखकर आप अचंभित रह जाएंगे। फिर स्कूल में अगर अपने सहपाठियों के साथ इसे लेकर स्पर्धा हो, तो फिर बच्चों के उत्साह का और क्या पूछना है। ऐसे ही उत्साह के साथ बीते संत ज्ञानेश्वर स्कूल के बच्चों ने अपनी अद्भुत क्रिएटिविटी दिखाई। क्लास वन से लेकर आठवीं तक के बच्चों ने अपने-अपने स्तर पर अपने टैलेंट का खूब प्रदर्शन किया। किसी बच्चे ने शानदार वाल हैंगिग बनाई, तो किसी ने खूबसूरत गुलदस्ता बनाकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। कुछ बच्चों ने वाटरफॉल बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं 9वीं से 12वीं के बच्चों के लिए निबंध लेखन स्पर्धा हुई।

प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि इस शनिवार कक्षी पहली से लेकर आठवीं तक के बच्चों के लिए वेस्ट आउट ऑफ द वेस्ट काम्पिटिशन का आयोजन किया गया। प्राइमरी और मीडिल के बच्चों के लिए अलग-अलग वर्ग में स्पर्धा का आयोजन किया गया। प्राइमरी के बच्चे किसी से कम नहीं हैं।पांचवीं से भावेश बघेल ने अपने हाथों से भगवान जगन्नाथ, लावण्या ने अनाज से वक्रतुंड महाकाय श्लोक को विस्तारित रूप से समझाया। हिमानी ने वॉल हैंगिंग, हंसिका प्रसाद ने वॉटरफॉल, भोज ने कृष्णा, यीशु ने कृष्णा, रुचि साहू, भूपेंद्र वर्मा, लोकेश कोठारी, रौनक व कुछ बच्चों ने छत्तीसगढ़ी महतारी, तोरण, स्वचालित कार, गुलदस्ता, चंद्र अभियान और भी अनेक नई चीजें बनाईं। स्पर्धा में भारती सहगल, वंदना यादव, अनिता सोनी और विनीता सुंदरानी ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। वॉल हैंगिंग और गुलदस्ता सभी को भाया। छठवीं से आठवीं तक के बच्चों ने वेस्ट से बेस्ट में अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए मनमोहक वॉल हैंगिंग, गुलदस्ता, चंद्रयान जैसी चीजें बनाई। इस स्पर्धा में शिक्षिका वर्षा गिरीभट्ट, मेघा जैन, वंदना बिसेन, शिखा सूद, सरिता पांडे, श्रद्धा मते, रोशन सिंग राजपूत, प्रतिक्षा ने बच्चों का मार्गदर्शन किया।

'जी-20' पर बच्चों ने लिखे अपने विचार

वहीं 9वीं से 12वीं के बच्चों के लिए 'जी-20' विषय पर निबंध लेखन स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। बता दें कि जी-20 दुनिया के 19 देशों और यूरोपियन यूनियन का एक समूह है। इसकी स्थापना वर्ष 1999 में जी-7 देशों द्वारा किया गया था। इसका गठन दुनिया की मजबूत अर्थ व्यवस्था वाले देशों द्वारा आपसी सहयोग के लिए किया गया।

अक्षर का ज्ञान आपको विद्वान बनाता है लेकिन अवसर का ज्ञान आपको महान बना देता है: श्री विरागमुनि

रायपुर/नवप्रदेश। दादाबाड़ी में आत्मस्पर्शी चातुर्मास 2024 के तीसरे दिन दीर्घ तपस्वी विरागमुनि जी ने कहा कि आज हमें जो यह मनुष्य जीवन मिला वह अनंत पुण्यों के बाद हमें प्राप्त हुआ है, इसके लिए देव भी तरसते हैं लेकिन हमने क्या किया इस दुर्लभ जीवन को सांसारिक पदार्थों को इकट्ठा करने में लगा दिया। अगर यही पुरुषार्थ हमने धर्म के प्रति किया होता तो आज हम मोक्ष के कितने करीब होते यह आप अंदाजा भी नहीं लगा सकते हैं। अगर केवल पैसों से सुख मिल जाता तो आज बड़े-बड़े उद्योगपति, नेता-मंत्री टेंशन फ्री जीवन जीते लेकिन ऐसा नहीं हो सकता। लोग जितने बड़े पद पर पहुंचते हैं उनकी टेंशन भी उतनी ही बढ़ जाती है जबकि उनके पास धन बल की कोई कमी नहीं होती फिर भी उन्हें यह टेंशन रहता है कि कोई कंपीटीटर हमसे आगे ना बढ़ जाए, हमारी स्टेटस पर कोई फर्क ना पड़े और हमारा पोर्टफोलियो खराब ना हो जाए।

उन्होंने आगे कहा कि आज विश्व में जैन समाज तार्किकता और वैज्ञानिकता से परिपूर्ण है, जिसके नियम आज सभी पर लागू होते हैं। कोई नियम ऐसा नहीं है जो किसी व्यक्ति पर किसी प्रकार का दुष्प्रभाव

डालें यानी कोई भी व्यक्ति जैन समाज के नियमों को नजरअंदाज नहीं कर सकता। जिस दिन आपने जैन समाज के लॉजिक को समझ लिया उसे दिन से आपके पापों का क्षय होना शुरू हो जाएगा। आज जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं पाप का दायरा भी बढ़ रहा है और उनकी संख्या भी बढ़ती जा रही है। उम्र के साथ इच्छाएं भी बढ़ रही है और पुण्य तो बढ़ ही रहा है लेकिन उसकी तुलना में पाप भी तेजी से बढ़ रहा है। अक्षर का ज्ञान आपको विद्वान बनता है और अवसर का ज्ञान आपको महान बनाता है। हमें अपने जीवन में ऐसे अवसरों की खोज में हमेशा रहना चाहिए जो आपका कल्याण कर सके। ऐसे कल्याण मित्र बनाएं जो आपका जीवन सवार दे। वैसे ही मनुष्य के जीवन में तीन शत्रु आपको खत्म करने के लिए बैठे हुए हैं। जिसमें पहले है वृद्धावस्था, दूसरा है रोग और तीसरा है मृत्यु। हम कोई भी काम शुरू करने के लिए इस समय बाद या उसे कार्यक्रम के बाद ऐसा कर तारीख तय करते रहते हैं और इस चक्कर में हम उसे महत्वपूर्ण समय को भी गंवा देते हैं जिस पल हमें समय का सदुपयोग कर लेना चाहिए था।

उन्होंने आगे कहा कि आज आध्यात्म पर आपका ध्यान नहीं है इसलिए आपको बाहर की दुनिया अच्छी लग रही है लेकिन जिस दिन आपके अंदर आध्यात्म जाग जाएगा उसे दिन दुनिया से आपका मोह भंग होने लगेगा। आज तो प्रवचन सुनने भी सब अलग-अलग समय पर आते हैं और समय देखकर तुरंत निकल भी जाते हैं। जैसे ही प्रवचन का समय खत्म होता है वैसे ही पंडाल खाली होने लगता है। किसी भी धर्म स्थल में लोगों को जुटने में बहुत समय लगता है लेकिन केवल कुछ मिनट के अंदर ही पूरा पंडाल खाली हो जाता है। आज अनुकूल परिस्थितियों में भी लोग परेशान हैं, जबकि आज से तीन-चार सौ साल पहले जो राजा महाराजा थे उनके पास भी इतनी सुख सुविधा नहीं थी जितनी कि आज आपके पास है।

बावामोहतरा में मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव

- अच्छे गुरु का मार्गदर्शन हैं जीवन में सफलता की कुंजी: कलेक्टर

बेमेतरा/नवप्रदेश। गुरु पूर्णिमा हिन्दू धर्म का एक प्रमुख पर्व हैं, जिसे गुरु की महिमा और महत्व को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। यह पर्व आषाढ़ माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इसी क्रम में शा. उच्च. माध्यमिक विद्यालय बावामोहतरा में गुरु पूर्णिमा उत्सव में कलेक्टर रणबीर शर्मा पहुँचे। इस खास मौके पर कलेक्टर ने बच्चों को गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व समझाया। उन्होंने बच्चों को गुरु के प्रति आदर और सम्मान की भावना विकसित करने की प्रेरणा दी और शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया। कलेक्टर ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि एक अच्छे गुरु का मार्गदर्शन जीवन में सफलता की कुंजी होती है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर ने स्कूली बच्चों से उनकी पढ़ाई के संबंध में चर्चा की। उन्होंने बच्चों से उनकी शैक्षणिक गतिविधियों, पढ़ाई की समस्याओं और भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा। कलेक्टर ने बच्चों को पढ़ाई में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए सुझाव दिए और उन्हें प्रेरित किया कि वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षा जीवन में कितनी महत्वपूर्ण है और किस प्रकार यह उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती है। कार्यक्रम के दौरान एक बच्ची ने कलेक्टर को एक सुंदर कविता सुनाई। कविता सुनकर कलेक्टर बहुत प्रभावित हुए और बच्ची की प्रशंसा की।

प्रथम पृष्ठ का शेष

केंद्र सरकार ने आरएसएस पर...

अपनाया था। आरएसएस ने तिरंगे का विरोध किया था और सरदार पटेल ने उन्हें इसके खिलाफचेतावनी दी थी।

पीएम ने पिछले कई सालों में संघ का इस्तेमाल किया

उन्होंने आगे कहा, चार फरवरी 1948 को गांधी जी की हत्या के बाद सरदार पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगा दिया था। पीएम मोदी ने 58 साल बाद सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर 1966 में लगा प्रतिबंध हटा दिया है। हम जानते हैं कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा ने सभी संवैधानिक और स्वायत्त संस्थानों पर संस्थागत रूप से कब्जा करने के लिए संघ का उपयोग किया है।

चुनाव जीत कर संविधान...

माफीनामा व आश्वासन का भी उल्लंघन है, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को संविधान के अनुरूप, बिना किसी राजनीतिक एजेंडे के एक सामाजिक संस्था के रूप में काम करने का वादा किया था। विपक्ष को लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिये आगे भी संघर्ष करते रहना होगा।

क्या है पूरा मामला...

होने के बाद पेंशन लाभ इत्यादि को ध्यान में रखते हुए सरकारी कर्मचारी आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने से बचते थे।

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव ...

की दौड़ से अपना नाम वापस ले लिया। अभी तक मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुकाबला था। हालांकि, अपनी पार्टी डेमोक्रेट में घटते समर्थन के बीच बाइडन ने अपने कदम वापस ले लिए। कई दिनों से इस बात के कयास भी लगाए जा रहे थे। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और पूर्व स्पीकर नैन्सी पेलोसी ने व्यक्तिगत तौर पर इस बात पर चिंता व्यक्त की थी कि बाइडन के लिए डोनाल्ड ट्रंप को हराना मुश्किल हो गया है। इस बीच राष्ट्रपति बाइडन ने कमला हैरिस को नए राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में समर्थन कर दिया है। आइये जानते हैं कि अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में अभी क्या हुआ है? क्या बाइडन के पहले भी अमेरिकी राष्ट्रपति ने उम्मीदवारी वापस ली थी? बाइडन के हटने के बाद अब डेमोक्रेट्स में आगे क्या होगा? तो बाइडन की जगह कौन ले सकता है?

तुलसी गबार्ड ने कमला ...

इनकी बातों में मत आइएगा, कोई नीति बदलने वाली नहीं है. जैसे बाइडेन खुद फैसला नहीं लेते थे, वैसे ही कमला हैरिस भी नहीं लेंगी. वीडियो पोस्ट में तुलसी गबार्ड ने हिलेरी क्लिंटन को युद्ध की आग भड़काने वाले गुट की रानी बता दिया और कहा कि कमला हैरिस उनकी (हिलेरी क्लिंटन) नौकरानी हैं और वो नाम मात्र की ही प्रमुख बन सकेंगी. गबार्ड अपना हमला जारी रखते हुए कहा कि ये लोग दुनिया को युद्ध की आग में झोंकना जारी रखेंगे और हमारी आजादी छीन लेंगे।

नीट पेपर लीक -सुनवाई पूरी ...

जवाब दिया, उन्हें 4 अंक मिले। जिन्होंने भ्रम के चलते छोड़ दिया, उन्हें शून्य मिला। इसके चलते रैंकिंग बदल गई। सुप्रीम कोर्ट ने आईआईटी दिल्ली के निदेशक से आज ही 3 विशेषज्ञों की कमिटी बना कर सही जवाब तय करने को कहा. अब आईआईटी कल दोपहर 12 बजे जवाब देगा। उसके बाद सुनवाई फिर शुरू होगी।

वन विभाग छीनने से मंत्री...

नागर सिंह चौहान झाबुआ-रतलाम सीट से लोकसभा सदस्य हैं। सोमवार से ही संसद में बजट सत्र शुरू हुआ है, जिसमें सभी सांसदों को भाग लेना था। अनिता नागर सिंह चौहान भी दिल्ली जाने वाली थी। हालांकि, रविवार के घटनाक्रम के बाद वह दिल्ली नहीं गई और उन्हें रोक लिया गया।

क्यों नाराज है नागर ...

कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के सामने वह अपनी बात रख चुके हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि यदि समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो उनकी पत्नी अनिता नागर सिंह चौहान भी सांसदी छोड़ देंगी।

पबिया, पविया, पवीया को ...

प्रकट किया। मुख्यमंत्री साय ने प्रतिनिधि मंडल को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों की लंबे समय से अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल होने की मांग थी। राज्य शासन द्वारा अनुशंसा सहित प्रतिवेदन भारत सरकार को भेजा गया है। उम्मीद है इसका सकारात्मक परिणाम आएगा। उन्होंने बारिश के मौसम में प्रदेश भर से रायपुर आने के लिए प्रतिनिधि मंडल को धन्यवाद दिया। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि मध्यप्रदेश के समय उन लोगों के अनुसूचित जनजाति के प्रमाण पत्र बन रहे थे, लेकिन मात्रात्मक त्रुटि के कारण पिछले 22 वर्षों से प्रमाण पत्र बनना बंद हो गया है, इसकी वजह से हमारे बच्चों को अनुसूचित जनजाति वर्ग को मिलने वाले लाभ नहीं मिल पा रहे हैं। हमारे बच्चे पढ़ाई-लिखाई में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री साय द्वारा भारत सरकार के जनजाति कार्य मंत्रालय को अनुशंसा सहित प्रतिवेदन भेजने के लिए धन्यवाद दिया।

प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि पूरे प्रदेश में इन जातियों की जनसंख्या लगभग 22 हजार है। यूं तो ये लोग पूरे प्रदेश में पाए जाते हैं लेकिन प्रमुख रूप से चंद्रपुर, रायगढ़, लैलूंगा, खरसिया, पेंड्रा, मरवाही और जशपुर में रहते हैं।

छत्तीसगढ़ के आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पाव, पबिया, पविया, पवीया जाति का नृजातीय अध्ययन करने के बाद प्रतिवेदन तैयार किया है, जिसमें इन जातियों को लक्षणों के आधार पर अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की अनुशंसा की गई है। विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री साय संवेदनशील मुख्यमंत्री हैं। आज उपस्थित जाति के लोग वास्तव में आदिवासी हैं, लेकिन उन्हें लाभ नहीं मिल पा रहा है। इनके हित में मुख्यमंत्री जी ने अच्छी पहल की है। उन्होंने समाज के सामाजिक भवन के लिए रायपुर में जमीन उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने नजदीक से महसूस किया दर्द

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं भी अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं। उन्होंने बिरहोर, पहाड़ी कोरवा सहित अनुसूचित जनजातियों के लिए अपने सार्वजनिक जीवन के प्रारंभ से काम किया है, इसलिए वे जनजातियों का दर्द अच्छे से जानते हैं।

नेता प्रतिपक्ष महंत ने भाजपा...

आने के बाद सात महीनों में किसी भी स्थान पर एक ईंट भी नहीं राखी गई ? इस पर रायपुर पश्चिम बीजेपी विधायक राजेश मूणत समेत अन्य भाजपा विधायकों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि फिर छत्तीसगढ़ में क्यों हारे? इस पर महंत ने कहा कि आप लोग बात को गलत दिशा में ले जा रहे हैं इसीलिए अयोध्या, प्रयागराज हारे हैं। पीएम मोदी ने श्रीराम सर्किट बनाने का वादा किया है, उसमें छत्तीसगढ़ का नाम नहीं है, उसे जुड़वा दें।

शिक्षकों की कमी पर घेरा...

करीब 300 शिक्षकविहीन स्कूल हैं और करीब पांच हजार पांच सौ एकल शिक्षक स्कूल हैं। पहले युक्तियुक्तकरण करेंगे। इसके बाद शिक्षकों की भर्ती होगी।

कार्यवाही स्थगित ...

अब तक गिरफ्तार सभी आरोपियों की अरेस्टिंग को फर्जी करार देते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के इस्तीफे की मांग कर डाली। विपक्ष के आरोपों और सवालों का जवाब देते हुए प्रदेश के गृह और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मान रहे हैं कि षड्यंत्र हुआ है, इसलिए इसकी जांच चल रही है। जांच एजेंसियां जांच कर रही है। पूरे षड्यंत्र का पर्दाफाश होगा और अभी कार्रवाइयां होंगी। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मीडिया से चर्चा में बलौदाबाजार हिंसा को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश में सामाजिक लोगों की एक समिति भी बनाई गई है। समिति ने भी प्रतियुक्त सौंपी हैं। कांग्रेस के स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा के संबंध में विजय शर्मा ने कहा कि चर्चा करने का समय ही नहीं है। न्यायिक जांच के चलते स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हो सकती। सदन में जितना बोला गया है, उतना ही विषय है। वहीं बलौदाबाजार हिंसा में दस्तावेजों के नुकसान पर कहा कि फॉर्मेट्स काफी जले है, लेकिन रिकॉर्ड्स जले हैं. कलेक्टर ने इसकी जानकारी दी है। वहीं विधानसभा अध्यक्ष द्वारा स्थगन को अग्राह्य करते ही विपक्ष ने जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामे और नारेबाजी को देख विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने सदन की कार्यवाही दोपहर 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

बिलासपुर डायरी

- अशोक शर्मा, स्थानीय सम्पादक, बिलासपुर

वक्त का पहिया

कहते हैं वक्त का पहिया बहुत तेजी से घूमता है। एक वक्त था जब बिलासपुर में लालबत्ती खूब चमकती थी। सत्ता आई-गई और इस नए दौर में चमक की कौन कहे लालबत्ती ही चली गई। इसकी चर्चा इन दिनों इसलिए भी हो रही है क्योंकि राज्य केबिनेट का विस्तार होना है। दो नए मंत्री बनने वाले हैं। विस्तार के साथ यदि फेरबदल भी होता है तो केबिनेट में दो से अधिक चेहरे भी दिखाई दे सकते हैं। ये चेहरे कौन होंगे, फिलहाल कयास ही लगाए जा सकते हैं। सत्ता भाजपा की ही थी जब विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक थे। अमर अग्रवाल मंत्री थे। अविभाजित बिलासपुर जिले का हिस्सा रहे मुंगेली जिले से पुन्नुलाल मोहले भी मंत्री थे। लालबत्ती लगी इनकी गाड़ियां जब गुजरती थीं तो सत्ता में बिलासपुर के प्रभाव का पता चलता था। इस समय पड़ोसी जिले मुंगेली से अरूण साव सरकार के डिप्टी सीएम और तोखन साहू केन्द्र सरकार में मंत्री हैं। वक्त ने जिले के बंटवारे के साथ इन्हें भी बांट दिया। बिलासपुर जिले के लोगों के लिए संतोष की ही बात है कि चलिए हमारे जिले से न सही पड़ोसी जिले से दो मंत्री तो है। उनकी गाड़ियां लालबत्ती चमकाती हुई गुजरती तो हैं। वक्त अच्छा रहा तो बिलासपुर को भी लालबत्ती मिल सकती है।

एसपी साहब की क्लास

बिलासपुर के एसपी रजनेश सिंह सोशल पुलिसिंग को बहुत महत्व देते हैं। कानून व्यवस्था के मुद्दे पर ही नहीं जनकल्याणकारी कार्यों में भी वे पुलिस। की भूमिका देखते हैं। उनका चेतना अभियान इसी पर आधारित है। उनके इस अभियान ने हजारों लोगों को जोड़ा है। इनमें अनेक स्वयंसेवी भी हैं। बच्चों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकताओं में रही है। पिछले दिनों उन्होंने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूलों के प्राचार्यों से बातचीत की। सबको पता है कि शिक्षा के व्यवसाय का रूप ले लेने से शिक्षा परिसरों का वातावरण कितना बिगड़ गया है। स्कूल प्रबंधन के लिए बच्चों की सुरक्षा भी प्रमुख विषय होना चाहिए। एसपी रजनेश सिंह ने यही बात प्राचार्यों के ध्यान में लाने की कोशिश की। स्कूल प्रबंधन को यह देखना चाहिए कि उनके स्कूल में पढने वाले बच्चे के लिए स्कूल आते-जाते समय सुरक्षा की कोई समस्या तो नहीं है । स्कूल बसों में कैमरे चालू हैं या नहीं। यदि बच्चे आटों से आ रहे हैं तो उसमें क्षमता से अधिक बच्चों को तो नहीं लाया ,ले जाया रहा है। स्कूल बस के स्टाप पर सुरक्षा की कोई समस्या तो नहीं है। एसपी ने प्राचार्यों को भरोसा दिलाया कि उन्हें पुलिस की जब भी और जहां भी जरूरत होगी, पुलिस वहां खड़ी मिलेगी। अपनी सोशल पुलिसिंग के जरिए एसपी रजनेश सिंह स्कूली बच्चों को सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहते हैं। प्राचार्यों के साथ बातचीत में उन्होंने अपनी इन्हीं भावनाओं से अवगत कराया। जाहिर है उनकी इस पहल से प्राचार्यों का यह विश्वास मजबूत हुआ होगा कि उनकी हर जरूरत पर पुलिस उनके साथ होगी।

गर्दा उड़ना और उड़ाना

यह कोई मुहावरे वाली बात नहीं है। किसी ने यहां हल्ला फिलहाल गर्दा उड़ाया नहीं है और नही बड़े ही शांतचित्त नजर आने वाले नगर निगम के कमिश्नर अमित कुमार से गर्दा उड़ाने की उम्मीद कर सकते हैं। फिर बिलासपुर की सड़कों पर इतनी धूल कहां से उड़ रही है, शहरवासी इस सवाल का जवाब जानने के लिए बेचैन हैं। बारिश के इस मौसम में दो दिन धूप निकल जाए तो सड़कें धूल से भर जाती हैं। राजधानी से कभी -कभार कार से बिलासपुर आने वाले हमारे एक परिचित की पीड़ा अलग है। यह कहते हैं कि बिलासपुर में धूल बहुत उड़ती है। बंद कार भी धूल से भर जाती है। जब कभी बिलासपुर आता हूं, लौटकर सबसे पहले कार धुलवानी पड़ती है। ऐसा समझा जाता है कि बिलासपुर का नाम खोदापुर पड़ने के बाद यह समस्या गहराई। वैसे बिलासपुर का नाम तो छत्तीसगढ़ का सिंगापुर पड़ना था, लेकिन कुछ लोगों ने चिढ़ाने के लिए यह नाम दे दिया। सिवरेज के लिए शहर की ऐसी बेतरतीब खुदाई की गई कि आज भी इस खुदाई के अवशेषों से शहर के लोगों का पिंड नहीं छूटा है। करीब डेढ़ दशक पहले सिवरेज के लिए खुदाई शुरू हुई थी। फिर अमृत मिशन की पाइपलाइन बिछाने के लिए खुदाई चलती रही। दूरसंचार कंपनियां फोन केब्ल बिछाने, सुधारने के लिए जब -तब खुदाई करती ही रहती हैं। कम समझ रखने वाले लोग समझते हैं कि इन्हीं खुदाइयों से उड़ी धूल बिलासपुर के आसमान पर छा गई है और शायद जब कोई उल्टी हवा बहती है तो शहर की सड़कें धूल से भर जाती हैं। ऐसे में नगर निगम करे भी तो क्या करे?

अरपा भैंसाझार

अरपा नदी पर बने बैराज का यह नाम है। भाजपा की ही सरकार में इस बैराज का निर्माण शुरू हुआ था। इस बैराज 25 हजार हेक्टेयर जमीन की सिंचाई हो सकती है। इस अरपा भैंसाझार सिंचाई परियोजना के लिए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा विधायक धरमलाल कौशिक ने जितना जो लगाया उतना किसी ने नहीं लगाया। इस बैराज से सबसे ज्यादा फायदा बिल्हा और तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के किसानों को ही होना है। बिल्हा क्षेत्र के किसानों की खेती वर्षा पर ही निर्भर है। यहां खेतों की सिंचाई के लिए दूसरू विकल्प उनके पास नहीं हैं। बैराज का काम तो पूरा हो गया है, लेकिन नहरों का का पांच साल से लटका हुआ है। काम की लेटलतीफी का कितना बड़ा नुकसान है, इसका अनुमान ही लगाया जा सकता है। खेतों में पहुंचाया जाने वाला अरपा का कितना पानी बेकार बह गया, जलसंसाधन विभाग के अधिकारी बेहतर जान सकते हैं। लेकिन इसका मोल अगर ये समझते तो अरपा भैंसाझार परियोजना कब के पूरी हो गई होती। इसी हफ्ते जलसंसाधन मंत्री केदार कश्यप का इस परियोजना के निरीक्षण के सिलसिले में आना हुआ था। उन्होंने नहरों का काम जल्द पूरा करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने काम पूरा करने पर जोर दिया। अब देखना होगा कि भाजपा की ही सरकार में शुरू हुई यह परियोजना कब तक पूरी होती है।

नगरीय निकायों का खजाना खाली

कांग्रेस सरकार में छत्तीसगढ़ के शहरी निकायों ने सबसे बुरा वक्त देखा। पिछले पांच साल में विकास के अनेक कार्य रूके रह गए क्योंकि इन कार्यों के लिए सरकार का खजाना खाली था। प्रस्ताव सरकार को भेजे जाते और आधा-अधूरा आवंटन दे दिया जाता। काम भी आधे अधूरे ढंग ही होते।

कुछ ही महीनों में राज्य में शहरी निकायों के चुनाव भी होने वाले हैं। हमने निकाय के एक पदाधिकारी से पूछा कि नई सरकार में क्या हाल है? चुनाव होने वाले हैं, काम तो दिखाने ही होंगे। उन्होंने जवाब दिया वक्त बदलने का इंतजार ही है। निकायों में कर्मचारियों को चार-चार माह से वेतन नहीं मिला है। वे काली पट्टी लगाकर अपना रोष जाहिर कर चुके हैं। विकास कार्यों के लिए राशि के आवंटन का हाल भी पहले जैसा ही है। शहरों के लोग रूके हुए विकास कार्यों के शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। पार्षदों को भी लग रहा है कि सरकार कुछ करे। बिना काम दिखाएं चुनाव में जाने का फायदा क्या है। आज तो खाली जेब वालों को जनता वोट भी नहीं देती। विकास कार्यों को तेज करके दिखाना तो पड़ेगा ही कि खजाना खाली नहीं है। इस बात पर हमेशा जोर दिया जाता रहा है कि शहरी निकायों को अपनी माली हालत सुधारनी होगी, मगर उसका रोड मैप क्या है, यह किसी ने न तो बताया और न ही आगे बढने में कोई मदद की। सामने चुनाव हो तो ये सब बातें तो होंगी ही। देखना होगा आगे कैसी तस्वीर उभरकर आती है।

विस सत्र | विधायक भावना बोहरा ने ध्यानाकर्षण में उठाया मुद्दा

बिरकोना में किसान की संदेहास्पद मृत्यु, जांच कर दिलाएं न्याय

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का मॉनसून सत्र सोमवार 22 जुलाई को शुरू हो गया। इस सत्र में पांच बैठकें होंगी। इस दौरान विधानसभा के प्रथम दिन पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पीएम श्री योजना, राजस्व विभाग एवं वन विभाग से संबंधित प्रश्न सदन में उठाए। इसके साथ ही उन्होंने सदन में ध्यानाकर्षण के दौरान कबीरधाम जिले के बिरकोना में किसान कोमल साहू के संदेहास्पद स्थिति में हुई मृत्यु की जांच के विषय में भी ध्यान आकर्षित किया।

विधायक भावना बोहरा ने किसान कोमल साहू की संदेहास्पद स्थिति में हुई मृत्यु को मृतक के परिवारजनों द्वारा हत्या की दृष्टि से इसकी जांच करने की मांग करने की बात कही।उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय द्वारा इस हादसे की जांच हेतु एसआईटी का गठन करने के निर्देश दिए था और 7 दिवस के भीतर इसकी रिपोर्ट देने के आदेश दिए थे, लेकिन अब तक एसआईटी द्वारा जांच का प्रतिवेदन नहीं सौंपा गया है। जांच में हुए विलंब के कारण परिवार को न्याय मिलने में भी देरी हो रही है इसलिए उनके परिवार के हित को देखते हुए जल्द से जल्द हत्या के दृष्टिकोण से इसकी जांच की जाए। इसके साथ ही पुलिस द्वारा जांच में इस हादसे को आत्महत्या बताया जा रहा है, परिवारजनों का अनुरोध है कि यदि यह आत्महत्या है तो इसमें कोमल साहू को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने की दृष्टि से भी जांच की जाए ताकि इस मामले की सच्चाई सामने आए और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

पंचनामें के बाद जिस व्यक्ति के हस्ताक्षर पंचनामे में लिए गए उसी व्यक्ति के हस्ताक्षर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी हैं परंतु वह व्यक्ति पोस्टमार्टम के पश्चात या पोस्टमार्टम के वक्त उस स्थान पर उपस्थित नहीं था, तो फिर उस व्यक्ति के हस्ताक्षर पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर कैसे हो सकते हैं? यह भी एक जांच का विषय है और कहीं न कहीं इस घटना में व उसकी जांच में संदेह पैदा करता है। गृह मंत्रालय एवं पुलिस प्रशासन द्वारा इस घटना को गंभीरता से लेने की बात कहते हुए भावना बोहरा ने इसकी जांच जल्द करने एवं यदि यह हत्या है और अगर आत्महत्या है तो उसके लिए दुष्प्रेरित करने वाले आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग उनके द्वारा की गई। ध्यानाकर्षण के दौरान भावना बोहरा द्वारा उठाये इस विषय में कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने भी चर्चा करते हुए अपने महत्वपूर्ण सुझाव सदन में रखे।

कितने पीएमश्री स्कूलों की मिली स्वीकृतिः

विधायक भावना बोहरा ने पीएम श्री योजना के तहत कितने स्कूलों को स्वीकृति दी गई है, वर्तमान में कितने स्कूलों का संचालन किया जा रहा है एवं शेष स्वीकृत स्कूलों का संचालन कब तक शुरू किया जाएगा? उन्होंने जिलेवार स्कूलों की जानकारी देने के साथ ही पंडरिया विधानसभा अंतर्गत कुल कितने पीएम श्री स्कूलों को स्वीकृति दी गई है एवं उनमें से कितने स्कूल संचालित है व अन्य शेष स्कूल कब तक स्वीकृति दी जाएगी इस विषय में सदन के समक्ष प्रश्न रखा। जिसका सीएम विष्णु देव साय ने लिखित में उत्तर कहा कि प्रदेश में प्रथम चरण अंतर्गत 211 पीएमश्री शालाएं एवं तृतीय चरण में 8जुलाई 24 अंतर्गत 52 शालाएं भारत सरकार से स्वीकृत हुई है। इस प्रकार से कुल 263 शालाएं स्वीकृत हैं। स्वीकृत स्कूलों में 211 स्कूलों का संचालन पीएम श्री योजना अंतर्गत किया जा रहा है। शेष 52 स्कूलों का पीएम श्री योजना अंतर्गत परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पी.ए.बी.) से बजट स्वीकृति उपरांत शीघ्र संचालित होंगे । प्रत्येक विकासखण्ड/नगरीय निकाय में अधिकतम 02 विद्यालय के स्वीकृति का प्रावधान है। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 02 पीएमश्री स्कूल स्वीकृत किए गये है। वर्तमान में 01 स्कूल पीएम श्री योजना अंतर्गत संचालित है। शेष 01 स्कूल का पीएम श्री योजना अंतर्गत परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पी.ए.बी.) से बजट स्वीकृति उपरांत शीघ्र संचालन होगा। भावना बोहरा ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रदेश में राज्य सरकार जिन भूमि को सार्वजनिक प्रयोजन हेतु अधिग्रहित कर रही है, उससे प्राप्त सेवा शुल्क की राशि वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में कितनी थी? सेवा शुल्क से प्राप्त राशि के उपयोग का क्या प्रावधान है? राशि का वितरण किन-किन विभागों को किस प्रयोजन के तहत किया जाता है ? एवं उस राशि का उपयोग किन-किन विभागीय कार्यों हेतु किया जाता है? के सन्दर्भ में प्रश्न किया जिसका उत्तर देते हुए विभागीय मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 109915981 रुपए एवं 2023-24 में 79072377 रुपए सेवा शुल्क प्राप्त हुई थी। वहीं स्वामित्व योजना के तहत महिलाओं को मिलने वाला भूस्वामी अधिकार से संबंधित कितने स्वामित्व कार्ड वितरित किए जा चुके हैं ? कितने कार्ड का वितरण शेष है एवं शेष कार्ड कब तक वितरित किए जाएंगे? स्वामित्व योजना के अंतर्गत ड्रोन के माध्यम से जमीन का सर्वे का काम किन-किन जिलों में पूर्ण हो चुका है? इस विषय में जानकारी देते हुए विभागीय मंत्री ने बताया कि स्वामित्व योजना अंतर्गत राज्य में भू-स्वामी अधिकार से संबंधित स्वामित्व कार्ड का वितरण नहीं किया गया है तथा सभी 33 जिलों के आबादी ग्रामों का ड्रोन फ्लाई का कार्य पूर्ण हो चुका है।

शास भूमि अतिक्रमण के लिए पटवारी और आरआई की टीम गठित, करेगी जांच

- खबर प्रकाशन के बाद जाँच टीम गठित
- भिनोदा में शासकीय भूमि पर कब्ज़ा



खबर का असर

सरसींवा/ (सारंगढ़-बिलाईगढ़) / नवप्रदेश। भिनोदा के ग्रामीणों ने तहसीलदार एवं कलेक्टर को महीनों पहले अतिक्रमण के सम्बन्ध मे शिकायत की थी। परन्तु संबंधित अधिकारी मामले को गंभीरता से न ले कोई उचित कदम नहीं उठा रहे थे। प्रशासन की इस प्रकार निष्क्रियता को देख लोगों ने समाचार पत्रों को हो रहे अतिक्रमण और शिकायत की जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अखबारों में प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके बाद प्रशासन एक्शन मोड़ में आया। तहसीलदार सरसींवा द्वारा तत्काल मामले की जाँच के लिए आर आई और भिनोदा पटवारी की जाँच टीम का गठित की। शिकायत के आधार पर उचित जाँच और स्पस्ट प्रतिवेदन की मांग की।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

क्र./984/न.पा.प./लो.नि.वि./2024-25 बेमेतरा, दिनांक 22.07.2024

।। मैनुअल पद्धति से द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ।।

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग सड़क/भवन एसओआर 01.01.2015 पर कम/सामान/अधिक दर पर 15वें वित्त मद अंतर्गत सी.सी. सड़क निर्माण कार्य 02 एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य-01 कुल 03 कार्य स्वीकृत लागत राशि 10.06 लाख रूपए हेतु दिनांक 07.08.2024 को कार्यालयीन समय अवधि 3.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्मय से तीन लिफाफा पद्धति पर सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1	निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	-	30.07.2024 को शाम 5.00 बजे
2	कोरा निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि	-	31.07.2024 को शाम 5.00 बजे
3	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	-	07.08.2024 को शाम 3.00 बजे
4	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	-	08.08.2024 को सुबह 10.30 बजे

निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि एवं समय में लोक निर्माण शाखा से अथवा वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी/प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बेमेतरा

कार्यालय संचालक सह वनमण्डलाधिकारी जंगल सफारी रायपुर (छ.ग.)

Phone No. 077-2429725 Email ID- dfojunglesafari@yahoo.com

(विज्ञप्ति)

संक्षिप्त निविदा सूचना (वन विभाग)

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि संचालक सह वनमंडलाधिकारी जंलग सफारी रायपुर के अंतर्गत वनमंडल जंगल सफारी अटल नगर नवा रायपुर में रखे गए वन्य प्राणियों के भोजन हेतु खल्ली मूंगफल्ली, गेहूं कुट्टी, महुआ फूल, पशु आहार, चोकर, चना फल्ला, देशी चना एवं हरा चारा की आवश्यकता हेतु दर निर्धारण कर क्रय हेतु निविदा आमंत्रित किया जा रहा है।

निविदा से संबध में अधिक जानकारी हेतु कैम्प कार्यालय संचालक सह वनमंडलाधिकारी जंगल सफारी सेक्टर नंबर 39 अटल नगर नवा रायपुर कार्यालय के नोटिस बोर्ड में विस्तृत जानकारी का अवलोकन किया जा सकता है।

क्र.	सामग्री का नाम	अनुमानित मात्रा प्रतिदिन (कि.ग्रा.)	धरोहर राशि	सामग्री पहुंच स्थल
1.	खल्ली मूंगफली	111 किलो	30,000.00	नंदनवन जंगल सफारी अटल नगर नवा रायपुर (छ.ग.)
2.	गेहूं कुट्टी	422 किलो	27,000.00	
3.	महुआ फूल	40 किलो	22,000.00	
4.	पशुआहार	342 किलो	99727.00	
5.	चोकर	395 किलो	106650.00	
6.	चना फल्ला	267 किलो	86508.00	
7.	देशी चना	182 किलो	69344.00	
8.	हरा चारा	1712 किलो	2777420.00	

विवरण	प्रथम निविदा दिनांक	समय	द्वितीय निविदा दिनांक	समय	तृतीय निविदा दिनांक	समय
निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि	23/08/2024	अपरान्ह 12.00 बजे तक	29.08.2024	अपरान्ह 12.00 बजे तक	04.09.2024	अपरान्ह 12.00 बजे तक
निविदा फार्म जमा की अंतिम तिथि	23.08.2024	अपरान्ह 03.00 बजे तक	29.08.2024	अपरान्ह 03.00 बजे तक	04.09.2024	अपरान्ह 03.0 0 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि	23.08.2024	अपरान्ह 04.00 बजे तक	29.04.2024	अपरान्ह 04.00 बजे तक	04.09.2024	अपरान्ह 04.00 बजे तक

टीप :- प्री बिट मिटिंग दिनांक 21/08/2024 समय 11.00 बजे

स्थान :- कैम्प कार्यालय संचालक सह वनमंडलाधिकारी जंगल सफारी सेक्टर नंबर 39 अटल नगर नवा रायपुर

संचालक सह वनमंडलाधिकारी
जंगल सफारी रायपुर (छ.ग.)

जी-242501271/2

संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर, कबीर नगर, रायपुर

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित हितग्राहियों को उनके समक्ष दर्शाए गए आवासीय भूखण्ड/भवन कबीर नगर /गुढ़ियारी/ पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया रायपुर में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, हितग्राहियों द्वारा निम्नलिखित आवासीय भूखण्ड/भवन को फ्री होल्ड अधिकार में संपरिवर्तन हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि के 15 दिवस के अंदर मय दस्तावेज, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

क्र.	आबंटी का नाम	पिता/पति का नाम	भवन/भूखण्ड क्र.
	पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया, रायपुर		
1	श्री रामेश्वर प्रसाद मिश्रा	स्व. ब्रम्हानन्द मिश्रा	EWS-15, Sec.-04
2	श्रीमती शालिनी साहू	श्री टाकेश्वर प्रसाद साहू	EWS-1/342, Sec.-02
3	श्रीमती लक्ष्मी बाई ध्रुव	स्व. होरी लाल ध्रुव	MIG-II/160, Sec.-01
4	श्रीमती सुजाता दुबे	श्री उमाकांत दुबे	LIG-172, Sec.-02
5	1. श्री हर्षित अजमानी 2. श्री शिबन अजमानी	दोनों के पिता श्री यविन्दर पाल अजमानी	HIG-I/07, Sec.-03
6	श्री ए.के. गौरहा	स्व. एल.एल. गौरहा	HIG-I/139, Sec.-01
7	श्री एस.व्ही. स्वामी	स्व. एस.रामा स्वामी	MIG-I/637, Sec.-01
	कबीर नगर, रायपुर		
8	श्रीमती खुशबू सिंह	श्री सुमित कुमार चौहान	MIG (KBT)-266, Phase-03
9	श्री विजय मधूकर मलेवार	श्री मधूकर सीता राम मलेवार	MIG (KBT)-253, Phase-03
10	श्री दोलेश्वर केशरवानी	श्री काशीराम केशरवानी	MIG (KBT)-263, Phase-03
11	श्री राम प्रसाद साहू	स्व. पंचम साहू	MIG (KBT)-21, Phase-03
12	श्री सुरेश चन्द्र जैन	स्व. श्री दीप चन्द्र जैन	MIG (KBT)-235, Phase-03
13	श्री केशव राम घोघडे	स्व. मंगरू जी बी. घोघडे	MIG (KBT)-232, Phase-03
14	श्री मधु सूदन शर्मा	स्व. रामदयाल शर्मा	MIG (KBT)-449, Phase-03
15	1. श्री बेदनलाल गेदले 2. श्रीमती लक्ष्मी देवी	1. स्व. फेरहाराम गेदले 2. श्री बेदनलाल गेदले	MIG (KBT)-455, Phase-03
16	श्री संजय कुमार चौबे	स्व. बी.आर. चौबे	MIG (KBT)-185, Phase-03
17	श्रीमती प्रियंका तुंगड़ीवार	श्री संजय तुगड़ीवार	MIG (KBT)-363, Phase-03
18	श्री संजीव देशपाण्डे	स्व. श्री आर.पी. देशपाण्डे	MIG (KBT)-26, Phase-03
19	श्री सुशील कुमार शील	स्व. श्री राजेन्द्र नाथ शील	MIG (KBT)-133-B, Phase-03
20	श्रीमती दुरपति राज	श्री शौकी लाल राज	MIG (KBT)-233, Phase-03
21	श्री संदीप भट्टाचार्य	श्री उमा भट्टाचार्य	MIG (KBT)-492, Phase-03
22	श्रीमती मौसामी कर	श्री हिमांशु शेखर कर	MIG (KBT)-133, Phase-03
23	श्री मुरलीधर पटेल	स्व. भगवान सिंह पटेल	HDD-I/155, Phase-03
24	1. श्री अजीत कुमार साहू 2. श्रीमती हेमा साहू	1. श्री प्रभूराम साहू 2. श्री अजीत कुमार साहू	MIG II/59, Phase-02
25	श्री चन्द्राराम बैगा	श्री चौठा राम बैगा	MIG -II/135, Phase-02
26	श्रीमती फातिमा एक्का	श्री इग्ना सियुस एक्का	MIG (KBT)-240, Phase-03
27	श्री विनायक राव भूरे	स्व. श्री पाण्डुरंग जी भूरे	MDS-121, Phase-01
28	श्रीमती रूकमणी देवी पटेल	स्व. श्री बृजलाल पटेल	HIG-07
	टाटीबंध, रायपुर		
29	श्री करन सिंह	श्री जिले सिंह	LIG-24
30	श्रीमती एस.आर. अयंगर	श्री के. रंगनाथन	MIG-54
31	श्री बन्त सिंह सैनी	स्व. मघर सिंह	MIG-55
32	1. श्रीमती विद्या देवी 2. श्रीमती स्निग्धा कुमारी	1. श्री योगेन्द्र प्रसाद शर्मा 2. श्री पंकज कुमार	MIG-121
33	श्रीमती अकांक्षा जैन	श्री अभिनव जैन	LIG-169
	जनता कालोनी गुढ़ियारी		
34	श्री जीतेश कुमार गुप्ता	स्व. श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता	LIG-14

मकान नहीं घर बनाते हैं पीढ़ी से पीढ़ियों का रिश्ता बुनते हैं।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, रायपुर

न्यूज गैलरी

पारागांव नाले में बाढ़ से भूतेश्वरनाथ का रास्ता बंद

गरियाबंद/नवप्रदेश। सावन के पहले ही सोमवार भुतेश्वरनाथ का रास्ता दोपहर के बाद ब्लॉक हो गया है। अंचल में लगातार हो रही बारिश की वजह से सोमवार 22 जुलाई की दोपहर के बाद पारागांव नाले में बाढ़ आ गई। बाढ़ का पानी पुलिया के ऊपर तक आ गया, जिसकी वजह से जिला मुख्यालय से भुतेश्वरनाथ धाम का रास्ता कई घंटों से बंद हो गया है, इसके साथ ही साथ ग्राम पारागांव, छिंदोला, जड़जडा, मारागांव ,पेंड्रा जैसे गांवों का आवागमन भी अवरुद्ध हो गया है। इससे दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई है। मौके पर उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी (रा) विशाल महाराणा ने बताया कि पुलिया के ऊपर से पानी बह रहा है। जिसकी वजह से लोगों को पुलिया पार नहीं करने की चेतावनी दी जा रही है। राजस्व तथा पुलिस विभाग के कर्मी भी मौके पर उपस्थित हैं।

सर्व आदिवासी समाज तहसील नगरी के उमेश देव तीसरी बार अध्यक्ष

नगरी/नवप्रदेश। सर्व आदिवासी समाज तहसील नगरी के हुए चुनाव में लगातार तीसरी बार उमेश देव का मनोनयन अध्यक्ष पद के लिए हुआ। समाज प्रमख एवं सर्व आदिवासी समाज ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पदाधिकारियों का अभिनंदन स्वागत कर समाज को नई दिशा देने एवं विकास करने का संकल्प भी दिलाया।ध्रुव गोड़ समाज भवन चुरियारापारा में यह चुनाव किया गया। सर्व सम्मति से मनोनयन जीवराखनलाल मरई जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, महेश रावटे कार्यकारी अध्यक्ष, संरक्षक छेदप्रसाद कौशिल अध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज तहसील के निर्देशन में किया गया । जिसमें सामान्य प्रभाग अध्यक्ष उमेश देव, उपाध्यक्ष अरविन्द नेताम, दलगंजन मरकाम , हलधर शार्दुल, कोषाध्यक्ष उत्तम नेताम , महासचिव पूरन नेताम, सचिव हेमलाल मरकाम,सहसचिव खिंजन कश्यप, संचालक ईश्वर मंडावी का मनोनयन किया गया विदित हो कि उमेश देव को उनके समाज के प्रति जागरूक तथा मिलनसार सभी पदाधिकारी सदस्य को लेकर चलने से लगातार तीसरी बार सर्व आदिवासी समाज तह नगरी अध्यक्ष पद हेतु समाज ने भरोसा जताया है ।

सावन मास के पहले सोमवार को जल चढ़ाने गरियाबंद के शिवभक्त बाबाधाम बैद्यनाथ के लिए हुए रवाना

गरियाबंद/नवप्रदेश। शनिवार 20 जुलाई को गरियाबंद सहित आसपास के दर्जनों कांवडियों का जत्था रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा और साउथ बिहार एक्सप्रेस से देवघर के लिए रवाना हुआ। इस दौरान पूरे स्टेशन में बोल-बम-बोल बम के नारे से गूंज रहा था। शिव भक्तों ने कहा कि श्रावण मास के पहले दिन सोमवार की शाम सुल्तानगंज से जल उठाएंगे और बैजनाथ धाम में भोलेनाथ को जल अर्पण करेंगे। गरियाबंद के शिव भक्तों ने बताया कि कई भक्त ऐसे भी हैं जिनकी मन्नतें पूरी हो गई है तो वो दोबारा जलाअभिषेक करने के लिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया हर साल ये श्रावण के पहले ही दिन जल चढ़ाते हैं, इस कारण शनिवार को रवाना हो रहे हैं। ताकि सोमवार को सुल्तानगंज से जल उठाएंगे और बैजनाथ धाम में बाबा जी जल चढ़ाएंगे। विश्व प्रसिद्ध मंदिर बाबा बैद्यनाथ झारखंड के देवघर में हैं। यहां श्रद्धालु सुल्तानगंज से जल लेकर आते हैं। इसके अलावा कुछ कावंडिये राऊरकेला के पास स्थित पानपोस के प्रसिद्ध मंदिर में भी जल चढ़ाते हैं। त्रेता युग में भगवान श्रीरामचंद्र ने अयोध्या के राजा बनने के बाद सुल्तानगंज से जल भरकर कांवड़ सहित वैद्यनाथ धाम मंदिर में जलाभिषेक करने पहुंचे थे। इसी से कांवड़ यात्रा की परंपरा शुरू हुई

7 दुकानों में मिली अनियमितता, नोटिस जारी

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले के कृषकों को गुणवत्ता युक्त एवं उचित दर पर खाद, बीज एवं कीटनाशक उलब्ध कराने के उद्देश्य से उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक द्वारा विकासखण्ड-भाटापारा के कृषि केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें कृषि दुकानों द्वारा अनियमिता बरतने के चलते 7 दुकानों को नोटिस जारी किया गया है। श्री नायक ने ग्राम देवरी के साहू कृषि केन्द्र का निरीक्षण किया जिसमें प्रोप्राईटर अनुपस्थित पाया गया एवं विक्रय केन्द्र व्यवस्थित न होने के कारण, ग्राम तरेंगा के न्यू साहू कृषि केन्द्र में कालातीत बीज एवं कीटनाशक का नियमानुसार भण्डारण नहीं पाये जाने के कारण नोटिस जारी किया गया है।

अटल चौक से सटाकर शौचालय निर्माण

■ शिवसेना ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

भटगांव/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत धाराशिव में अटल चौक से सटाकर शौचालय निर्माण किया जा रहा है जिसके विरोध में शिवसेना संगठन के जिला अध्यक्ष गगन वैष्णव के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर उक्त निर्माण कार्य को बंद कराने का मांग किया था ।

ज्ञात हो भाजपा की सरकार आने पर माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जनदर्शन में ग्राम पंचायत धाराशिव के अटल चौक से सटकर बनाए जाने वाली शौचालय को तोड़ने के संबंध में आवेदन दिया जा चुका है परंतु आज पर्यंत तक आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया जहां जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री जनदर्शन की भी अवहेलना किया जा रहा है ।

ऐसा लगता है जैसे अंचल में नौकरशाही हावी है । अधिकारियों के संरक्षण पर सरपंच सचिव मनमाना कार्य कर रहे है जहाँ शौचालय निर्माण के समय अटल चौक को ध्यान दिए बगैर शौचालय का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया और शायद अटल चौक से ज्यादा शौचालय की स्वीकृत राशि अधिक होने के कारण आवेदन पर किसी प्रकार की कार्रवाई पर कोई भी अधिकारी ध्यान देकर कार्य नहीं किया जा रहा है। तो वही दूसरे स्थान पर और अटल चौक बनाने की बात सामने आ रही है जहां भारत रत्न माननीय अटल बिहारी वाजपेई जी के अटल चौक से सटाकर माननीय अटल बिहारी वाजपेई की चौक पर शौचालय निर्माण करना अपमान करने करने जैसा कार्य है जिसका विरोध शिवसेना ने किया है। आवेदन कर्ता राजू आदित्य, एस कुमार श्रीवास, काशीनाथ, इमरान उपस्थित थे।

एसडीएम के पास आवेदन करें

डिप्टी कलेक्टर कलेक्टर वर्षा बंसल ने कहा कि एक बार एस. डी. एम मैडम के पास आवेदन करने की बात कही।

छवि धूमिल हो रही

शिवसेना संगठन जिला अध्यक्ष- गगन वैष्णव ने कहा की केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार होते हुए इस प्रकार से अधिकारियों की मनमानी और कार्रवाई न करना सत्ता शासन की छवि को धूमिल करने का काम कर रही है वहीं भाजपा के नेता मंत्री भी चुप्पी साधे बैठे हैं।

दूसरे स्थान पर अटल चौक

जिला नोडल अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़- हरिशंकर चौहान ने कहा की विवाद को सुलझाने के लिए दूसरे जगह अटल चौक बनाने के लिए बोला गया है ।

पुराने को डिस्मेंटल कर दें

जनपद पंचायत बिलाईगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतिक प्रधान ने कहा की विवाद को सुलझाने के लिए दूसरे स्थान पर अटल चौक का निर्माण किया जा रहा है नया बनने पर पुराना को डिस्मेंटल कर दिया जाए।

रेलवे ट्रेक में मिला अज्ञात युवक का शव

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा निपनिया रेल मार्ग पर भाटापारा ओवरब्रिज के नीचे रेलवे ट्रेक में एक अज्ञात युवक का शव मिला है जिसके सिर में गम्भीर चोट होने के चलते उसकी मौत की आशंका जताई जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि युवक की ट्रेन से गिरने की वजह से यह घटना घटित हुई होगी।

फिलहाल शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर कार्यवाही में जुटी है। जांच व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थित स्पष्ट हो पाएगी। बहरहाल अज्ञात युवक की पता साजी का प्रयास शहर पुलिस कर रही है।

राजिम में दिगंबर जैन मंदिर में चातुर्मास कलश की हुई स्थापना

नयापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर के हृदय स्थल सदर रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर शांतिनाथ जिनालय में आचार्य विरागसागर ,आचार्य विशुद्धसागर महाराज , आचार्य विभव सागर महाराज जी की शिष्या स्वाध्याय श्री माताजी एवं चर्या श्री माताजी का चातुर्मास कलश की स्थापना भव्य आयोजन के साथ संपन्न हुई।

मंदिर जी से माताजी के सानिध्य में समाज के लोगों के द्वारा भव्य कलश यात्रा जैन भवन तक पहुंची। वहां पर सर्वप्रथम ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन सुनील कुमार अनुभव आदित्य जैन परिवार के द्वारा किया गया तत्पश्चात मंडप उद्घाटन का कार्यक्रम हुआ। मंडप उद्घाटन बुढार से पधारे अतिथियों के द्वारा संपन्न किया गया।

राजेश रज्जन जैन ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सर्वप्रथम मंगलाचरण कराया। पाठशाला के बच्चों के द्वारा मंगलाचरण के साथ मोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । पाठशाला के छोटे छोटे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। मंगलाचरण के पश्चात दीप प्रज्वलन दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के अध्यक्ष किशोर सिंघई , संरक्षक रमेश पहाड़िया, उपाध्यक्ष सुरित जैन, सचिव अखिलेश जैन एवं चातुर्मास कमेटी के संरक्षक सतीश जैन, अध्यक्ष अजीत चौधरी, उपाध्यक्ष अमर जैन ,सचिव अंबर सिंघई ,कोषाध्यक्ष रविंद्र सिंघई, सह सचिव सजय पाटनी, सांस्कृतिक सचिव अनुभव जैन के द्वारा किया गया। चित्र अनावरण बुढार भाटापारा रायपुर से आए अतिथियों के द्वारा किया गया ।चर्या श्री माताजी के द्वारा चातुर्मास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सावन सुदी पूर्णिमा से कार्तिक बदी अमावस्या तक चातुर्मास का काल रहता है। इस काल में वर्षा ऋतु मे अनंत जीवों की उत्पत्ति हो जाती है जिससे बिहार करने में उन जीवों की विराधना होती है अतः जैन धर्म एवं अन्य अहिंसक समाज के साधु संत भी चार महीना एक जगह रुक कर धर्म की प्रभावना करते हैं ।

विहिप बजरंगदल ने प्रभारी मंत्री से समस्याओं पर की चर्चा

धमतरी/नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ,प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस हेमराज सोनी के समक्ष क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के सम्बन्ध में चर्चा की। संगठन ने प्रमुख रूप से जिले में बढ़ता नशे का कारोबार, नाबालिग बच्चों के हाथों होने वाली आपराधिक घटनाओं के विषय पर चिंतन किया गया । साथ ही पर्यावरण प्रदूषण, रेत माफिया द्वारा अवैध उत्खनन, संग्रहन एवं परिवहन पर स्थाई रूप से प्रतिबंध लगाने जिलकार्याध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर प्रखण्ड अध्यक्ष दीपक सोनी द्वारा आग्रह किया गया एवं ज्ञापन सौंपा गया । इस अवसर पर मनीष कश्यप, अशरज साहू, भूपेंद्र साहू, लोमन कँवर, पंचराम साहू उपस्थित थे ।

सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में भक्तों का तांता

छुरा /नवप्रदेश। सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। हर-हर महादेव के जयकारों के बीच भक्तजन सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए उमड़ पड़े।

छुरा के महादेव घाट में स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तजन बेलपत्र, दूध, दही, शहद, और गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक करते नजर आए। भक्तों ने विशेष रूप से भगवान शिव के लिए जलाभिषेक किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सावन के इस पहले सोमवार को विशेष महत्त्व दिया जाता है क्योंकि यह भगवान शिव का प्रिय मास माना जाता है। इसी कारण शिवभक्तों के बीच इस दिन का विशेष उत्साह देखने को मिलता है।

पूरे शहर में शिवालयों के आसपास का माहौल भक्तिमय हो गया था। भक्तों ने भजन-कीर्तन के माध्यम से भगवान शिव का गुणगान किया और माहौल को और भी पवित्र बना दिया। सावन के पहले सोमवार की इस भक्तिमय शुरुआत ने सभी को भगवान शिव की कृपा पाने की आशा को भर दिया है।

महानदी की आरती में शामिल हुए प्रीतेश गाँधी

धमतरी/नवप्रदेश। सावन माह के पहले सोमवार को रिमझिम बारिश के साथ ही बोल बम के गुंजायमान जयकारे के साथ भगवान भोलेनाथ की भक्ति और उपासना आरम्भ हो गयी। जहां रुद्रेश्वर महादेव में सुबह से ही पूजा अर्चना करने के लिए लम्बी कतार लगी रही,वहीं बोल बम कांवरिया संघ द्वारा आयोजित महानदी की महाआरती प्रातः 6:30 बजे पं.हरिशरण वैष्णव महाराज जी द्वारा कर क्षेत्र के सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई। जिसमें सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा छत्तीसगढ़ प्रीतेश गांधी और नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा भी शामिल होकर सभी को क्षेत्र के इस आध्यात्मिक एवं धार्मिक आयोजन के लिए बधाई देते हुए भगवान शंकर के प्रति उमडे भक्ति भाव के इस भव्य आयोजन में अपनी सहभागिता प्रदान की। इस अवसर पर श्री प्रीतेश गांधी ने महानदी की महाआरती कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की एवं रुद्रेश्वर महादेव की पूजा की ।

कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा उत्सव

छुरा/नवप्रदेश। छ ग शासन के निर्देशानुसार राज्य के सभी शासकीय तथा अशासकीय विद्यालयों में इस वर्ष गुरु पूर्णिमा मनाने का आदेश जारी किया गया था, इसी कार्यक्रम के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक में गुरू पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। जिसमे मुख्यअतिथि के रूप में समाजसेवी शीतल ध्रुव एवम योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा एवम विशिष्ठ अतिथि संस्था के प्राचार्य कृष्ण कुमार साहू थे। निर्देशानुसार सर्वप्रथम वीना वादिनी मां सरस्वती की पूजन अर्चन किया गया एवम छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया।छात्राओं द्वारा अतिथियों एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओ को श्रीफल एवम कलम भेंट कर उनका सम्मान किया गया। प्राचार्य कृष्ण कुमार साहू ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीन काल की गुरु शिष्य परंपरा में सभी पढ़े हैं चाहे सामान्य परिवार के बच्चे या भगवान श्रीराम एवम श्री कृष्ण जी गुरुकुल में बिना भेद भाव के एक साथ शिक्षा ग्रहण करते थे, श्री साहू ने चार वर्ण आश्रमों की भी जानकारी दी।

पथरिया में डायरिया का प्रकोप, 19 का इलाज जारी

■ कुछ की हुई छुटी, मेडिकल टीम का गांव में कैंप

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा ब्लाक के ग्राम पथरिया में डायरिया के चलते लोगों की तबीयत बिगड़ने के बाद पीड़ित लोगों का स्थानीय सिविल अस्पताल तथा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां सब की सेहत पहले से बेहतर बताई जा रही है।कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारियों सहित मेडिकल टीम ने गांव का दौरा किया तथा गांव वालों की शिकायत पर दूषित पानी का सेंपल लेकर जांच के लिए प्रयोग शाला भेज गया है,वही ऐतिहायत के तौर पर उक्त पंप को बंद कर स्कूल में अवकाश दे दिया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार भाटापारा के समीपस्त ग्राम पथरिया में डायरिया का प्रकोप देखने मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी अनुसार गाँव में अब तक 19 लोग डायरिया से पीड़ित है ।जिनमे लगभग 7 लोगों का इलाज सिविल अस्पताल भाटापारा में चल रहा है ।वही बाकी लोगों का आस पास के प्राथमिक व उपस्वास्थ्य केंद्रों में इलाज जारी है।डायरिया के जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के तमाम वरिष्ट अधिकारी व टीम पथरिया में कैम्पगाकर प्रभावित लोगों की जांच में लगे हुए है।डायरिया का प्रमुख कारण दूषित जल व खान पान बताया जाता है ।अंदेशा लगाया जा रहा है कि गाँव मे दूषित पानी के इस्तेमाल से डायरिया ने उन्हें अपनी चपेट में लिया होगा।एक साथ इतने लोगो के प्रभावित होने की खबर के बाद कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर,जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ महेश्वर, डा राजेंद्र माहेश्वरी सहित प्रशासनिक अधिकारी एस डी एम नितिन तिवारी, अतिरिक्त तहसीलदार प्रेमा मिंज,नायाब तहसीलदार प्रकाश पटेल इत्यादि अधिकारियों की संयुक्त टीम ने गांव के हालत का जायजा लिया और पीड़ितों से बात चित कर घटना के बारे में जानकारी ली।

सेमरिया घाट पुल पर 2 फीट पानी

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा से बिलासपुर मार्ग पर 6 किमी दूर ग्राम सेमरिया घाट पुल पर शिवनाथ नदी का पानी पुल के ऊपर से बहने के कारण भाटापारा नारायणपुर बिलासपुर मार्ग बंद हो गया है।लगातर बढ़ते जलस्तर को देखते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने नागरिकों से सुरक्षित रहने की अपील की है। तथा लगातार स्थिति पर नजर बनाएं हुए है। वही संबंधित अधिकारियों से पल पल की जानकारी लेते हुए बाढ़ तथा आपदा से बचाव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए है।

राज्य के अनेक हिस्सो में हुई बारिश के चलते शिवनाथ नदी का जल स्तर बढ़ गया है और सोमवार को सेमरिया घाट पुल पर लगभग 2 फिट से ऊपर पानी बहने की जानकारी मिली है,जिसके चलते सुरक्षा की दृष्टि से भाटापारा बिलासपुर सड़क संपर्क टूट गया है।कलेक्टर ने सेमरिया घाट के ऊपर से पानी बहने की स्थिति को देखते हुए प्रशासन की टीम को तैनात रहने और बाढ़ वाले सम्भावित स्थानों में लगातार मुनादी करने के निर्देश दिए हैं।

मांग | फिर एक बार उम्मीद जागी

रीवां-बिलासपुर ट्रेन को रायपुर तक विस्तारित करने की मांग हो सकती है पूरी ?

भाटापारा/नवप्रदेश। संसद सत्र प्रारंभ हो गया है और इस मानसूत्र सत्र में आम बजट के साथ ही पेश होने वाले रेल बजट में अंचल के लोगो को फिर एक बार आस जगी है कि इस बार तो रीवा से बिलासपुर तक चलने वाली 18247/18248 एक्सप्रेस ट्रेन रायपुर तक बढ़ सकती है,क्योंकि इस एक ही ट्रेन के लिए चार सांसदों ने भी रेल मंत्री को पत्र लिखकर रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस को दुर्ग या फिर रायपुर तक विस्तारित करने की मांग की है।

रीवा से बिलासपुर के मध्य रोजाना चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को रायपुर या दुर्ग तक बढ़ाने की मांग काफी लंबे समय से की जा रही है।बलोदाबाजार भाटापारा जिला सहित रायपुर और दुर्ग जिले में बड़ी संख्या में रीवा के लोग रहते हैं और रीवा की ट्रेन पकड़ने के लिए इन्हें बिलासपुर तक का सफर करना पड़ता था।

इस ट्रेन को पकड़ने के लिए किसी दूसरी ट्रेन या फिर अन्य साधन से बिलासपुर पहुंचना होता है।जिस कारण से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और कई बार ट्रेन भी छूट जाती है।

ऐसे में इस ट्रेन को लंबे समय से रायपुर या दुर्ग तक विस्तारित करने की मांग की जा रही है। संसद का सत्र चालू हो गया है ऐसे में इस बार फिर इस सत्र को लेकर अंचल के लोगो में एक आस जगी है कि इस बार तो रीवा बिलासपुर एक्सप्रेस का विस्तार रायपुर दुर्ग तक हो जाएगा।अंचल के यात्रियों ने बताया कि 18248 रीवा से रात 10 बजकर 15 मिनट को रवाना होती है और दूसरे दिन प्रातः9 बजकर 20 मिनट को बिलासपुर पहुंच जाती है और 10 घंटे वासिंग यार्ड में खड़े रहने के बाद यह ट्रेन 18247 बिलासपुर से रात 7 बजकर 20 मिनट को रवाना होती है तथा दूसरे दिन सुबह 5 बजकर 55 मिनट को रीवा पहुंच जाती है और लगभग 16 घंटे बाद पुनः वापस होती है।लोगो ने बताया कि इस ट्रेन को विस्तारित करने की मांग जनहित में रीवा से सांसद जनार्दन मिश्रा, दुर्ग सांसद विजय बघेल, बिलासपुर सांसद और कैन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ ही महासमुंद की सांसद रुपकुमारी चौधरी ने भी रेल मंत्री को पत्र लिखकर 18247/18248 एक्सप्रेस ट्रेन को रायपुर या फिर दुर्ग स्टेशन से चलाने की मांग की है। अंचल के लोगों को इस सत्र से काफी उम्मीद जगी है और सत्र में इस ट्रेन को विस्तारित किया जाता है तो दुर्ग,रायपुर,भाटापारा के रेल यात्रियों को कटनी,मैहर,सतना के लिए एक अतिरिक्त ट्रेन की सुविधा भी मिल जाएगी जिसका उन्हें बेसब्री से इंतजार था।

आमदी के वार्डों का परिसीमन, वार्डवासियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

धमतरी/नवप्रदेश। 22 जुलाई को वार्डो के परिसिमन को लेकर वार्ड वासियो नें सैकड़ों की संख्या में धमतरी कलेक्टर के पास ज्ञापन देने पहुंचे और नगर पंचायत आमदी के वार्ड 2 व 3 के परिसिमन को यथावत रखने का चेतावनी दी क्योंकि जनगणना परिसीमन टीम द्वारा वार्डो का निरीक्षण किए बिना राजनीतिक दबाव में आकर सिर्फ टेबल में बैठकर ही नगर पंचायत आमदी के वार्डो का परिसीमन किया जा रहा है जबकि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि एक जनगणना ब्लॉक पूरी तरह एक वार्ड में समाहित हो एक जनगणना वार्ड दो या दो से अधिक वार्ड में नहीं शामिल किया जा सकता है क्योंकि यह शासन के निर्देश के विरुद्ध है जिसको लेकर आमदी नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 2 व 3 के निवासी चिंतित है। वार्ड वासियों का कहना है कि अगर नगर पंचायत आमदी के वार्ड क्रमांक 2 व 3 का परिसीमन यथावत नहीं किया जाता हैं तों वार्ड वासियों द्वारा धमतरी कलेक्टर के पास ज्ञापन दिये है अगर वार्डो का परिसिमन यथावत नहीं किया जाता है तों आगे नगर पंचायत आमदी में चक्का जाम भी करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी क्योंकि जनगणना टीम द्वारा वार्ड वासियों को सूचित बिना ही वार्डो का सीमांकन राजनीतिक दबाव में आकर किया जा रहा है। अगर हम बात करें वार्ड क्रमांक 2 व 3 की तो वार्ड क्रमांक - 02 पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में महादेव गोड के घर से अर्जुन साहू के मकान होते हुए महेंद्र साहू के घर से हिरदू साहू के घर तक घटाकर वार्ड क्रमांक 03 में सम्मिलित किया गया है।

■ न्यूज गैलरी

ट्रैक्टर से गिरकर मजदूर की मौत, मामला दर्ज

जांजगीर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के शिवरीनारायण मुख्य मार्ग के बारगांव चौक पर रविवार की शाम मिक्सर मशीन से जुड़े ट्रैक्टर से गिरकर मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल को बाइक पर बैठाकर पामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। आपको बता दें कि, अक्सर देखा जाता है कि ट्रैक्टर से जोड़कर मिक्शर मशीन को कार्यस्थल पर ले जाया जाता है। मशीन के अलावा ट्रैक्टर के इंजिन में दर्जनों श्रमिकों को ठूंस-ठूंसकर बिठाया जाता है। जबकि ट्रैक्टर चालक को पता होता है कि यदि कोई गिर जाए तो उसकी मौत तय है। इसके बाद भी ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जाती। जबकि यह घोर लापरवाही की श्रेणी में आता है। पुलिस के अनुसार मजदूर रामसत्य खूंटे पिता भूखन उम्र 50 वर्ष निवासी मेहंदी अपने गांव के ही गोपाल सांडे के साथ मिक्शर मशीन पर मजदूरी का काम करता था। ट्रैक्टर चालक गोपाल सांडे लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर चला रहा था। तभी अचानक बारगांव चौक पर ट्रैक्टर से उछलकर रामसत्य खूंटे सड़क नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। हालांकि डॉक्टरों से इसकी पुष्टि के लिए पामगढ़ अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी। घटना की सूचना पर पामगढ़ पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

भक्तजन बेलपत्र धतूरा शमी पत्र अर्पित कर दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक किए

मुंगेली/नवप्रदेश। सावन माह के पहले सोमवार को शिवालयों में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भक्तजन बेलपत्र, धतुरा, शमी पत्र, अर्पित कर दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक करते रहे। शिवालयों में श्रावण सोमवार को विशेष सजावट की गई। सावन झूला उत्सव का भी आयोजन किया किया गया है।

शिव भक्ति का श्रावण माह भी आज से शुरू हो गया है। आज श्रावण माह का प्रथम सोमवार होने की वजह से भक्तों की शिवालय में विशेष भीड़ रही। मंदिर में सुबह से रात्रि तक भक्तजनों की भीड़ लगी रही। नगर के प्रमुख नंदी चौक स्थित खेमगिर शंकर मंदिर, शिव मंदिर खर्राघाट, शिव मंदिर बुधवारी, शिव मंदिर सेतगंगा, सोनार पारा स्थित शंकर मंदिर में सावन सोमवार पर भक्तजन पूजा-अर्चना करते रहे। शिव मंदिरों में हर-हर महादेव के बोल गूंजते रहे। बेल पत्ती व दूध तथा जल से भगवान शिव का अभिषेक किया गया। भक्त सावन सोमवार पर उपवास रखकर शिवजी को प्रसन्न करने के लिए बेलपत्ती व धतूरा, शमी पत्र अर्पित कर पूजा-अर्चना करते रहे। भक्तजनों द्वारा दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक किया जाता रहा। नगर के मल्हापारा स्थित प्रसिद्ध शंकर मंदिर में सावन झूले का आयोजन किया गया है। झूले में माता यशोदा भगवान कृष्ण को गोद में लेकर विराजमान है। सुबह से लेकर शाम तक बड़ी संख्या में महिलाओं एवं दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही।सेतगंगा में शिव आराधना का पवित्र मास सावन के प्रथम दिवस से ही अद्वितीय, पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक, प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर सेतगंगा मे बड़ी संख्या में भक्तों ने जलाभिषेक कर उनका आशीर्वाद लेते रहे। सावन मास प्रारंभ होते ही शिव भक्त कावड़िये बोल बम बम बम भोले का उद्घोष करते हुए सड़कों पर नजर आने लगे हैं। श्रद्धालु गंगा जल, भंग, भस्म, लाल चंदन, रुद्राक्ष, आंक के फूल, धतूरे के फल, बेल पत्र, शमी पत्र, दूध, चांवल, कनेर का फूल सहित अन्य सामग्री से पूजा कर भोले नाथ को प्रसन्न करने मनोवांछित फल की कामना करने लगे है।

किराना दुकान चलाने वाला युवक गांजा बेचते पकड़ाया

रायगढ़/नवप्रदेश। किराना दुकान की आड़ में गांजा बेचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से आधा किलो गांजा बरामद कर कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर को मुखबीर से ग्राम बिजना का जाहीर खान अपने किराना दुकान में अवैध रूप से गांजा बिक्री करने की सूचना मिली। थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर थाने से सहायक उप निरीक्षक नरसिंग यादव के हमराह स्टाफ कार्यवाही के लिए रवाना किया गया। पुलिस टीम तत्काल ग्राम बिजना जाकर संदेही के दुकान पर रेड किया गया। जहां मौजूद मिले जाहीर खान को गांजा रेड की जानकारी देकर विधिवत संदेही की तलाशी लेकर फोर्स की तलाशी दी गई और दुकान की तलाशी लिया गया जिसमें किराना दुकान के पीछे दीवाल में बने गड्ढा में जाहीर खान द्वारा छुपा कर रखे प्लास्टिक पन्नी में मादक पदार्थ गांजा को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया। जप्त गांजा का वजन 550 ग्राम कीमती 2700 का पाया गया। आरोपी द्वारा अवैध बिक्री के लिए गांजा रखना पाए जाने पर आरोपी जहीर खान पिता जाफर खान उम्र 20 साल निवासी ग्राम बिजना थाना तमनार के विरुद्ध अपराध क्रमांक 192/2024 धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। गांजा रेड की कार्यवाही में थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर, सहायक उप निरीक्षक नरसिंग नाथ यादव, प्रधान आरक्षक संतोष कुर्रे, आरक्षक भीष्म देव सागर और सनंत कुमार शामिल थे।

नशीले पदार्थ खिलाकर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर/नवप्रदेश। धोखे से नशीली पदार्थ का सेवन कराकर दैहिक शोषण करने वाले मुख्य आरोपी एवं सहयोगी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता का आरोपी दिनेश कुमार टंडन का जान पहचान था। इस पर ग्राम कोटमीसोनार क्रोकोडायल पार्क में बुलाकर धोखे से नशीली पदार्थ पिलाकर दैहिक शोषण किया गया। साथ ही घटना के समय उसके एक अन्य साथी घटना स्थल पर पहरा दे रहा था। इसकी रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 376 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान प्रकरण में धारा 328, 506, 34 जोड़ी गई। पीडिता पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा अतिरिक्त आरोपी की पतासाजी के लिए थाना स्तर से टीम गठित की गई। प्रकरण के दोनों आरोपी अपने फरार चल रहे थे। जिसकी पुलिस द्वारा लगातार पतासाजी की जा रही थी। सायबर सेल की मदद से मुख्य आरोपी दिनेश टण्डन निवासी डोंगरीडीह थाना लवन जिला बलौदा बजार एवं सहयोगी आरोपी कौशल कुमार बंजारे निवासी तनौद थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा को ग्राम तनौद में पकड़ा गया।

स्टार्स ऑफ टुमॉरो ने रोपे 50 पौधे

मुंगेली/नवप्रदेश। स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी ने 25 पीपल, 10 बरगद, 5 नीम सहित करंज, जामुन, अमरूद आदि के 50 पौधों का रोपण गुरुओं को समर्पित करते हुए आगर प्राण वायु परिसर में किया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यगण उपस्थित थे।

पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रही संस्था स्टार्स ऑफटुमॉरो वेलफेयर सोसायटी ने जन जागरूकता के माध्यम से विगत सात सालों से चल रहे अभियान हरियर मुंगेली-सुघ्घर मुंगेली से शहर सहित आसपास के ग्रामीणों को जोड़ इस अभियान को सफल बनाया है। लोगों को जोड़ने के तारतम्य में ही आठवें वर्ष के द्वितीय चरण के अंतर्गत हरति टीम द्वारा लोगों से घर के गमलों में लगे पीपल, बरगद, नीम आदि के पौधे अभियान के लिए डोनेट करने की अपील की। जिसके तहत मिले 25 पीपल, 10 बरगद, 5 नीम सहित करंज, जामुन, अमरूद आदि के 50 पौधों का रोपण गुरुओं को समर्पित करते हुए आगर प्राण वायु परिसर में किया। संस्था के वरिष्ठ सदस्य सतपाल मक्कड़ ने बताया कि पिछले गर्मी के सीजन में लगातार तापमान में बढ़ोत्तरी हुई। इस विकट समस्या से निजात के लिए संस्था स्टार्स ऑफ टुमॉरो वेलफेयर सोसायटी ने पर्यावरण के प्रति लोगो को जागरूक करने का बीड़ा उठाया है। इस अवसर पर उपस्थित वार्ड पार्षद मोहित बंजारा ने इस पहल के लिए टीम स्टार्स की तारीफ करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए विगत कई वर्षों से किया जा रहा है। सदस्य दिनेश गोयल ने बताया कि संस्था के द्वारा पौधे लगाने के बाद वहां रहने वाले परिजनों को उस पौधे का अभिभावक बनाकर उस पौधे की देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। साथ ही उनके पूर्वजो की स्मृति की पट्टिका ट्रीगार्ड में लगाई जा रही है। जिससे पौधे से उन परिवारों का सीधा लगाव हो सकें। इस दौरान वार्ड पार्षद मोहित बंजारा, संस्था के संयोजक रामपाल सिंह, सह संयोजक रामशरण यादव, अध्यक्ष महावीर सिंह, सतपाल मक्कड़, दिनेश गोयल, गोखलेश सिंह, आशीष कुमार सोनी, दीपक जैन, श्रेणिक पारख, गिरीश सुथार, विकास जैन, रणवीर सिंह, नीलेश केशरवानी, सूरज मंगलानी, सुनील वाधवानी, आशीष सिंह, मुकेश पांडेय, राहुल साहू, कोमल चौबे, पप्पू शर्मा, सुनील वाधवानी, राहुल मल्लाह, पवन यादव, श्रेयांश बैद, वैभव ताम्रकार, चित्रकान्त सिंह, रवि साहू, संदीप सिंह, संतोष जांगड़े, अजय चंद्राकर, श्रीओम सिंह, आर्या सिंह, धीरज जैन, देवेंद्र सिंह, दिलबाग सिंह, अमित साहू, परमेश्वर देवांगन, वासु पांडेय, अरविंद रूपवानी सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

मनहरण सोनी समाज के अध्यक्ष मनोनीत

मुंगेली/नवप्रदेश। सोनार समाज के प्रांतीय बैठक का आयोजन हॉटल पुनीत में किया गया। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आये प्रतिनिधियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरस्वती वंदन खैरागढ़ के प्रतिनिधि ध्रुव सोनी के द्वारा किया गया।

वंदना के पश्चात सभी प्रतिनिधियों ने अपना परिचय दिया तथा संगठन के विधिवत गठन एवं संचालन के संबंध में चर्चा की गयी। इसके अलावा राजधानी रायपुर में सोनार समाज के भवन हेतु जमीन की मांग मुख्यमंत्री से करने का प्रस्ताव आया तथा प्रदेश के स्वजातीय बंधुओं की जनगणना तथा संगठन के रजिस्ट्रेशन का निर्णय लिया गया। संगठन के चुनाव होते तक प्रांतीय संचालक मंडल का गठन किया गया। जिसमें 11 सदस्य मनोनीत किये गये। सबसे पहले सर्वसम्मति से सभापति में मुंगेली स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष मनहरण लाल सोनी को चुना गया। उनकी सहमति से अन्य सदस्यों का चुनाव संपन्न हुआ। कोर कमेटी के सदस्यों में पुरूषोत्तम सोनी बलौदा बाजार, नितेश सोनी अंबिकापुर, राजेश सोनी शिक्षक मुंगेली, संतोष सोनी धमधा, चंद्रकुमार सोनी पंडरिया, बलदाऊ सोनी कवर्धा, नंदकिशोर सोनी धमतरी, सतीश सराफ जांजगीर, कृष्ण कुमार सोनी लोरमी को सदस्यता दी गयी। जिले से आये प्रतिनिधियों ने संगठन को आगे बढ़ाने हेतु अपने विचार प्रगट किये। जिले से आये प्रतिनिधियों में परमेश्वर स्वर्णकार जांजगीर-चांपा, कृष्ण कुमार सोनी लोरमी, संतोष सोनी शक्ति पोरथ, कमलेश्वर सोनी शक्ति पोरथा, बलदाऊ प्रसाद सोनी व तुरतमान सोनी कवर्धा, विद्याशंकर सोनी शक्ति, सुशील सोनी व रामकुमार सोनी कवर्धा, सूर्यकांत सोनी, गोपाल प्रसाद सोनी, कवर्धा, चोखे सोनी, संतोष नारायण सोनी भाटापारा, भूपेन्द्र सोनी, भरत सोनी बलौदा बाजार, संतोष सोनी बिलासपुर आदि उपस्थित थे।

सरकारी जमीन पर पौध रोपण कर किया कब्जा

■ **निगम भूमि पर प्राइवेट बोरिंग**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। वृक्ष धरती मां का श्रृंगार है किंतु मनुष्य इसी धरती मां के सिंगर के साथ अपने निजी स्वार्थ निजी फायदे के लिए वृक्षों का इस्तेमाल करता है। इसका जीता जागता उदाहरण राजनांदगांव शहर में स्थित सृष्टि कॉलोनी एवं अनुपम नगर में देखा जा सकता है। जहां पर कॉलोनी में रहने वाले कुछ निवासी अपने निजी फायदे के लिए वृक्षों का सहारा ले रहे हैं। सृष्टि कॉलोनी और अनुपम नगर के कुछ लोगों के द्वारा नगर निगम की सरकारी जमीन पर वृक्षारोपण एवं पार्किंग के नाम पर वृक्षारोपण किया गया। कुछ वर्षों के बाद वृक्ष जब बड़े हो गए तो पूरी जमीन को अपनी निजी जमीन के साथ मिलाकर बगीचे का रूप दे दिया। इस मामले में पार्षद ने किसी प्रकार की कोई कार्रवाई की ना ही नगर निगम के आला अधिकारी ने इस मामले को संज्ञान में लिया। अनुपम नगर में नगर निगम की नाली के ऊपर ही बगीचा तैयार कर अपने घर की शोभा बढ़ा रहे हैं। उस कॉलोनी में कुछ बड़े अधिकारियों का भी निवास स्थान है।

इस संबंध में सृष्टि कॉलोनी के पार्षद गगन ने कहा कि पेड़ लगाना बहुत अच्छी बात है पर पेड़ की आड पर अवैध कब्जा करना यह गलत है बोरिंग के संबंध में भी उन्होंने कहा कि इस मामले को भी संज्ञान में लिया जाएगा जो भी गलत करेगा उसके ऊपर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

एक पेड़ मां के नाम यह स्लोगन सुनने में बहुत ही दिल को सुकून देने वाला एवं आनंद देने वाला महसूस होता है किंतु यह कैसी विडंबना है की एक और सभी जगह धूमधाम से वृक्ष लगाए जा रहे हैं वही एक और कोल माइंस के नाम पर लगभग 450 जवानों को तैनात कर 50000 के लगभग वृक्ष को काट दिया गया है।

सृष्टि कॉलोनी में एक रहवासी ने सरकारी जमीन पर बिना अनुमति लिए बोरिंग खुदवा कर उस बोरिंग का इस्तेमाल वह निजी उपयोग के लिए कर रहा है क्या यह सरकार के नियमों के खिलाफ नहीं है सरकार को निगम को इस मामले में अवश्य कड़ा कदम उठाना चाहिए।

राजनांदगांव नगर निगम कमिश्नर अभिषेक गुप्ता से इस मामले में मोबाइल फोन द्वारा एवं मैसेज के द्वारा बात करने की कोशिश की गई ना ही उन्होंने मोबाइल फोन रिसीव किया ना ही उन्होंने मैसेज का जवाब देना उचित समझा उनका यह अरहर रवैया वैसे भी पूरा जिला जानता है।

एसपी ने जिला अस्पताल परिसर में किया वृक्षारोपण

बेमेतरा/नवप्रदेश। एसपी रामकृष्ण साहू द्वारा 21 जुलाई को जिला अस्पताल बेमेतरा परिसर में एक पेड़ मॉ के नाम महाअभियान में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि मॉ और धरती मॉ दोनों हमारे जीवन के अनमोल हिस्से हैं, दोनों ही हमें जीवन देती हैं, पोषित करती हैं और हमारी सुरक्षा करती हैं। दोनों ही हमारे जीवन के आधार हैं, जिनकी हमेशा कद्र करनी चाहिये।

न्यायालय तहसीलदार पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/6 (अ) वर्ष 2023-24
पक्ष. गिरजाबाई पति आत्माराम
मौजा ग्राम जंगलोर प.ह.नं 42
रा.नि.मं. व तहसील पलारी,

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गिरजाबाई पति आत्माराम जाति सतनामी निवासी जंगलोर तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम जंगलोर प.ह.नं 42 तहसील पलार स्थित भूमि कुल ख.नं. 01 कुल रकबा 0.137 हे. भूमि आवेदका के नाम पर दर्ज है जिस पर आवेदिका के पति आत्माराम के स्थान पर पिता दर्ज हो गया है जिसे सुधार किये जाने हेतु छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 115, 116 के तहत आवेदन मय बी-1 खसरा व आधार कार्ड की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 19/07/2024 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मियात बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक 03/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुहर द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — तहसीलदार पलारी

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा रायपुर

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 13225/ दि.- 22.07.2024
वार्ड का नाम- 57- पं. भगवतीचरण शुक्ल

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आईडी. RPR447D00201 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती RAJA DASWANI पिता/पति श्री/श्रीमती LATE RAJHUMAL DASWANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती शक्ति अशोक हांडा पिता/पति श्री/श्रीमत अशोक नंदलाल हांडा ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार**/ पंजीकृत विक्रय विलेख** वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/6अ वर्ष 2023-24
पक्षकार दरबारी पिता सुकलू जाति सतनामी
निवासी ग्राम गैतरा प.ह.नं. 14
रा.नि.मं. गिधपुरी तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

सर्वसाधरण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दरबारी पिता सुकलू जाति सतनामी निवासी ग्राम गैतरा प.ह.नं. 14 रा.नि.म. गिधपुरी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा त्रुटि सुधार हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम गैतरा प.ह.नं. 14 तहसील पलारी स्थित कुल ख.नं. 72/2 का रकबा 0.369 हे. भूमि आवेदक दरबारी पिता सुकलू जाति सतनामी के नाम पर दर्ज चला आ रहा था। उक्त वादभूमि को आवेदक दरबारी पिता सुकलू जाति सतनामी के द्वारा दिनांक 14.02.2012 को विक्रेता महेशु पिता बुधारू जाति सतनामी से क्रय किया गया था एवं नामातरण भी किया जा चुका है। परन्तु उक्त वादभूमि मे त्रुटिपूर्ण बेदराम पिता महेशु दर्ज हो गया है। अतः उक्त वादभूमि में त्रुटिपूर्ण दर्ज नाम बेदराम पिता महेशु को त्रुटिसुधार कर आवेदक दरबारी पिता सुकलू जाति सतनामी दर्ज किये जाने हेतु आवेदक के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115-116 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ बी-1, खसरा, शपथ पत्र सहित पेश किया गया है। जो इस न्यायालय मे विचारधीन है।

अतएव उक्त संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति को दावा अपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय मे उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी दिनांक 30/07/2024 तक अपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात कोई दावा अपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 15/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार पलारी

न्यायालय तहसीलदार पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ/74 वर्ष 2023-24
पक्षकार अमीरचंद ग्राम-छेरकाडीह
रा.नि.मं पलारी तहसील पलारी
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमीरचंद पिता गंगाराम जाति धोबी ग्राम-छेरकाडीह प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. पलारी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा 13 (3) के तहत अपने दादी कचराबाई पति मानसिंग का मृत्यु दिनांक 15/06/1954 को ग्राम-छेरकाडीह तहसील पलारी में हुआ हैं। जिसका पंजीयन भुल वंश या अज्ञानता के कारण नही करा पाया इसलिए उक्त मृत्यु दिनांक का पंजीयन किये जाने का आदेश हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र ग्राम सचिव के अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है। जो कि इस न्यायालय में विचाराधिन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वतः इस न्यायालय मे अपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 29/07/2024 को दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 15/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथ पद मुद्रा के द्वारा ईश्तहार जारी किया गया।

सील — तहसीलदार पलारी

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा रायपुर

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 13227/ दि.- 22.07.2024
वार्ड का नाम- 57- पं. भगवतीचरण शुक्ल

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आईडी. RPR448J00011 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती MR. MOHAMMED TAKI ULLAH AFUNDI/ S/O LATE MAHAMMED SAMI ULLAH AFUNDI पिता/पति श्री/श्रीमती N/A के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती शबाना नाज आफुन्दी पिता/पति श्री/श्रीमती पिता/पति श्री/श्रीमती स्व.मोहम्मद थाकिउल्लाह आफुन्दी ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-4
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

FORM NO.
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
797/2, SHANTI KUNJ, SOUTH CIVIL LINES, JABALPUR - 482001

NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993

RC/157/2023 — 15-06-2024

BANK OF BARODA
Versus
M/S NAV JYOTI INDUSTRIES

To,
(CD1) **M/S NAV JYOTI INDUSTRIES**, VILLAGE- KHOKHALI, BHATAPARA, BALODA BAZAR, CG-492001.
(CD2) **SHRI HARISH CHAND GEHLANI S/o SHRI GOPI CHAND GEHLANI**, VILLAGE-KHOKHALI, BHATAPARA, BALODA BAZAR, RAIPUR (C.G.)-492001

Whereas you the **M/S NAV JYOTI INDUSTRIES** was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **27/07/2023 in OA/704/2020** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs 9875847 (Rupees Ninety Eight Lakhs Seventy Five Thousands Eight Hundred Forty Seven Only)** along with pendentelite and future interest @ 9.15 % w.e.f. **17/08/2020** till realization and costs of **Rs 101000 (Rupees One Lakh One Thousand Only)**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable / Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **07/08/2024 at 10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof

Specification of property

Land and Building situated at diverted Khasra No.-**70/5**, PH. No.-7, B.N.-147 situated at Khokhali, RNM & Tehsil- Bhatapara, District- Baloda Bazar (C.G.); area - admeasuring **20000** sq.ft. belonging to **Shri Harish Chand Gehlani S/o Shri Gopi Chand Gehlani**.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 15/06/2024

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)
निविदा सूचना ((प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

एन.आई.टी. क्र/ सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रु. (लाख में)
105/ 156116	W.M.M. & B.T Patch Repair work on Various MDR & Village Roads in 3.00 No. 3 Section Road Under Sub Dn. No. 3 Raipur 1. Jhanki Murra pacheda Road km Jhanki Murra pacheda Road 3.00 km 2. uparwara bus stand to ITM university l ength km 2.00 km 3. Administrative Academy nimora internal Raod length 1.00 km 4. Kendri Uparwara Road Km 3.1 Km. 5. Bhelwadih to Uparwara Raod length 1 km 6. Tuta tonimora Road length 0.60 km 7. uparwara to manakhar length km 2.00 km	रु. 30.53 लाख
106/ 156117	B.T. Patch Repair Work On Various Road Under Construction Sub Division No.-1, Sector-17, Nava Raipur (C.G.) Abhanpur Kolar Tekari Sonpairi khílora Road km 11/2 to 22/6 km	रु. 25.00 लाख
107/ 156118	B.T Patch Repair work on Various Roads Under Section No. 1, Sub Dn. No.3 Raipur 1. Simga Tilda Kharora Arang Nawapara Magarload Dhamtari Road (SH-20) KM Length 7.5KM 2. Gourbhat Bhalera Tamasivni Tandul Road KM 1 to 17 Length 17KM 3. Uperwara Cheriya Kurru Road KM 6 to 10 Length 5KM 4. Vidhansabha Fly Over KM 1 Length 1KM 5. Torla Kathiya Abhanpur KM 1/2 to 3/2 Length 2.2KM 6. Jamgaon Mandlor Pond Danganiya Road KM 1 to 12 Length 9KM 7. Sunderkera Kathiya Nawagaon Road KM 1/2 to 3/2 Length 2.2 KM 8. Kathiya Tarra Ugetara Nawgaon Road KM 1 to 5 Length 5KM 9. Ganoud Kharkharahadih Road KM 1/2 to 3/2 Length 2.2KM 16. Jounda Mandore Road KM 1 to 3 Length 3KM 11. Torla Tila Champaran Jounda road KM 14 to 18 Length 5KM12. Charoda Khapri Tamasivni Bhurka Pond Road KM 1/2 to 4/2 Length 3.2KM13. Torla Bhurka Kumhari Road KM 1/2 to 5/8 Length 4.8KM14.Tarra 17 Nos. Nali Nawagaon KM 1/2 to 3/8-100 Length 2.7KM15. Doma Gourbhatti Road KM 1/2 to 2/4 Length 1.4 KM16. Dhamni Ganod Road KM 1/2 to 2/4 Length 1.4KM17. Bhothidih Champaran Road KM 1/2 to 4/8-100 Length 3.7KM 18. Cheriya Kurru Road KM 1/2 to 4/8-100 Length 3.7KM 19. Torla Approach Road KM 1/2 to 2/2 Length 1.2KM	रु. 120.00 लाख
108/ 156119	B.T. Patch Repair Work, Wmm Patch Repair And Other Repair Work Of Various Roads Of Abhanpur Section No -03 & Nawapara Section Under Sub Division Abhanpur 1.Dadarjhori Manikchauri Tokro Kodapar Marg (MDR) 1/2 to 10/49.40 km. 2. Dongitrai Pipraud Umarpoti Sundarkera Road (Main District Road) 1/2 to 17/2-16.20 km. 3. Tarri Pateva Road (Rural Roa 1/2 to 4/2 3.20 km. 4. Chipridih Internal Road (Rural Road) 1/2 to 2/8 (1.65 km) 5.Khola Thelkabandha Dadarjhori Road (VR) 1/2 to 5/6 Length 4.60 km) 6. Jawaibandha approach road (VR) 1/2 to 1/6 Length 0.60 km 7. Jawaibandha-Khola road (VR) 1/2 to 3/6 Length 2.60 km 8. Nawagaon Jaundi Marg (VR) 1/2 to 3/10 3.00 km. 9. Navapara Chhanta Kathiya Road (MDR) 1/2 to 13/10 12.75 km. 10. Navagaon Parsada Road (Rural Road) 1/2 to 1/10 0.85 km. 11. Sonth Ghont Road (Rural Road) 1/2 to 2/10 -2.00 km. 12. Navapara Paragaon Road (Rural Road) 1/2 to 1/10 1.00 km. 13. Lakhna-Champaran Road (Rural Road) 1/2 to 5/10 5.00 km. 14. Sonesilli-Chhata Road (Rural Road) 1/2 to 2/10 (2.00 km).	रु. 80.00 लाख
109/ 156120	B.T. Patch Repair Work, Wmm Patch Repair And Other Repair Work Of Various Roads Of Abhanpur Section No-01, Section No.02 & Khilora Section Under Sub Division Abhanpur 1. Jamgaon-Khola Road (VR) 1/2 to 2/4 Length 1.40 km 2. Satpara Approach road (VR) 1/2 to 1/10 1.00 km. 3. Sarkhi Sakri Beler Sarabada Road (MDR) length 8.30 km. 4. Kendriya Singarbhatha Chhachanpari Marg (MDR) 7/10 to 10/2 2.00 km. 5. Parsulidih Lamkeni Dhodhara Road (MDR) 1/4 to 2/6, 3/4 to 3/6, 4/4 to 4/6 and 2.20 km. 6. Chhote Urla Approach roads (VR) 1/2 to 1/10 1.00 km. 7. Baler-Kopedih Road (Rural Road) 1/2 to 1/4 -0.30km. 8. Abhanpur Biroda Approach road length (rural road) 2/2 to 2/4 0.25 km. 9. Uria Pacheda Road Length (Rural Road) 6/2 to 7/2 (75 m) 1.075 km 10. Chandi Belar Sarbada Marg (Rural Road) 3/2 to 3/6-4/2 to 4/8(70 m) 1.270 km. 11 Abhanpur Kolar Tekarl Marg (MDR) Km. 1/2 to 3/6-5/2 to 11/2 8.47 km. 12. Chhachanpari Julum Mundra Marg (VR) 1/2 to 3/4-5/6 to 6/10 3.70 km. 13. Amadi Raveli Marg (Rural Road) 1/2 to 2/10- 3.68 km. 14. Bendri Approach road (rural road) 1/2 to 2/2 1.20 km. 15. Jhanki Baktara Biroda Marg (Rural Road) 1/2 to 8/47.30 km. 16. Chhachanpari Khilora Marg (Rural Road) 1/2 to 3/4-2.40 km.	रु. 80.00 लाख

डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 6.08.2024 समय सायं 5.30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstste.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. मंडल क्र.-1 रायपुर (छ.ग.)

जी-242501250/5

■ न्यूज गैलरी

रोजगार सहायक संघ विधायक से मिला

साजा/नवप्रदेश। साजा विधायक ईश्वर साहू से रोजगार सहायक संघ साजा ने अपनी लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार को मुलाकात किया एवं पंचायत मंत्री से मुलाकात करवाने का आह्वान किया। जिसमें संघ अध्यक्ष माधव मानिकपुरी, थानू साहू, देवनाथ साहू, विनोद चंद्रमन, अखिलेश, ओमकार, मोहित, प्रीति आदि रोजगार सहायक उपस्थित थे।

संत योगी बालकदास से लिया आशीर्वाद

बेमेतरा/साजा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ और साजा विधानसभा के लोकप्रिय विधायक ईश्वर साहू गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बालोद जिले के डौंडीलोहारा विकासखण्ड स्थित जामड़ी पाटेश्वर धाम आश्रम पहुंचे। जहां विधायक ईश्वर साहू सत्संग स्थल पर रुद्राक्ष के पौधे का रोपण किये। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ विधायक ईश्वर साहू निचले मंदिर में शिव लिंग की पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा सनातन धर्म के लिए रामबालक दास का काम बेहतरीन रहा हैं। विधायक ईश्वर साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुई कहा कि पूरे देशवासियों से हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आग्रह किया हैं कि एक पेड़ मां के नाम से अवश्य लगाएं, तो आपको जहां भी जगह मिले अपने मां के नाम से पेड़ जरूर लगाए।

गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

धमतरी/नवप्रदेश। थाना केरेगांव को मुखबिर से सूचना मिली कि नगरी तरफ से एक मो0सा0 हीरो डीलक्स कमांक सीजी 05 एएच 1504 में 03 व्यक्ति सवार होकर अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा परिवहन करते धमतरी की ओर जा रहे कि सूचना पर थाना प्रभारी एवं स्टॉफ के विधिवत घेराबंदी कर विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपीगण का नाम(01)तेजराम सोनकर पिता टीकारण सोनकर उम्र 25 वर्ष निवासी मंदरौद थाना कुरूद जिला धमतरी के कब्जे से 1 किलो 95 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 10,950/- रूपये तथा घटना में प्रयुक्त मो0सा0 हीरो एचएफ डीलक्स कमांक सीजी 05 एएच 1504 कीमती करीबन 35000/- रूपये जुमला कीमती करीबन 45,950/- रूपये-शंकर ढीमर पिता स्व0 कृष्णा ढीमर उम्र 23 वर्ष सा0 मराठापारा मंगल भवन के पास थाना सिटी कोतवाली धमतरी जिला धमतरी के कब्जे से एक पीले रंग क प्लास्टिक थैले में रखे भूरे रंग प्लास्टिक टेप से पैक किये पैकेट के अंदर भरा 1 किलो 80 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 10,800/- रूपये एवं सैय्यद साहिल पिता सैय्यद फिरोज उम्र 22 वर्ष निवासी विंध्यवासिनी वार्ड गड्ढापारा पानी टंकी नं0 04 थाना सिटी कोतवाली धमतरी जिला धमतरी के कब्जे से मिले एक पीले रंग के प्लास्टिक थैले के अंदर भरा 1किलो 70 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 10,700/- रूपये कुल जुमला मादक पदार्थ गांजा 03किलो 245 ग्राम कीमती जुमला करीबन 32,450/- तथा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल हीरो एचएफ डीलक्स कमांक सीजी 05 एएच 1504 कीमती करीबन 35000/- रूपये जुमला कीमती करीबन 67450/- रूपये गवाहों के समक्ष जब्त कर थाना केरेगांव द्वारा आरोपियों के विरुद्ध धारा 20 (बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत की गई वैधानिक कार्यवाही की।

इस बार सावन में 4 मंगला गौरी व्रत और 5 सोमवार का दुर्लभ संयोग

■ **सावन में भगवान शिव की विशेष पूजा की जाती है इसका रहस्य माता पार्वती से जुड़ा है**

कवर्धा/नवप्रदेश। आदिकाल से सनातन धर्म ही सर्वोपरि रहा है। पुराणों, ग्रथों के मुताबिक सावन माह भगवान शिव को अत्यधिक प्रिय है। इस माह में शिव की पूजा करने से श्रद्धालुओं पर भोलेनाथ की विशेष कृपा बनी रहती है। मन की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। सवाल उठता है कि आखिर भोलेनाथ को सावन मास ही प्रिय क्यों है।

बता दें कि सावन माह की शुरुआत के साथ ही भारत में त्योहारों का सिलसिला भी शुरू हो जाता है। पर सावन का पूरा महीना भगवान भोलेनाथ को समर्पित होता है। इस दौरान हर सोमवार को श्रद्धालु व्रत रखते हैं। ऐसी मान्यता है कि व्रत रखने से भोलेनाथ की कृपा से मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।

ऐसे में मनुष्य को भगवान की कृपा पाने के लिए सावन माह में किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इस बारे में सहसपुर लोहारा में श्री शंकराचार्य के शिष्य पण्डित देवदत्त दुबे ने जानकारी दी है कि श्रावण मास भगवान शिव की पूजा अराधना एवं उपवास के लिए है। यह मास शिव जी को सर्वाधिक प्रिय है। पंडित दुबे ने पुराणों के अनुसार बताया कि सती ने दक्ष प्रजापति के यज्ञ में अपना शरीर होम करने के बाद जब उन्होंने हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में जन्म लिया तब पार्वती ने श्रावण मास में भगवान शिव की विधिवत पूजा उपासना की थी। इसके कारण उन्होंने भगवान शिव को पुनः पति के रूप में प्राप्त किया। इसी कारण भगवान शिव को यह मास बहुत प्रिय है। श्रावण में सोमवार का दिन तो भगवान शिव की पूजा का ही दिन है। श्रावण मास के प्रथम सोमवार से सोलह सोमवार तक व्रत करने पर मनोकामना की पूर्ति होती है।



पांच सोमवार का शुभकारी योग

पण्डित देवदत्त के अनुसार इस साल श्रावण का महीना 22 जुलाई 2024 को शुरू हुआ है जो 19 अगस्त को समाप्त होगा। इस बार श्रावण के महीने में अद्भुत संयोग बना है। श्रावण मास का आरंभ भी सोमवार से हुआ है और सावन का अंतिम दिन भी सोमवार पड़ेगा। इस तरह इस बार 5 सोमवार का योग है। माना जाता है कि सावन माह में पांच सोमवार पड़ना बहुत शुभकारी है।

इस मास का हर दिन फलदायी

श्रावण मास का हर दिन अत्यंत फलदायी होता है, इसमें पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक सभी मनोरथों को पूर्ण करता है, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि श्रावण मास में पड़ने वाले सोमवार का विशेष महत्व होता है। ऐसा कहा जाता है कि जो व्यक्ति श्रावण सोमवार का व्रत रखता है, अभिषेक करता है उसका पारिवारिक जीवन सदैव सुखी रहता है। साथ ही उस व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि का कभी अभाव नहीं रहता। ऐसा माना जाता है कि सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा करने से वह जल्दी प्रसन्न होते हैं।

चंद्रमा की स्थिति होगी मजबूत

इसके अलावा श्रावण सोमवार का व्रत करने से कुंडली में चंद्रमा की स्थिति मजबूत होती है। वहीं कुंडली में समस्त अनिष्ट नष्ट हो जाते हैं। धन, ध्यान, आयुष्य की वृद्धि होती है।

सावन का पहला सोमवार व्रत 22 जुलाई को रखा गया। इसी तरह दूसरा सोमवार व्रत 29 जुलाई, तीसरा व्रत 5 अगस्त, चौथा सोमवार व्रत 12 अगस्त को और सावन का पांचवां सोमवार व्रत 19 अगस्त को पड़ेगा।

श्रावण में मंगलागौरी व्रत आज

पण्डित देवदत्त ने बताया कि सावन का पहला मंगला गौरी व्रत 23 जुलाई को पड़ेगा, इसी तरह दूसरा व्रत 30 जुलाई को, तीसरा व्रत 6 अगस्त को और सावन का चौथा मंगला गौरी व्रत 13 अगस्त को पड़ेगा।

सावन का महीना आशीर्वाद पाने का अवसर.. मान्यताओं के अनुसार सावन सोमवार का व्रत करने से पुत्र की इच्छा रखने वाले को पुत्र, विद्यार्थी को विद्या, धनार्थी को धन, मोक्ष चाहने वालों को मोक्ष, कुंवारी कन्या को मनोनुकूल पति और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। पार्थिव लिंग की पूजा करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

खास होती है सावन महीने की शिवरात्रि

पण्डित देवदत्त के अनुसार सावन महीने की शिवरात्रि बहुत खास होती है। हर माह कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी के दिन शिवरात्रि का व्रत रखा जाता है। शुक्रवार, 2 अगस्त को सावन महीने की शिवरात्रि पड़ेगी। पंचांग के अनुसार, सावन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि का आरम्भ 2 अगस्त को दोपहर 3.26 बजे से होगा और 3 अगस्त को दोपहर 3.50 बजे समाप्त होगा। भगवान शिव की पूजा निशित काल में की जाती है इसलिए सावन की शिवरात्रि 2 अगस्त को मनाई जाएगी।

युवा कांग्रेस की मांग पर लगी मुहर किसानों को मिलेगा फायदा

कवर्धा/नवप्रदेश। युवा कांग्रेस कवर्धा द्वारा सहकारी शक्कर कारखाने में सुविधा एवं निर्माण कार्य सहित किसानों का मुख्य मांगो में से एक शेयरधारी किसानों को उनका हक शक्कर प्रदान को लेकर 18 जुलाई दिन गुरुवार दोपहर को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन सौंपने के दो दिन बाद शासन प्रशासन नीद से जागा और किसानों को उनका हक शक्कर प्रदान करने को लेकर मजबूर हुआ।जिसमे सैकड़ों की संख्या में किसान और वरिष्ठ जन,युवा कांग्रेस के साथियों द्वारा किसान हित में बात कारखाना प्रबधक के माध्यम से शासन को अवगत कराया गया था।और जायज मांग को पूरा करना पड़ा।

श्री सिद्धिविनायक आश्रम में गुरुपूजन कर चरण पखारे

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। गुरुपूर्णिमा महोत्सव नवागांव बुड़ेनी स्थित श्री सिद्धि विनायक आश्रम में धूमधाम से मनाया गया। सुबह 6 बजे से गुरुदेव उमेशानंद गिरी (प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद (छ ग़), छ ग़ मंडल श्री महंत) गुरुदेव द्वारा शिष्यों को दीक्षा दी गई। गुरु पूजन श्रद्धा एवं धूमधाम से की गई। जिसमें प्रदेश और अन्य राज्यों से 2000 शिष्य शामिल हुए। समस्त शिष्यों और आगंतुकों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई थी। इस उत्सव में जय मां तारिणी मानस मंडली के साध्वी अनुसुइया और अहिल्या ने सबको भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर ग्राम कठौली के मानस परिवार द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई। राजिम इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त किया। राजिम मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा भी गुरुपूजन में शामिल हुए। मुकेश दीक्षित ने गुरुपूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर शिष्यगण सत्यानंद, अरविंद चौहान ताराचंद साहू , क्रांति लाल साहू , कृष्णा देवांगन तेजेश साहू , हुलसी साहू , इंदु साहू , तुलाराम साहू, राजेंद्र साहू , देरहु राम साहू सोम प्रकाश साहू , भागी राम साहू , राधे साहू , तारिणी ध्रुव सरपंच द्वारतरा डॉ प्रज्ज्वल सोनी आदि उपस्थित थे।

जड़ और चेतन सभी गुरु का ही स्वरूप: भावुक

राजिम/नवप्रदेश। त्रिवेणी संगम साहित्य समिति राजिम नवापारा ने गायत्री शक्तिपीठ में गुरु पूर्णिमा मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहन लाल मानिकपन ÷भावुक÷ वरिष्ठ साहित्यकार उच्च श्रेणी शिक्षक ने किया। अध्यक्षता मकसूदन साहू बरीवाला, अध्यक्ष त्रिवेणी संगम साहित्य समिति राजिम ने किया। इसमें रोहित साहू माधुर्य ने गुरु वंदना, कवि भारत लाल साहू प्रभु ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि मानिकपन ने कहा कि हमारा संपूर्ण जीवन गुरुदेव का सदैव ऋणी रहेगा,गुरु ही ब्रम्ह का रूप है,उनके प्रति श्रद्धा रख कर हम ईश्वर का साक्षात्कार कर सकते हैं। शिक्षक व साहित्यकार श्रवण कुमार साहू, प्रखर ने कहा कि युग ऋषि महर्षि वेद व्यास जी ने चार वेद एवम भागवत महापुराण की रचना करके संपूर्ण मानव जाति के नैतिक उत्थान की दिशा में क्रांतिकारी विचार दिया है,जो युगों युगों से हम सबको सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा दे रही है। कवि नरेंद्र पार्थ ने बेटों की चाहत पर रचना पढ़ी।

बदनचुआ में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर से ग्रामीण लाभान्वित

कवर्धा/नवप्रदेश। ग्राम भेलकी पारा बदनाचुआ में शनिवार 20 जुलाई को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वस्थ्य परीक्षण पेट दर्द, दस्त, सिर दर्द से 18 ग्रामीण मिले, जिसमें 9 ग्रामीणों का पेट में दर्द बताया गया।

8 ग्रामीण दस्त के मरीज मिले और सिरदर्द से 1 ग्रामीण मिले। पेट दर्द और दस्त के पीड़ित 4 ग्रामीणों का बेहतर उपचार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया में चल रहा है। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राज को भेलकी, बदनाचुआ सहित आसपास के सभी गांवों में स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिए है।

सट्टा पट्टी लिखता एक गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। सट्टा पट्टी लिखने वाले आरोपी कमला चतुर्वेदी ग्राम झिंगराड़ोंगरी को रंगे हाथ सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा जाकर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया

शनिवार 20 जुलाई को लगाए गए सूचना तंत्र से सूचना मिली कि ग्राम झिंगराड़ोंगरी में एक व्यक्ति अवैध धन अर्जित करने के लिए सट्टा पट्टी लिख रहा है की सूचना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अभिषेक पल्लव के निर्देशानुसार, अति पुलिस अधि. विकास कुमार भापुसे, अति पु अधि पुष्पेंद्र बघेल और पु अनु अधिकारी पंडरिया पंकज पटेल के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी व्यास नारायण चुरेंद्र द्वारा थाना स्तर पर टीम तैयार की गई तथा सायबर सेल कवर्धा प्रभारी निरीक्षक व अन्य स्टाफ के मदद से ग्राम झिंगराडोंगरी रवाना होकर पहुंचे जहा पर लोगों का भीड़ लगा था जो पुलिस को देख तीतर बितर होकर भागने लगे तभी थाना/सायबर टीम द्वारा घेराबंदी का एक व्यक्ति को पकड़े से नाम पता पूछने पर कमल पिता केजहा चतुर्वेदी 43 साल झिंगराडोंगरी का रहने वाला बताया जिसका विधिवत गवाहों के समक्ष तलाशी लिया गया जिसके पास के एक सट्टा पट्टी, डॉट नगदी सट्टा रकम 1740 रु मिला जिसे बरामद कर जप्त किया जाकर आरोपी कमल से पूछताछ किया जो अपने तथा आसपास के गांव के लोगो का सट्टा पट्टी लिखना 10प्रतिशत कमीशन पर सट्टा पट्टी को राजू यादव निवासी मुंगेली को देना बताया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने शाला के कार्यकारिणी सदस्यों को कर्तव्य निष्ठा की दिलाई शपथ

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कन्या परिसर दुगली के नए शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशाराम ओटी को प्राचार्य पूर्णिमा सोम ने दिलाई शपथ एवं नए अध्यक्ष ने शाला कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई। शाला नायक करुणा यादव, उप नायक खुशी बिशेन, अनुशासन सचिव जयश्री साहू, क्रीड़ा सचिव सविता ध्रुव एवं सभी कक्षाओं के कक्षा नायक एवं उप कक्षा नायकों को शपथ के बाद प्राचार्य एवं स्कूल स्टाफ एवं ग्रामीण जन के द्वारा छात्रों का स्वागत सत्कार किया गया , एवं मिठाईयां भी खिलाएं गया । अध्यक्ष आशाराम ओटी ने कहा विद्यार्थी जीवन में बहुत सारी समस्याएं आती है , उन समस्याओं को हमें डटकर सामना करना होगा , साथ ही साथ पढ़ाई के प्रति हमें रुचि रखनी होगी, एवं समय का महत्व बताते हुए कहा की समय सबसे बड़ा गुरु है , इसलिए समय पर विद्यालय पहुंच जाना, और अनुशासित रह करके शाला के हर गतिविधि में भाग लेने को कहा। शपथ ग्रहण समारोह में गांव के आए हुए ग्रामीण जन एवं स्कूल के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे ।

अकर्मण्यता की पराकाष्ठा लांघ चुकी है निगम : जय हिंदूजा

धमतरी/नवप्रदेश। बरसात के आते ही धमतरी शहर के मुख्य मार्ग सहित कई इलाके डूब जाते हैं,बरसात के बाद जलभराव की समस्या से शहरवासी लगातार जूझ रहे हैं,शनिवार को हुई बारिश के बाद शहर की हालत किसी से छुपी नहीं है । उक्त बातें युवा भाजपा नेता जय हिंदूजा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कही।

उन्होंने आगे कहा कि मुख्य सड़कों से लेकर गलियों तक में जलभराव का कैसा आलम है वह जनता देख रही है,। पिछले पांच सालों में थोड़ी ही बारिश में सड़क और गलियाँ जलभराव की वजह से जाम हो जा रही हैं जिसका कारण है कि ड्रेनेज सिस्टम ध्वस्त है समय समय पर उसका मेंटेनेंस नहीं हो पा रहा,नालियों की सफाई नियमित ढंग से नहीं हो पा रही है,पहली बार नगर निगम जीती कांग्रेस अकर्मण्यता की सारी पराकाष्ठाएं लांघ चुकी है,जलभराव की समस्या जस की तस है नगर निगम हर स्थिति में फेल है,कुछ घंटों की बरसात का भरा हुआ पानी नगर निगम की स्थिति बयाँ कर रही है । सड़कों पर भरा पानी लोगों के घरों और दुकानों तक पहुंच गया है,नालियों का गंदा पानी पूरे सड़क पर फैल गया है,जिससे राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षकों और छात्र को प्रशिक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के प्रेरक, राष्ट्रीय गणित गुरु बीएन राव मुख्य अतिथि व प्रमुख प्रवक्ता के रूप में उपस्थित रहे। माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना से कार्यक्रम का आगाज़ किया गया। शाला के प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने मुख्य अतिथि बीएन राव को पुष्प-गुच्छ भेंट कर मंच के माध्यम से उपस्थित लोगों का स्वागत किया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षा संबंधी महत्वपूर्ण गुणवत्ता पर अंतर्दृष्टि देना था।

कार्यक्रम के अतिथि श्री राव ने शिक्षकों के जीवन को धन्य व सर्वोपरि बताते हुए कहा कि एक अच्छे शिक्षक को जीवन में संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ कुशलता से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक बनना सहज नहीं होता है। शिक्षक असाधारण होता है, क्योंकि निर्माण और प्रलय दोनों उनकी गोदी में खेलते हैं।

मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में खेलकूद स्पर्धा

भाटापारा/नवप्रदेश। मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में रंगोली, शतरंज, कैरम, रस्सी कूद प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता तीसरी से पाचवीं एवम छठवीं से आठवीं कक्षा तक दो समूह में रखी गई थी।

रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगोली श्री कृष्ण, श्री राम, गौ माता, पानी बचाओ, ञ्20 मैच, सीनरी आदि भिन्न-भिन्न रंगोली बनाकर सबका मन मोह लिया। जिसमें कक्षा तीसरी से पांचवी में प्रथम स्थान फैंटास्टिक सदन से काव्या देवांगन द्वितीय स्थान ब्रिलिएंट सदन से गुंजन बंजारे तृतीय स्थान जीनियस सदन से अनुष्का सोनी तथा सांत्वना पुरस्कार ब्रिलिएंट सदन से महक यादव, फैंटास्टिक सदन से अविका मिश्रा को मिला। कक्षा छठवीं से आठवीं ग्रुप में प्रथम स्थान मार्वलस सदन से कात्यायनी सिंह चौहान द्वितीय स्थान फैंटास्टिक सदन से आकृति गुप्ता तृतीय स्थान साक्षी बघेल व मार्बलस सदन से सोनल देवांगन, सांत्वना पुरस्कार ब्रिलिएंट सदन से वालिया साहू फैंटास्टिक सदन से रिया दुबे को मिला।

शतरंज प्रतियोगिता बालक व बालिका दोनों वर्ग के लिए रखी गई थी।

शतरंज खेल प्रतियोगिता में तीसरी से पांचवी कक्षा ग्रुप में बालक वर्ग में प्रथम स्थान फैंटास्टिक सदन से पूर्व देवांगन द्वितीय स्थान ब्रिलियंट सदन से अंकित वर्मा को मिला । बालिका वर्ग में प्रथम स्थान फैंटास्टिक सदन से दिव्यांशी साहू द्वितीय स्थान ब्रिलियंट सदन से सोनाक्षी सोनवानी को मिला। कक्षा छठवीं से आठवीं ग्रुप में बालक वर्ग में प्रथम स्थान जीनियस सदन से अंकुर अग्रवाल द्वितीय स्थान ब्रिलियंट सदन से राहिल मोहम्मद को मिला।

उपलब्धि | धमतरी के पुलिस अधीक्षक रहे गुप्ता की बेहतर पुलिसिंग को लोग करते हैं याद

आईपीएस हिमांशु गुप्ता ने 33 वर्ष पूर्व की थी एआई के भविष्य की परिकल्पना

धमतरी/नवप्रदेश। आईपीएस हिमांशु गुप्ता ने 33 वर्ष पूर्व ए.आई. के भविष्य की परिकल्पना की थी .वर्ष 1991 में इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान हिमांशु गुप्ता द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स÷ विषय पर रिसर्च पेपर प्रकाशित किया गया था। इस रिसर्च पेपर में उनके द्वारा आम जिंदगी तथा औद्योगिक क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा रोबोट्स के उपयोग, भविष्य तथा खतरों को रेखांकित किया गया था। आज से 33 वर्ष पूर्व, जब ए.आई. को अधिकांश लोग नहीं जानते थे, श्री गुप्ता ने रिसर्च पेपर के माध्यम से बताया था कि ए.आई. के विकास के साथ-साथ उसका दुरूपयोग भी बढ़ेगा तथा अपराधिक व्यक्ति अपराध घटित करने में उसका उपयोग करेंगे। अतएव ए.आई. के विकास के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि ए.आई. का दुरूपयोग न हो । श्री गुप्ता का यह भी मानना है 33 वर्ष पूर्व ए.आई. के जिस मॉडल की परिकल्पना की गई थी, 2024 तक उसका 10 प्रतिशत ही विकास हुआ है। ए.आई. क्षेत्र में अभी भी 90 प्रतिशत विकास बाकी है।

गौरतलब है कि आईपीएस हिमांशु गुप्ता वर्तमान में पुलिस मुख्यालय में महानिदेशक के पद पर पदस्थ हैं और प्रशासन शाखा का कार्य देख रहे हैं। श्री गुप्ता पूर्व में धमतरी जिले के एसपी रहे हैं।

जिले में हिमांशु गुप्ता को अपनी मृदुभाषिता, कार्यकुशलता, मिलनसार व्यवहार तथा आम जनता और पुलिसकर्मियों के लिये कल्याणकारी कार्यो के लिए आज भी जनता याद करती है। जब वे धमतरी जिले के एसपी रहे तब उनके द्वारा बेहतर पुलिसिंग को अंजाम देने कई सराहनीय कार्य हुए.अपने कार्यकाल के दौरान श्री गुप्ता ने जिले में जुआ सट्टा अवैध शराब और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया था जिसे जिलेवासी आज भी याद करते हैं. वे गंभीर अपराधों के प्रति जितने सजग थे उतने ही सामाजिक बुराइयों को ख़त्म करने गंभीर भी रहे.श्री गुप्ता जब धमतरी एसपी रहे तब कई जिलों की पुलिस भर्ती प्रक्रिया धमतरी जिले में संपन्न हुई.इस दौरान पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्ष भर्ती के लिये प्रदेश भर में उन्हें ख्याति मिली थी.

निजी गार्ड वेलफेयर सोसायटी ने विस अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

■ **नियमावली में की संशोधन की मांग**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अपने एक दिन के प्रवास में पहुंचे छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को छत्तीसगढ़ गनमैन प्रा.सि.गार्ड वेलफेयर सोसायटी की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुये सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष नंदकिशोर डड़सेना के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में लाइसेंस धारी सशस्त्र प्रायवेट गनमैन, गार्ड के लिये बनाई गई नियमावली में संशोधन करने संबंधित समस्याओं का ज्ञापन सौंपा है। श्री सिंह ने बातों को गम्भीरता से सुनते हुए मांग पत्र का अवलोकन किया। तदुपरांत गृह मंत्रालय को आदेशित करने हेतु मांग पत्र पी.ए. को दिया गया । समिति के उपाध्यक्ष दिनेश कुमार टण्डन के द्वारा बताया कि प्रतिलिपि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृहमन्त्री छत्तीसगढ़ विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री के नाम केंद्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य के नाम प्रेषित किया गया।

श्री टण्डन ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में प्राइवेट समस्त लाइसेंस धारी सशस्त्र पिस्टल एवं बड़ी हथियार लेकर बैंक, वित्तीय संस्थान, इंडस्ट्रीज, मॉल एवं प्राइवेट कंपनियों में गनमैन, गार्ड कार्यरत हैं। समस्त गनमैन, गार्ड को दी जाने वाली प्रनिमाह वेतन एवं भत्ता व ड्यूटी का समय सीमा निर्धारित की जाए। ड्यूटी का कोई समय सीमा निर्धारित नहीं किया जा रहा है। मनमानी करते हुए गनमैन, गार्ड को प्रताड़ित किया जाता है। इस तरह संपूर्ण भारत वर्ष में गनमैन, गार्ड का शोषण किया जा रहा है।

■ न्यूज गैलरी

इंडकल टेक्नोलॉजीज़ भारत में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन लॉन्च करेगी

रायपुर। भारत की जानी-मानी टेक्नोलॉजी कंपनी इंडकल टेक्नोलॉजीज़ ने आज एसर इनकॉर्पोरेटेड के साथ ट्रेडमार्क लाइसेंसिंग समझौते के तहत स्मार्टफोन बाजार में प्रवेश करने की घोषणा की है। इंडकल टेक्नोलॉजीज़ एक ग्लोबल आईसीटी दिग्गज है, जो अपनी खास टेक्नोलॉजी और शानदार उत्पादों के लिए जानी जाती है। इस समझौते के तहत, इंडकल भारत में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन की डिजाइनिंग, उत्पादन और वितरण करेगी। यह रणनीतिक डील भारतीय बाजार में एसर-ब्रांडेड स्मार्टफोन की शुरूआत का संकेत है। इसके साथ ही नवाचार और विस्तार के एक नए युग की शुरुआत भी होती है। इंडकल टेक्नोलॉजीज़ 2024 के मध्य में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन मॉडल्स की एक विस्तृत श्रृंखला लॉन्च करेगी। उम्मीद है कि कंपनी जल्दी ही बाजार में मजबूत और बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर लेगी। यह प्रयास एसर की ब्रांड की ताकत और भारतीय उपभोक्ताओं को प्रीमियम-गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने की इंडकल की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है, जिसमें मजबूत स्पेसिफिकेशन, अत्याधुनिक हार्डवेयर और उन्नत सॉफ्टवेयर तकनीकें शामिल हैं। इंडकल टेक्नोलॉजीज़ के सीईओ आनंद दुबे ने इस मौके पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, ×ह्वश्रह्ल;एसर स्मार्टफोन कुछ ऐसा है जिस पर हम पिछले कुछ सालों से काम कर रहे हैं और आखिरकार हम इस फैसले की घोषणा करते हुए बेहद खुश हैं। हमें यकीन है कि एसर स्मार्टफोन के साथ भारतीय उपभोक्ताओं को एक बेहतरीन अनुभव मिलने वाला है। हमारे ग्राहक बेहतरीन प्रोसेसर, बेहतरीन कैमरा तकनीक और अपने रेंज में कई बेहतरीन फीचर्स के साथ बेहतरीन तरीके से डिजाइन किए गए स्मार्टफोन का अनुभव करेंगे। सबसे अच्छी बात यह है कि सभी एसर-ब्रांडेड स्मार्टफोन भारत में डिजाइन और निर्मित किए जाएंगे, जो इंडकल के लिए एक खास उपलब्धि भी है।

इंडियनऑयल ने मद्रास इंटरनेशनल सर्किट पर STORM-X रेसिंग ईंधन लॉन्च किया

चेन्नई। भारत की प्रमुख ऊर्जा कंपनी, इंडियनऑयल ने मद्रास इंटरनेशनल सर्किट पर इंडियन नेशनल कार रेसिंग चैंपियनशिप के दौरान रेसिंग कारों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए उच्च-ऑक्टेन रेसिंग ईंधन, स्ञ्जह्रक्रू-ङ्ग के लॉन्च की गर्व के साथ घोषणा की। इस महत्वपूर्ण आयोजन ने भारत में मोटरस्पोर्ट्स में क्रांति लाने के उद्देश्य से इंडियनऑयल और मद्रास मोटर स्पोर्ट्स क्लब के बीच हुए रणनीतिक साझेदारी समझौते का भी जश्न मनाया। इस कार्यक्रम में श्री वी. सतीश कुमार, निदेशक (विपणन), इंडियनऑयल ने स्रूस्स्ष्ट के पदाधिकारियों - श्री अजीत थॉमस - अध्यक्ष, श्री प्रभा शंकर, सचिव और श्री विक्की चंदोक - उपाध्यक्ष की उपस्थिति में ब्रांड लोगो का अनावरण करके स्ञ्जह्रक्रू-ङ्ग को आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया। इस सहयोग ने एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है, क्योंकि इंडियनऑयल इंडियन नेशनल रेसिंग चैंपियनशिप (द्बहृक्रष्ट) के दौरान रेस ईंधन और स्नेहक की आपूर्ति करेगी।

बजट से पहले शेयर बाजार गिरावट के साथ हुआ बंद

■ **मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स में रही खरीदारी**

मुंबई (ए)। 23 जुलाई को पेश होने वाले बजट से पहले कारोबारी सत्र में भारतीय शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ क्लोज हुआ है. हालांकि आज के कारोबार में मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स में जोरदार खरीदारी देखने को मिली है. बजट से पहले ऑटो स्टॉक्स में भी खरीदारी देखने को मिली है. आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 102.57 अंकों की गिरावट के साथ 80,502 अंकों पर क्लोज हुआ है जबकि निफ्टी 21.65 अंकों की गिरावट के साथ 24,509.25 अंकों पर क्लोज हुआ है.

चढ़ने-गिरने वाले शेयर्स

आज के ट्रेड में एनटीपीसी 2.58 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 2.34 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 2.15 फीसदी, टाटा स्टील 1.87 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.87 फीसदी, पावर ग्रिड 1.76 फीसदी, टाटा मोटर्स 1.42 फीसदी, सन फार्मा 1.01 फीसदी, एल एंड टी 0.90 फीसदी, मारुति सुजुकी 0.89 फीसदी, इंफोसिस 0.87 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है. जबकि गिरने वाले शेयरों में रिलायंस 3.46 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 3.30 फीसदी, आईटीसी 1.75 फीसदी, एसबीआई 1.21 फीसदी की गिरावट के साथ क्लोज हुआ है.

सेक्टरोल अपडेट

आज के ट्रेड में ऑटो, फार्मा, मेटल्स, इंफ्रा, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थकेयर और बैंकिंग सेक्टर के स्टॉक्स तेजी के साथ बंद हुए. जबकि ऑयल एंड गैस, आईटी, एनर्जी, मीडिया, रियल एस्टेट, एफएमसीजी सेक्टर के स्टॉक्स गिरावट के साथ बंद हुए. आज के कारोबार में मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स में जोरदार खरीदारी देखने को मिली है.

निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 1.24 फीसदी के उछाल के साथ 56,604 अंकों पर बंद हुआ है. जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 0.96 फीसदी के उछाल के साथ क्लोज हुआ है. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 14 तेजी के साथ बंद हुए जबकि 16 गिरावट के साथ क्लोज हुए.

निवेशकों की संपत्ति में उछाल

आज के कारोबार में मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स में उछाल के चलते निवेशकों की संपत्ति बढ़ी है. बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट कैप 448.38 लाख करोड़ रुपये पर क्लोज हुआ है जो पिछला कारोबारी सत्र में 446.38 लाख करोड़ रुपये पर बंद हुआ था. यानि आज के कारोबारी सत्र में निवेशकों की संपत्ति में 2 लाख करोड़ रुपया का गिरावट देखने को मिला है.

सोना चमका, चांदी लुढ़की

नई दिल्ली। ज्वेलर्स सोने की खरीदानी कर रहे हैं और विदेशी बाजारों में भी पीले धातु की कीमतों में तेजी है। इन सभी वजहों से सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिली। वहीं, चांदी की कीमतों में आज गिरावट देखने को मिली है। आज राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर 75,650 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। इस बीच 99.5 फीसदी शुद्धता वाला सोना भी 100 रुपये बढ़कर 75,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले सत्र में यह 75,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। ट्रेडर्स ने सोने की कीमतों में बढ़ोतरी का श्रेय स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा मांग और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख को दिया। वैश्विक स्तर पर, कॉमेक्स पर सोना 2,451.70 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है, जो पिछले बंद से 4.90 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस अधिक है। पिछले हफ्ते अब तक के उच्चतम स्तर से तेज गिरावट के बाद, सोमवार को कॉमेक्स सोने में तेजी आई क्योंकि अमेरिकी चुनाव की अनिश्चितता के कारण अमेरिकी डॉलर और ट्रेजरी पैदावार पर असर पड़ा। डर्स अब अगले सप्ताह फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) के नीतिगत फैसले से पहले कई प्रमुख आर्थिक संकेतकों के जारी होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

चांदी का हाल: चांदी की कीमतें 600 रुपये गिरकर 91,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गईं। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार पिछले सत्र में यह 91,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। 18 जुलाई के बाद से पिछले चार सत्रों में चांदी में 3,400 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट आई है, जब यह 400 रुपये गिरकर 94,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। हालाँकि, न्यूयॉर्क में चांदी मामूली गिरावट के साथ 29.25 डॉलर प्रति औंस पर थी।

चीन ने दोगुना किया डिफेंस बजट, फिर भारत क्यों हिचकता है रक्षा खर्च बढ़ाने से?

नई दिल्ली (ए)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जब 23 जुलाई को केंद्रीय बजट पेश करेंगी, तो रक्षा बजट पर सभी की नजरें रहेंगी। खासकर, यह देखते हुए कि चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसियों ने अपने डिफेंस बजट में बड़ा इजाफा किया है, जिनके साथ भारत का तनाव जगजाहिर है। हालांकि, इस बात की संभावना कम है कि वित्त मंत्री डिफेंस सेक्टर को कोई बहुत बड़ी सौगात देंगी, फिर भी रक्षा बजट में ठीक-ठाक बढ़ोतरी की गुंजाइश से इनकार नहीं किया जा सकता।

क्या पर्याप्त है मौजूदा रक्षा खर्च?

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 में भारत का रक्षा बजट दुनियाभर चौथा सबसे बड़ा था। इसे बेशक आप अच्छा कह सकते हैं। लेकिन, अगर आप संदर्भ को थोड़ा बदलेंगे, तो पता चलेगा कि यह चीन के रक्षा बजट से एक-तिहाई कम है। इसका मतलब कि भारत का मौजूदा डिफेंस बजट अपर्याप्त है।

चीन ने दोगुना किया रक्षा बजट

चीन में आर्थिक सुस्ती है। इसके बावजूद उसने 2015 से अपने रक्षा बजट को दोगुना कर दिया है। मोदी ने सरकार इस साल अंतरिम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए करीब 75 अरब डॉलर आवंटित किए थे। वहीं, 2024 में चीन का डिफेंस बजट करीब 231 खरब डॉलर हो जाएगा। पाकिस्तान ने भी इस साल अपने रक्षा बजट को 15 फीसदी बढ़ाया है, वो भी आर्थिक बदहाली के बावजूद। यही वजह है कि एक्सपर्ट जोर दे रहे हैं कि भारत को अभी रक्षा बजट पर खास फोकस करने की जरूरत है।

रक्षा बजट में कहां बढ़े खर्च?

अभी डिफेंस सेक्टर को मिलने वाले बजट का एक बड़ा हिस्सा वेतन और पेंशन देने में चला जाता है। इसका मतलब है कि हथियार खरीदने और दूसरी अहम जरूरतों के लिए काफी कम पैसे बचते हैं।

सरकार को डिफेंस इनोवेशन के लिए खर्च बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि तभी देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकता है।

भारत में रक्षा अनुसंधान का काम डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) देखती है। लेकिन, अंतरिम बजट में डीआरडीओ का बजट सिर्फ 540 करोड़ रुपये बढ़ाया गया। इस आवंटन को और बेहतर करने की जरूरत है।

रक्षा बजट बढ़ाने की जरूरत क्यों?

दक्षिण चीन सागर के तटीय इलाकों में चीन की हरकतें उकसाने वाली हैं। यह वैश्विक संघर्ष को भी जन्म दे सकती हैं। पाकिस्तान के साथ भी भारत का विवाद लगातार जारी है। ऐसे में एलएसी और एलओसी पर भारत के लिए अपनी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए चुनौतियां खड़ी रहती हैं। इसलिए रक्षा बजट को बढ़ाने की जरूरत है।

कहां रहेगा वित्त मंत्री का फोकस?

केंद्र सरकार की नीतियां मेड इन इंडिया यानी स्वदेशीकरण के इर्द-गिर्द घूम रही हैं। ऐसे में उम्मीद है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट में घरेलू उत्पादन में तेजी, स्वदेशीकरण और निर्यात से लेकर सीमा पर बुनियादी ढांचे के विकास जैसी उपलब्धियों पर ध्यान केंद्रित करेंगी। वह इसे और बढ़ाने की दिशा में भी प्रयास कर सकती हैं।

फोनपे के संस्थापक व सीईओ ने कर्नाटक जॉब कोटा बिल पर अपना रुख किया स्पष्ट

बेंगलुरु । फोनपे के संस्थापक और सीईओ समीर निगम ने कर्नाटक के ड्राफ्ट जॉब रिजर्वेशन बिल के बारे में अपनी टिप्पणी को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनका इरादा कभी भी राज्य या यहां के लोगों का अपमान करने का नहीं था। एक बयान में, निगम ने कहा कि अगर उनकी टिप्पणियों से किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचा है, तो मुझे खेद है और मैं बिना शर्त माफी मांगता हूं।

उन्होंने कहा कि कन्नड़ और अन्य सभी भारतीय भाषाओं के प्रति उनके मन में सम्मान है। निगम ने कहा, मेरा मानना है कि भाषाई विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एक राष्ट्रीय संपत्ति है, इस पर सभी भारतीयों को गर्व होना चाहिए और सभी भारतीयों को स्थानीय और सांस्कृतिक मानदंडों का सम्मान करना और जश्न मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फोनपे का जन्म बेंगलुरु में हुआ था। सीईओ ने जोर देकर कहा, ÷बेंगलुरु से, पिछले एक दशक में, हमने पूरे भारत में विस्तार किया है और 55 करोड़ से अधिक भारतीयों को सुरक्षित और कुशल डिजिटल भुगतान सेवा देने में सक्षम हुए हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी कर्नाटक की सरकार और स्थानीय कन्नड़ लोगों द्वारा दिए गए सहायक कारोबारी माहौल के लिए आभारी है।

उन्होंने कहा, बेंगलुरु के भारतीय स्टार्टअप गूगल, एप्पल, अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट जैसी ट्रिलियन डॉलर की कंपनियों से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। ऐसा करने के लिए, इन कंपनियों को भारत में उपलब्ध सबसे बेहतरीन प्रतिभाओं को उनके प्रौद्योगिकी कौशल और कोडिंग, डिजाइन, उत्पाद प्रबंधन, डेटा विज्ञान, मशीन लर्निंग, एआई और उससे आगे जैसे क्षेत्रों में दक्षता के आधार पर रोजगार देने में सक्षम होना चाहिए। निगम ने कहा कि वह बेंगलुरु और कर्नाटक के लिए लाखों नौकरियों के सृजन में मदद करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, और, मेरा मानना है कि अधिक संवाद और चर्चा के साथ, हम अधिक स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करने के तरीके खोज सकते हैं।

बजट से पहले विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजार में निवेश किए 44,344 करोड़ रुपये

मुंबई (ए) । विदेशी संस्थागत निवेशक (एफपीआई) भारतीय शेयर बाजार में लगातार निवेश कर रहे हैं। इस महीने की शुरुआत से (19 जुलाई तक) करीब 44,344 करोड़ रुपये का निवेश एफपीआई द्वारा इक्विटी और डेब्ट में किया जा चुका है।

बाजार के जानकारों का मानना है कि एफपीआई नियमित तौर पर खरीदारी कर रहे हैं और हाल के समय में इस ट्रेंड में बढ़ोतरी देखने को मिली है। एफपीआई की ओर से इक्विटी में 30,771 करोड़ रुपये और डेब्ट में 13,573 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। विदेशी निवेशकों की ओर से खरीदारी ऑटो, कैपिटल गुड्स, हेल्थकेयर, आईटी, टेलीकॉम और ऑयल एंड गैस शेयरों में की गई है।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार का कहना है कि इस ट्रेंड में एक चौंकाने वाली बात यह है कि फाइनेंसियल सर्विसेज शेयरों में खरीदारी न के बराबर देखने को मिल रही है। इसी कारण से जुलाई में अब तक फाइनेंसियल शेयरों का प्रदर्शन खराब रहा है। हाल में डॉलर और बॉन्ड यील्ड में आई गिरावट इस बात की ओर इशारा कर रही है कि एफपीआई की खरीदारी जारी रहेगी।

एक्सपर्ट्स ने कहा कि घरेलू और विदेशी निवेशकों की निगाहें 23 जुलाई को आने वाले बजट पर है। अगर इसमें कैपिटल गेन टैक्स को लेकर कुछ राहत दी जाती है तो यह बाजार के लिए काफी अच्छा होगा। वित्त वर्ष 24 में इक्विटी और डेब्ट में कुल 2,82,338 करोड़ रुपये का पूंजी प्रवाह आया है। विदेशी पूंजी प्रवाह में बढ़ोतरी की वजह कैपिटल मार्केट में सकारात्मक माहौल और केंद्र सरकार की ओर से सुधार को आगे बढ़ाने को लेकर दी गई गारंटी है। फिलहाल सभी की निगाहें प्रस्तावित बजट पर है। जहां भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए कई नए सुधारों के ऐलान की उम्मीद की जा रही है।

मोदी 3.0 के पहले आम बजट से लोगों की क्या हैं अपेक्षाएं

सोलन (हिमाचल प्रदेश) । संसद में मंगलवार को आम बजट पेश किया जाएगा। देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट है। आने वाले बजट पर पूरे देश की नजरें हैं। हिमाचल प्रदेश के सोलन शहर के कुछ निवासियों ने इस बजट को लेकर अपनी उम्मीदें जाहिर की हैं।

बजट को लेकर खिलाड़ी सेजल ने कहा कि सरकार जो बजट बना रही है, उसमें खिलाड़ियों के लिए वित्तीय प्रावधान होना चाहिए। कुछ प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी आर्थिक समस्याओं के कारण खेलों का खर्च नहीं उठा पाते हैं। इस वजह से बहुत सारी प्रतिभाएं छूट जाती हैं। इसलिए खिलाड़ियों के लिए वित्तीय प्रावधान जरूरी है और खिलाड़ियों के जीतने पर नौकरी का प्रावधान भी होना चाहिए। शहरवासी मुकेश शर्मा ने कहा कि आम लोगों के लिए वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में भारी वृद्धि को कम किया जाना चाहिए। ब्याज दर भी बहुत अधिक है। टैक्स स्लैब में नरमी होनी चाहिए। इससे करदाता को राहत मिलेगी। देश में बेरोजगारी दर बढ़ी है, इसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर और रोजगार के लिए फंड बनाया जाना चाहिए। मनीष साहनी ने कहा कि देश में जिस तेजी से महंगाई बढ़ रही है, उसके हिसाब से टैक्स में कोई राहत नहीं दी गई है। वेतनभोगी लोगों को टैक्स में छूट मिलनी चाहिए। इस समय देश में नौकरियां बहुत कम हैं। इसके लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) के तहत देश में कई जगह फैक्ट्रियां लगाई जानी चाहिए ताकि नौकरियां पैदा हों।

देश में रिसर्च सेंटर के लिए फंड लाया जाना चाहिए, तभी कहीं जाकर देश आगे बढ़ेगा। मुकेश गुप्ता ने कहा कि 65 वर्ष की आयु के बाद वेतनभोगी लोगों को उनके द्वारा चुकाए गए आयकर के अनुसार पेंशन मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को पर्यावरण को बचाने और प्रदूषण को कम करने के लिए प्रावधान में अधिक धनराशि उपलब्ध करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जीएसटी को सरल बनाना और उनमें बदलाव करना जरूरी है।

वहीं एक व्यापारी ने कहा कि व्यापारी सरकार को आयकर और जीएसटी देते हैं। व्यापारियों के लिए एक निश्चित आयु के बाद पेंशन या बीमा योजना शुरू की जानी चाहिए, ताकि व्यापारी बुढ़ापे में गुजारा कर सकें।

वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही - वित्तीय परिणाम के मुख्य बिंदु

रायपुर/नवप्रदेश। कारोबार वृद्धि - कुल कारोबार वर्ष-दर-वर्ष 11.46 प्रतिशत बढ़कर रुपये 461408 करोड़ हो गया, जिसमें सकल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष 17.64 प्रतिशत बढ़कर रुपये 193253 करोड़ तथा कुल जमा वर्ष-दर-वर्ष 7.39 प्रतिशत बढ़कर रुपये 268155 करोड़ हो गया।

बेहतर लाभप्रदता एवं प्रतिफल - 30.06.2024 को समाप्त तिमाही के लिए निवल लाभ 551 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि के लिए यह 223 करोड़ रुपये था, जो कि वर्ष -दर-वर्ष 147.09 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 30.06.2024 को समाप्त तिमाही के लिए परिचालन लाभ 1321 करोड़ रुपये रहा, जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 9.81 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई (आरएएम) क्षेत्रों में अग्रिम - बैंक का आरएएम संविभाग वर्ष-दर-वर्ष 18.65 प्रतिशत बढ़कर रुपये 101986 करोड़ हो गया, जिसमें रिटेल अग्रिम ने 21.84 प्रतिशत, कृषि अग्रिम ने 19.64 प्रतिशत तथा एमएसएमई अग्रिम ने 14.04 प्रतिशत की वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर्ज की।

एनपीए में कमी- 30.06.2024 को सकल एनपीए वर्ष-दर-वर्ष 116 बीपीएस घटकर 3.32% हो गया जबकि 30.06.2024 को निवल एनपीए वर्ष-दर-वर्ष 40 बीपीएस घटकर 0.78 प्रतिशत हो गया।

सुदृढ़ पूँजी पर्याप्तता अनुपात- 30.06.2024 को पूँजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) वर्ष-दर-वर्ष 24 बीपीएस बढ़कर 17.09 प्रतिशत हो गया जबकि 30.06.2024 को पूँजी पर्याप्तता अनुपात टियर-1 वर्ष-दर-वर्ष 59 बीपीएस बढ़कर 14.75 प्रतिशत हो गया।

ऋण - जमा अनुपात - वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 636 बीपीएस की वृद्धि दर्ज करते हुए 72.07 प्रतिशत हो गया।

कारोबार की मुख्य विशेषताएं: कुल कारोबार वर्ष-दर-वर्ष 11.46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 30.06.2023 के 413972 करोड़ रुपये से बढ़कर 30.06.2024 को 461408 करोड़ रुपये हो गया।

कुल जमा वर्ष-दर-वर्ष 7.39 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करते हुए 30.06.2023 के 249694 करोड़ रुपये से बढ़कर 30.06.2024 को 268155 करोड़ रुपये हो गया।

सकल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष 17.64 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 30.06.2023 के 164278 करोड़ रुपये से बढ़कर 30.06.2024 को 193253 करोड़ रुपये हो गया।

रैम (रिटेल, कृषि तथा एमएसएमई) व्यवसाय वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 18.65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 30.06.2023 के 85952 करोड़ रुपये से बढ़कर 30.06.2024 को 101986 करोड़ रुपये हो गया।

रिटेल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष 21.84 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 30.06.2023 के रुपये 35280 करोड़ से बढ़कर 30.06.2024 को रुपये 42985 करोड़ हो गया, जो आवास ऋण एवं वाहन ऋण पोर्टफोलियो में क्रमशः 20.37 प्रतिशत तथा 33.33 प्रतिशत के वर्ष-दर-वर्ष आधार पर दर्ज वृद्धि से संभव हुआ। कृषि अग्रिम में वर्ष दर वर्ष 19.64 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 30.06.2023 के रुपये 21690 करोड़ से बढ़कर 30.06.2024 को रुपये 25950 करोड़ हो गया। एमएसएमई क्षेत्र ने वर्ष-दर-वर्ष 14.04 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 30.06.2023 के रुपये 28982 करोड़ से बढ़कर 30.06.2024 को 33051 करोड़ रुपये हो गया।

कीमतें बढ़ने से बाजार में धड़ल्ले से बिक रहा सब स्टैंडर्ड काजू

■ **बाजार में 900 से 1600 रुपए प्रति किलो तक बेचा जा रहा**

जयपुर । काजू की कीमतों में निरंतर बढ़ोतरी के चलते काजू एवं काजू टुकड़ी में हल्के काजू की मिलावट या यूं कहें कि सब स्टैंडर्ड काजू बाजार में ज्यादा देखने को मिल रहा है। काजू में आ रही तेजी के कारण ही इसकी गुणवत्ता में कमी आई है। इन दिनों बाजार में बिकने वाले काजू में ऑयल पीस, लाल दाने तथा बड़े के साथ छोटे पीस की मिलावट देखने में आ रही है। ज्यादा मुनाफावसूली के चक्कर में हल्के काजू की बिक्री हो रही है। सूत्रों का कहना है कि काजू के भाव ऊंचे होने से कुछ व्यापारी बाजार में सब स्टैंडर्ड काजू बेच रहे हैं। इससे कस्टमर को सावधान रहने की जरूरत है। शादी, विवाह, तीज एवं त्योहारों में इन दिनों काजू टुकड़ी इस्तेमाल ज्यादा होता है, लिहाजा हमें सावधानी बरतनी चाहिए। काजू के भाव वर्तमान में 900 से 1600 रुपए प्रति किलो तक बोले जा रहे हैं।

कैसे होती काजू की प्रोसेसिंग

काजू एक ऐसा नट है जो सेवनुमा फल की नीचे की ओर लगा हुआ होता है। कच्चे काजू में बाहरी मोटी एवं मांसल परत होती है। इस बाहरी खोल के अंदर ऑयल होता है। सबसे अंदर स्थित काजू और इस ऑयल के बीच में एक पतली झिल्लीनुमा परत भी होती है, जो काजू को इस झिल्ली से बाहर स्थित ऑयल से मिलने से बचाती है। यदि काजू की प्रोसेसिंग के दौरान ये ऑयल काजू से मिल जाता है तो काजू कड़वा और सही मायनों में जहरीला हो जाता है। यहां पर यह समझना जरूरी है कि बाहरी खोल में स्थित ऑयल खाने योग्य नहीं होता।

न्यूज गैलरी

मवेशियों को लगाया जा रहा रेडियम बेल्ट

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एस. पी. सिंह के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय एवं राजकीय राजमार्ग में मवेशियों को दुर्घटना से बचाने हेतु रेडियम बेल्ट लगाया जा रहा है। साथ ही जिले के सभी राजमार्गो में मवेशियों के जमावड़े को रोकने हेतु ग्रामीणों की बैठक लेकर मवेशियों के राजमार्गों में जमावड़े को रोकने की दिशा में सकारात्मक प्रयास करने एवं पंचायत स्तर पर ही पशुओं के व्यवस्थापन हेतु समझाईश दी जा रही है।

नकली सोने को बेचा, ठगी का मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। मालवीय रोड स्थित सुमीत वेलर्स में एक महिला ने नकली सोने के चेन को असली बताकर बेचकर 1 लाख 11908 रुपए का असली सोने का लॉकेट खरीद लिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।प्रार्थी पंकज काकरिया 46 वर्ष एसबीआई जोनल ऑफिस के पास बैरनबाजार का रहने वाला है। प्रार्थी मालवीय रोड में सुमीत वलेर्स नाम से दुकान चलाता है। बताया जाता है कि प्रार्थी के वेलर्स दुकान में आरोपिया पुजा गुप्ता आई और नकली सोने की चेन को असली बताकर बेच दिया और उसके बदले 111908 रुपए का असली सोने का लॉकेट खरीदकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से नकदी सहित सामान पार

रायपुर/नवप्रदेश। सन सिटी सर्वोदय कालोनी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 15 हजार सहित एलईडी टीवी और टेबलेट पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत आमानाका पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी जाबीर खान सन सिटी सर्वोदय कालोनी का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 15 हजार नकदी सहित एलईडी टीवी और टेबलेट पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम छतौना चौक के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मृतक दिलीप सोनवानी 45 वर्ष श्रीराम नगर मंदिरहसौद का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम छतौना चौक के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेडी 2888 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे दिलीप सोनवानी की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

11 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। उरला एवं गंज थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में जुआ खेलते 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 27050 रुपए जब्त किया है। उरला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सतनाम भवन के सामने सरोरा में जुआ खेलते आरोपी राजू साहू 2३ वर्ष सहित अन्य 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 15500 रुपए जब्त किया है। वहीं गंज थाना पुलिस ने चुनाभट्टी डबरापारा के पास जुआ खेलते आरोपी विनोद वर्मा &5 वर्ष सहित अन्य ३ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 11550 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते 14 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडिय़ों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। देवेन्द्र नगर पुलिस ने पंडरी मेन रोड में सरेआम शराब पीते आरोपी सोनु वर्मा 25 वर्ष एवं गुढिय़ारी पुलिस ने आरोपी रूचि शर्मा 47 वर्ष, संदीप भारती 28 वर्ष, मानिक नायक ३4 वर्ष, वेद प्रकाश साहू३1 वर्ष व अंकुश मार्चकोले ३5 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती ने आरोपी गोपी साहू 26 वर्ष, राहुल यादव 28 वर्ष, मनीराम पटेल 27 वर्ष व मनीष सोनी 44 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं माना कैंप पुलिस ने आरोपी टेमन लाल जांगडे 25 वर्ष, कुंज लाल जांगडे ३9 वर्ष व दिलीप कुमार बंदे ३2 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी अभिसार 45 वर्ष व धरसींवा पुलिस ने आरोपी भूपेन्द्र पटेल को गिरफ्तार किया है।

विपक्ष की ओर से भूपेश बघेल ने लाया स्थगन प्रस्ताव

सदन गर्म विपक्ष, गृभगृह में जाकर निलंबित, सदन में जोरदार हंगामा

रायपुर। बलौदाबाजार हिंसा मामले पर सदन में हंगामा हुआ। विपक्ष की ओर से भूपेश बघेल ने लाया स्थगन प्रस्ताव। स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यता पर चर्चा के दौरान पक्ष-विपक्ष में तीखी नोक-झोंक हुई। गृहमंत्री विजय शर्मा के जवाब से हुआ विपक्ष असंतुष्ट हुआ। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह ने स्थगन को अग्राह्य किया। स्थगन अग्राह्य होने के बाद विपक्ष ने जोरदार नारेबाजी की । विपक्ष की नारेबाजी और हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही भोजनावकाश दोपहर 3 बजे तक के लिए स्थगित। सभा पुनः समवेत होने पर हंगामा करते हुए गृभगृह में प्रवेश कर विपक्ष के सदस्य स्वयं निलंबित हो गए। चर्चा के दौरान नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ की आस्था, प्रतीक को तोडऩे का काम किया है। प्रदेश की समरसता और भाईचारा को खत्म करने का षडयंत्र हुआ है। राज्य की शांति भंग हुई है। हिंसा का वातावरण बना है। समाज को बांटने का काम हुआ है। मेरी जानकारी के मुताबिक कई संगठनों से अब तक 168 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। हम सदन के माध्यम से यह जानना चाहते हैं कि कौन ऐसे लोग हैं जो छत्तीसगढ़ की सद्भावना को मिटाना चाहते हैं। हम इस पर चर्चा की मांग करते हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि बलौबाजार की कंपोज़िट बिल्डिंग में आगजनी की गई। सतनामी समाज के जैतखंभ को नुक़सान पहुंचाने से विवाद शुरू हुआ। सतनामी समाज के आक्रोश के बाद एफआईआर दर्ज की गई। बिहार के तीन मज़दूरों को गिरफ्तार किया गया। समाज में आक्रोश बढ़ता गया। समाज ने कहा कि कोई व्यक्ति सिफऱ् मज़दूरी नहीं मिलने से जैतखम्भ को नुक़सान नहीं पहुंचा सकता। समाज ने सीबीआई जांच की मांग की। समाज ने आंदोलन की अनुमति मांगी थी। राज्य के बाहर से भी लोग आये। नागपुर से भी लोग पहुंचे। दस हज़ार से ज़्यादा लोग जुटे थे। एसपी-आईजी, कलेक्टर कोई मौजूद नहीं था। सभा स्थल पर ज्ञापन लेने कोई अधिकारी नहीं आया। एसपी-कलेक्टर की भूमिका संदेहास्पद है। भोजन और टेंट की व्यवस्था कलेक्टर ने की थी। 15 मई से 10 जून तक का वक्त बड़ा होता है। समाज के आक्रोश को कम किया जा सकता था। देश के इतिहास में कभी कलेक्टर कार्यालय में आगजऩी नहीं हुई। ये घटना एक धब्बा है। सफेद कपड़ा पहने लोगों को पुलिस ने उठाया। दुर्भावना में पुलिस काम कर रही है। भाजपा विधायक मोतीलाल साहू का भतीजा भी सिफऱ् इसलिए पीटा गया क्योंकि उसने सफेद कपड़ा पहना था।

कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने कहा कि शैलेंद्र बंजारे नाम के युवा को पुलिस ने उठाया। वह घटना स्थल पर मौजूद ही नहीं था। फिर भी उसे हिरासत में लिया गया। इसी तरह हिरासत में लेने दीपक मीरी के घर पुलिस पहुंची। जबकि तीन महीने पहले ही उसकी मृत्यु हो चुकी थी। भाजपा ने षड्यंत्रपूर्वक लोगों को हिरासत में लिया है।

कांग्रेस विधायक कविता प्राणलहरे, पूर्व मंत्री अनिल भेडिय़ा ,द्वारिकाधीश यादव,ने भी अपनी बात रखी।पूर्व मंत्री कवासी लखमा, ने कहा हम नारा लगाते हैं कि सबले बढिय़ा छत्तीसगढिय़ा लेकिन बलौदाबाज़ार का कलेक्टर ऑफिस भी सुरक्षित नहीं। मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए।

गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह कहना गलत कि अमरगुफा घटना पर कार्यवाही नही हुई। यह भी कहना गलत कि ज्ञापन लेने अधिकारी मौजूद नही थे। 40 पुलिस कर्मचारी घायल हुए, 14 केस दर्ज हुए हैं। गृहमंत्री के वक्तव्य के बाद विस अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह ने स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य कर दिया।असंतुष्ट विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दिया गृभ गृह में प्रवेश किया। निलंबन की घोषणा के बाद भी विपक्ष सदन से बाहर नही गया।नारे बाजी चलती रही। मुख्यमंत्री व गृहमंत्री से इस्तीफा की मांग करता रहा।

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया। उन्होंने कहा कि इसी सदन में खाद्य विभाग के सवाल को न्यायालय में लंबित होने के आधार पर नहीं सुना गया था। बलौदाबाजार की घटना पर न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया है। ऐसे में इस मामले को सदन में उठाये जाने पर आसंदी अपनी व्यवस्था दे। भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि न्यायिक जांच आयोग का जांच का दायरा काफ़ी विस्तृत होता है। भूपेश बघेल ने कहा, नियमों में यह स्पष्ट है कि अध्यक्ष अपने विवेक से अनुमति दे सकते हैं। अध्यक्ष की अनुमति से न्यायालय में प्रक्रियाधीन विषय पर चर्चा की जा सकती है। अध्यक्ष ने चर्चा जारी रखी।

कांग्रेस कल करेगी विधानसभा घेराव, 5 लेयर में बैरिकेटिंग से अभी जाम के हालात

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस 24 जुलाई को विधानसभा का घेराव करने वाली है। इसे लेकर पुलिस प्रशासन ने सोमवार से ही तैयारियां शुरू कर दी है। 2 दिन पहले से ही विधानसभा जाने वाले रास्तों पर बैरिकेडिंग की जा रही है। जिससे ट्रैफिक व्यवस्थाएं भी प्रभावित हो रही हैं। शहर की कई प्रमुख मार्गों पर लोगों को घंटों ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ रहा है। एक एंबुलेंस भी कुछ समय के लिए ट्रैफिक में फंसी रही। जिसे बाद में किसी तरह उसे आगे रास्ता मिला।

5 लेयर की होगी बैरिकेडिंग : पांच लेयर की बैरिकेडिंग विधानसभा के प्रमुख मार्गों पर की जा रही है। संभावना है कि हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता राजधानी रायपुर पहुंचेंगे। ऐसे में पुलिस प्रशासन अपनी पूरी तैयारी दुरुस्त कर रही है। जिससे कोई भी अप्रिय घटना ना हो सके।

24 जुलाई को विधानसभा घेराव करेगी कांग्रेस

बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में कांग्रेस 24 जुलाई को ?विधानसभा का घेराव करेगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि, बलात्कार, लूट, चाकूबाजी, चैनस्नेचिंग, गुंडागर्दी की खबरों से अखबार भरा पड़ा है। गैंगवार हो रहे हैं, दिनदहाड़े गोलियां चल रही है।

विधानसभा घेराव : आकाश तिवारी ने बनाया रिक्शा, पीसीसी चीफ बैज ने दिखाई हरी झंडी

आंदोलन को सफल बनने बैज ने की अपील

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने एमआईसी सदस्य और पार्षद आकाश तिवारी की तरफ से बनाए गए रिक्शे को हरी झंडी दिखाई। रायपुर शहर में लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से विधानसभा घेराव के आंदोलन को सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर कांग्रेस के कई प्रमुख नेता भी उपस्थित थे। आंदोलन के महत्व पर जोर देते हुए नेताओं ने कहा कि, इस आंदोलन का उद्देश्य जनता की आवाज को बुलंद करना और सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ विरोध जताना है। इसके माध्यम से जनता की समस्याओं को उजागर किया जाएगा। उनके समाधान के लिए सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। इस दौरान विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, मलकीत सिंह, गिरीश दूबे, महेंद्र छाबड़ा, कनैया अग्रवाल, दीपक मिश्रा, मिलिंद गौतम, और राकेश धोतरे शामिल थे। सभी नेताओं ने एकजुट होकर जनता से आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

कोमल साहू की मौत का मामला सदन में गूंजा

सत्ता पक्ष के 2 विधायक और गृहमंत्री आमने-सामने

रायपुर/नवप्रदेश। कवर्धा जिले के बिरकोना गांव में कोमल साहू नमक किसान की मौत के मामले में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और भावना बोहरा ध्यानाकर्षण लेकर आए।

नारेबाजी के बीच प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा और भाजपा विधायक अजय चंद्राकर के बीच तीखी बहस हुई। विपक्ष के नारेबाजी और डिप्टी सीएम और भाजपा के वरिष्ठ विधायक के बीच तीखी बहस के बीच सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। बिरकोना में किसान की मौत के मामले में अजय चंद्राकर और भावना बोहरा ने ध्यानाकर्षण लाते हुए सवाल किया कि किसान कोमल साहू ने आत्महत्या की या उसकी हत्या कर दी गई इस बात से अब तक पर्दा नहीं उठ पाया है। क्योंकि मृतक कोमल साहू के शरीर में चोंट के निशान पाए गए थे जिसकी जांच पिपरिया पुलिस ढंग से नहीं कर पाई है जिसके चलते मृतक के परिजनों को न्याय नहीं मिल पाया है। मौत के कारण का पीएम रिपोर्ट में भी जिक्र नहीं है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से तीखे बहस के बीच भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने पिपरिया थाना स्टाफ को हटाने की मांग कर रहे थे जिसे गृहमंत्री शर्मा ने अस्वीकार कर दिया। इसके साथ ही आसंदी ने सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

बलौदाबाजार ASP के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे विधायक देवेंद्र

कहा-मेरे स्टाफ को डरा धमका रहे अधिकारी, सरकारें आती जाती रहती हैं, इतना अति उत्साहित मत होइए

रायपुर/बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार के एडिशनल एसपी अभिषेक सिंह के खिलाफ भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव हाईकोर्ट जाने की तैयारी में हैं। देवेंद्र यादव ने कहा कि पुलिस को मैंने ये जानकारी दी थी कि मैं 17 तारीख की फ्लाइट से बाहर जा रहा हूं, 22 तारीख को आऊंगा, उसके बाद आप जिस तरह से चाहे चर्चा सकते हैं। देवेंद्र ने कहा कि इस मामले में मैं उच्च न्यायालय भी गया हूं, इसकी जानकारी भी पुलिस को दी गई है। भारतीय जनता पार्टी इस पूरे प्रकरण में पूरे प्रशासन को अपनी दिशा में कंट्रोल कर रही है। साथ ही कहा कि सरकारें आती जाती रहती हैं, इतना अति उत्साहित मत होइए। देवेंद्र यादव ने कहा कि पुलिस बीजेपी के इशारे पर किस अधिकार से मेरे घर आई ? किस अधिकार से एडिशनल एसपी मेरे घर पर मेरे स्टाफ को डरा रहे हैं? धमका रहे हैं? शासकीय दस्तावेज है कि मैं 22 तारीख को आऊंगा। 21 तारीख को वह पंचनामा करके क्या साबित करना चाहते हैं। देवेंद्र यादव ने कहा कि मैं पुलिस प्रशासन के एडिशनल एसपी के खिलाफ उच्च न्यायालय जाऊंगा और अपनी बात रखूंगा। पुलिस के पास सारी जानकारी थी कि मैं 22 को आऊंगा तो वह मुझे बताएं कि 21 तारीख को वह मेरे घर लोगों को डराने धमकाने क्यों गए? क्यों डरा रहे हैं।

रायपुर के खारुन नदी में डूबा 14 साल का बच्चाः सुबह से SDRF कर रही तलाश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में लगातार तेज बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। रायपुर के सात पखार एनीकेट में पैर फिसलने से सनी नेताम (14) खारुन नदी में गिर गया। पानी के तेज बहाव में वो बह गया। जिसकी तलाश की जा रही है। भाठागांव से अपने दोस्तों के साथ घूमने निकला था। घटना मुजगहन थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, सनी नेताम रविवार की सुबह 12 बजे नदी के तेज बहाव में बह गया। पुलिस को इसकी जानकारी शाम को मिली। स्थ्ठक्रस्न की टीम सोमवार सुबह से ही बच्चे की तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक उसका पता नहीं चल सका है।

तेज बहाव के कारण हो रही परेशानी

पुलिस ने बताया कि, सनी नेताम अपने दोस्तों के साथ एनिकेट आया था। पिछले 24 घंटे से उसका कोई पता नहीं चल पाया है। पुलिस की टीम भी मौके पर है। स्थ्ठक्रस्न की टीम के साथ खोताखोर बच्चे का पता लगा रहे हैं। लेकिन अब तक उसका पता नहीं चल सका है। तेज बहाव और शाम होने के कारण रेस्क्यू रोक दिया गया है। मंगलवार सुबह फिर से तलाश शुरू की जाएगी।

खारुन नदी में बढ़ा जल स्तर

पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से खारुन नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटे के दौरान नदी में जल स्तर 8 से 10 फीट बढ़ गया है। तेज बहाव के कारण पानी में गंदगी और जलकुंभी की मात्रा भी अधिक है।

पहले भी हो चुका है हादसा

साल 2022 में सात पखार एनिकेट घूमने टीनएजर्स का ग्रुप गया था। सभी दोस्त वहां नहा रहे थे, तभी 2 दोस्त डूब गए। लंबे रेस्क्यू के बाद स्थ्ठक्रस्न की टीम को दोनों नाबालिग की लाश मिली थी। हर साल खारुन नदी में पानी में डूबने की घटनाएं होती है।

चावल शक्कर बिक्री में गड़बड़ी तीन साल से नहीं हुई चेकिंग

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के कोटा स्थित राशन दुकान 441001007 सिद्धि पीठ खल्लारी महिला स्वसहायता समूह में तीन साल पहले चावल व शक्कर वितरण में गड़बड़ी किए जाने की शिकायत मिली थी, जिस पर खाद्य विभाग ने जांच टीम बनाई थी, लेकिन टीम जब जांच करने दुकान पहुंची, तो उसके संचालक ने अधिकारियों के साथ गाली-गलौज कर हिंसा का रवैया अपनाया। इसके कारण जांच किए बिना ही टीम लौट आई थी। इस घटना के बाद अधिकारियों ने दुकान संचालक के खिलाफ विभाग के संचालक से भी शिकायत की थी, लेकिन इस शिकायत के बाद न ही दुकानदार के खिलाफ कोई एक्शन लिया गया और न ही खाद्यान्न गड़बड़ी की जांच की गई। इधर माहभर पूर्व जिला खाद्य नियंत्रक का पदभार संभालने के बाद भूपेंद्र मिश्रा के संज्ञान में जब यह मामला आया, तो उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी अपर कलेक्टर को दी। इसके बाद अपर कलेक्टर ने विभाग के संचालक को पत्र लिखकर इससे संबंधित फाइल प्रशासन को उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। फाइल आने के बाद इस मामले में आगे कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य विभाग के अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर ने इस मामले में खाद्य विभाग के संचालक को 5 जुलाई को पत्र लिखा है, जिसमें जांच टीम की कार्रवाई और अधिकारियों के बयान की रिपोर्ट प्रशासन को उपलब्ध कराने की मांग की गई है। जांच टीम की इस रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन अब इस मामले में आगे की कार्रवाई करेगा। राशन दुकान संचालक मधुसूदन मिश्रा के खिलाफ जनवरी 2022 में जिला खाद्य विभाग के पास शिकायत आई थी। इस शिकायत में एपीएल चावल की कालाबाजारी, केरोसिन वितरण नहीं करने, प्रधानमंत्री कल्याण कोष का चावल कम वितरण करने, शक्कर 20 प्रति किलो में कार्डधारियों को देने आदि शिकायत की गई थी। इस शिकायत पर फरवरी 2022 में जांच टीम गठित की गई थी। इस टीम में पहले संयुक्त संचालक दयामणि मिंज, सहायक संचालक सीमा अग्रवाल, सचिन मरकाम व प्रतिभा राठिया को शामिल किया गया था। इनमें दयामणि मिंज, प्रतिभा राठिया का स्थानांतरण होने के कारण उनकी जगह अपर संचालक जीएस पैकरा, व खाद्य निरीक्षक आस्था गौतम को शामिल किया गया था।

शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने पर FIR दर्ज कराने के दिए गए

जांच टीम के अधिकारियों के साथ दुकान संचालक द्वारा गाली-गलौज कर हिंसा का रवैया अपनाया गया था। इसके कारण जांच किए बिना ही टीम लौट आई थी। इस मामले की शिकायत पर विभाग की ओर से निर्देश जारी किए गए थे कि दुकान संचालक पर शासकीय कार्य में बांधा पहुंचाने पर एफआईआर दर्ज कराई जाए, लेकिन जिला विभाग के कुछ अधिकारियों ने दुकान संचालक को बचाने के लिए न ही एफआईआर कराई और न ही जांच होने दी। इसके बाद से इस मामले की फाइल डंप पड़ी हुई है।

श्रेय लेने की होड़ में हैं मेयर ढेबरः मीनल

रायपुर/नवप्रदेश। तात्यपारा चौक सड़क चौड़ीकरण मामले में निगम में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने महापौर एजाज ढेबर पर राजनीति करने का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण हमारी मांग थी, अब महापौर श्रेय लेने की होड़ में हैं. कभी राज्यपाल, कभी मुख्यमंत्री तो कभी मंत्री के पास जा रहे हैं, वह सिर्फ राजनीति कर रहे हैं. रायपुर शहर की जनता सब चीजों को अच्छे से समझती है। रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस सरकार थी, तब महापौर शांत बैठे थे।

अपनी सरकार में वह कुछ नहीं कर पाए, जैसे ही सत्ता पलटी राजनीति के तहत चौड़ीकरण की मांग कर रहे हैं. हम महापौर से आग्रह करते हैं कि वह इस प्रकार की ओछी राजनीति न करें। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का हमेशा विजन रहा है कि हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे. यह किंतु-परंतु का विषय नहीं है. आने वाले समय में रोड का चौड़ीकरण करेंगे. जो भी प्रभावित लोग हैं, उनको उचित मुआवजा भी दिया जाएगा। वहीं राजधानी में खान-पान के स्थानों पर छापेमारी पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मौसमी बीमारियां सिर पर हैं, लोगों की बहुत सारी शिकायत आ रही हैं. खाद्य सेंटर में, जहां लोग रोजमर्रा का खाना खाने जाते हैं, वहां पुराने फूड रहते हैं. नगर निगम को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए. वह टीम कार्रवाई कर रही है. हम लोगों ने इस ओर लगातार ध्यान आकर्षित किया है. गंदे भोजन और दूषित जल के कारण शहर में बीमारियां पैर पसार रही है।

आवासीय तीरंदाजी खेल अकादमी के लिए चयनित 40 खिलाड़ियों की सूची जारी

अंतर्राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाज एवं प्रशिक्षकों को विशेष सत्र के लिए आमंत्रित किया जाएगा

रायपुर/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा रायपुर में संचालित आवासीय तीरंदाजी अकादमी के लिए 20 बालक तथा 20 बालिकाओं का चयन किया गया है। राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन दिनांक 25 एवं 26 जून को रायपुर के स्वामी विवेकानन्द स्टेडियम एवं खेल संचालनालय परिसर तीरंदाजी एरिना में सम्पन्न हुआ।

खेल संचालक श्रीमती तनुजा सलाम के निर्देश पर चयन ट्रायल के नोडल अधिकारी चेतन कुमार श्रीवास प्रशासक खेल अकादमी रायपुर के द्वारा चयन ट्रायल सुव्यवस्थित तरीके से कराया गया। चयन समिति में भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र रायपुर तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के (एन.आई.एस.) प्रशिक्षक शामिल रहे। चयनकर्ताओं के द्वारा खिलाड़ियों के फिटनेस से संबंधित मोटर एबिलिटी टेस्ट, मेडिकल टेस्ट, स्पोर्ट्स स्कील टेस्ट एवं मेंटल एबिलिटी टेस्ट लिये गए। निर्धारित मानकों को पूरा करने वाले खिलाड़ियों को ही प्रदर्शन के आधार पर मेरिट क्रमानुसार 13 से 17 वर्ष आयुवर्ग के खिलाड़ियों का चयन किया गया है। प्रदेश भर से आए खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल में भाग लिया, इसमें राज्य के जिले रायपुर से 05 बालिका और 09 बालक, सरगुजा से 07 बालिका, धमतरी से 02 बालक और 04 बालिका, महासमुंद से 05 बालिका और 02 बालक, नारायणपुर से 03 बालक, बिलासपुर से 01 बालक, कोण्डागांव से 01 बालक एवं गरियाबंद जिले से 01 बालिका का चयन किया गया है। इन चयनित खिलाड़ियों को 10 दिवस के भीतर अकादमी में प्रवेश दिया जाएगा। यदि चयनित खिलाड़ी में से कोई प्रवेश लेने में असमर्थ रहता है, तो प्रतीक्षा सूची में से मेरिट के आधार पर प्रवेश देने की कार्यवाही की जाएगी। खेल अकादमी में प्रवेश लेने वाले खिलाड़ियों को खेल अकादमी संचालन नियम-2014 के अंतर्गत निःशुल्क आवास, भोजन, शैक्षणिक सुविधा, परिधान, प्लेइंग किट, दुर्घटना बीमा एवं प्रतियोगिताओं में सहभागिता आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। आवासीय खेल अकादमी के खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए तैयार किया जाएगा। इसके लिए राज्य शासन के द्वारा एन.आई.एस. प्रशिक्षकों की भर्ती की गई है।

कार्यक्रम अधिकारी ने बालक संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्रीमती रेणु प्रकाश द्वारा विगत रात को कोरबा के रिस्दी चौक स्थित बालक संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा बच्चों से केंद्र की सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई।

दैनिक नव प्रदेश
आवश्यक सूचना
दैनिक नवप्रदेश के जिन पाठकों को नवप्रदेश अखबार नहीं मिल रहा है। कृपया निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क या वॉट्सऐप या मेल भी कर सकते है।
9893402169, 9827485202
Navpradesh@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755, 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021